2 फरीदाबाद
महिलाएं ड्रोन का उपयोग खाद छिड़काव में कर सकेंगी : सीएम

6 अभिमत
नेपाल की रणनीतिक स्वायत्तता

9 देश-विदेश
सरकार ने संसद सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई

11 स्पेशल
तेलंगानाः मतदान केंद्र पर ही भिड़े बीजेपी-बीआरएस कार्यकर्ता

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 291
फरीदाबाद, शुक्रवार, 01 दिसंबर, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



भारत की नजरें सीरीज जीतने पर
पेज - 12

# राजस्थान में भाजपा, मप्र और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को बढ़त

## पांच राज्यों का एग्जिट पोल

### तेलंगाना और मिजोरम में हंग असेंबली का अनुमान

**एजेंसी।** भोपाल /जयपुर /रायपुर /हैदराबाद /आइजोल

**पांच** राज्यों, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम की वोटिंग पूरी हो चुकी है। रिजल्ट तीन दिसंबर को घोषित होंगे, लेकिन उससे पहले एग्जिट पोल आ गया है। इसके मुताबिक पांच में दो राज्यों में भाजपा और दो में कांग्रेस की सरकार बनती दिख रही है। एक में क्षेत्रीय पार्टी सबसे बड़ी पार्टी की ओर बढ़ती दिख रही है।

राजस्थान में अब तक सामने आए चार एग्जिट पोल में सभी भाजपा की सरकार बनती दिखा रहे हैं। कांग्रेस 60 से 90 सीटों पर सिमटती नजर आ रही है। मध्य प्रदेश में अब तक के छह एग्जिट पोल में से चार भाजपा की सत्ता में वापसी करवा रहे हैं, जबकि दो पोल कांग्रेस की सरकार बनने की संभावना जता रहे हैं। इसी तरह छत्तीसगढ़ में अब तक के सात एग्जिट पोल में से सात ही कांग्रेस की सरकार बनाने का अनुमान जता रहे हैं। भाजपा कांग्रेस को कड़ी टक्कर देती दिख रही है। तेलंगाना राज्य में अब तक दो ही एग्जिट सामने आए। इनमें एक में कांग्रेस और एक में हंग असेंबली का अनुमान जताया गया है। मिजोरम में भी अब तक दो एग्जिट पोल सामने आए। इनमें से एक में हंग असेंबली का अनुमान जताया गया है। एक में जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेपीएम) की सरकार बनती दिख रही है।



# तेलंगाना में भी चुनाव सिमटा, 63.94 फीसद मतदान

## आदिलाबाद में वोट देने आए दो बुजुर्गों

**एजेंसी।** हैदराबाद

**तेलंगाना** की 119 विधानसभा सीटों पर मतदान की समय सीमा पांच बजे खत्म हो गई। अब उन्हीं वोटर को वोट डालने दिया गया, जो कतार में थे। चुनाव आयोग के मुताबिक, शाम 5 बजे तक 63.94 फीसद मतदान हो चुका था। आदिलाबाद में वोट देने आए दो बुजुर्गों टोकला गंगम्मा (78) और राजन्ना (65) की मौत हो गई। वोटिंग के दौरान लाइन में खड़ी टोकला गंगम्मा को हार्ट अटैक आया। वहीं, लाइन में खड़े राजन्ना चक्कर आने की वजह से गिर गए। अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में उनकी मौत हो गई। पोलिंग बूथ में मीडिया से बात करने की वजह से बीआरएस नेता के. कविता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। मतदान के दौरान तीन से चार जगह कांग्रेस से बीआरएस और बीजेपी-बीआरएस के कार्यकर्ता भिड़ गए। कुछ जगहों पर लाठीचार्ज भी हुआ।



स्टेट इलेक्शन कमीशन के मुताबिक, राज्य में 3.17 करोड़ से ज्यादा वोटर्स हैं। नेशनल और स्टेट लेवल की कुल 109 पार्टियों के 2290 कैंडिडेट्स मैदान में थे। राज्य में 35 हजार 655 मतदान केंद्र बनाए गए। इनमें 511 केंद्र संवेदनशील रहे। ये सभी छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमा से लगे हैं और नक्सल प्रभावित हैं। सुरक्षा के लिए सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स की 100 से ज्यादा कंपनियां तैनात की गईं थी। नतीजे 3 दिसंबर को आएंगे। तेलंगाना विधानसभा का कार्यकाल 16 जनवरी 2024 को खत्म होने वाला है। यहां पिछली बार दिसंबर 2018 में विधानसभा चुनाव हुए थे और तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) ने सरकार बनाई थी। चंद्रशेखर राव दूसरी बार सीएम बने थे। टीआरएस का नाम अब बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) हो गया है। इस बार के चुनाव में सत्तारूढ़ बीआरएस, कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है। साल 2018 में बीआरएस को 88, कांग्रेस को 19 सीटें मिली थीं। वहीं, भाजपा के खाते में केवल एक सीट आई थी।





विस्तृत खबर पेज-11 पर

# जम्मू-कश्मीर में स्नो फॉल गुलमर्ग में-1 डिग्री तापमान, एमपी के 14 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**देश** के पहाड़ी राज्यों में स्नो फॉल और मैदानी इलाकों में बारिश से ठंड बढ़ गई है। जम्मू-कश्मीर में गुरुवार सुबह से भारी बर्फबारी हो रही है। स्नो फॉल के बाद गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान माइनस एक डिग्री पहुंच गया। तमिलनाडु में पिछले तीन दिन से लगातार बारिश से बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। सड़कों पर पानी भर गया है। चेन्नई, तिरुवल्लूर सहित पांच जिलों में स्कूल बंद किए गए हैं। चेन्नई के अरक्कोणम शहर में एनडीआरएफ को स्टैंड बाय पर रखा गया है। मध्य प्रदेश के 14 जिलों में ऑरेंज अलर्ट है। भोपाल, उज्जैन सहित कई शहरों में गुरुवार सुबह बारिश हुई। इंदौर एयरपोर्ट पर घने कोहरे के कारण सुबह 9.30 बजे तक लैंड होने वाली 5 फ्लाइट को अहमदाबाद डायवर्ट करना पड़ा। चंडीगढ़ में आज से भारी बारिश हो रही है। आइएमडी ने गुरुवार को राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, केरल, तमिलनाडु सहित कई राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया था।

बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया बनने से तमिलनाडु में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने गुरुवार को चेन्नई, चेंगलपट्ट, वेल्लोर, पुदुकोट्टई सहित 12 जिलों में भारी बारिश और तूफान की चेतावनी जारी की है। पेरम्बूर लोको रेलवे स्टेशन टनल पानी से भर गया है। निजी वेदर एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, एक दिसंबर को तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बारिश और बर्फबारी होने की आशंका है। उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है।

# टाटा टेक का शेयर 140 फीसद ऊपर 1200 रुपये पर लिस्ट हुआ, 113 और मुनाफा

**इसका इश्यू प्राइस 500 रुपये था, गांधार ऑयल के शेयर ने भी दिया 76 फीसद मुनाफा**

**एजेंसी।** मुंबई

**टाटा** टेक्नोलॉजीज और गांधार ऑयल के शेयरों की गुरुवार को स्टॉक एक्सचेंज पर बंपर लिस्टिंग हुई। टाटा टेक 500 रुपये के इश्यू प्राइस के मुकाबले 140 फीसद ऊपर 1200 रुपए पर लिस्ट हुआ। सारा दिन ऊपर नीचे होते हुए लिस्टिंग प्राइज के बाद 113 रुपये और यानी 1313 रुपये पर बंद हुआ।

गांधार ऑयल 169 रुपए के इश्यू प्राइस के मुकाबले 76 फीसद ऊपर 298 रुपए पर लिस्ट हुआ। यह भी बाजार बंद होने पर 301 रुपये पर रुका। टाटा का आइपीओ 70 गुना और गांधार 64 गुना सब्सक्राइब हुआ था। 22 नवंबर को खुले 3042 करोड़ रुपए के टाटा टेक के आइपीओ के लिए 1.56 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की बोलियां मिली थीं।

टाटा टेक, ऑटोमोबाइल दिग्गज टाटा मोटर्स की सब्सिडियरी है। टाटा ग्रुप करीब 19 साल बाद कोई आइपीओ लेकर आया था। इससे पहले साल 2004 में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का



आइपीओ आया था। 1994 में स्थापित, टाटा टेक्नोलॉजीज ग्लोबल इंजीनियरिंग सर्विसेज कंपनी है। ये ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स और उनके टियर-1 सप्लायर्स को टर्नकी सॉल्यूशन सहित प्रोडक्ट डेवलपमेंट और डिजिटल सॉल्यूशन देती है। कंपनी मुख्य रूप से ऑटोमोटिव इंडस्ट्री पर फोकस्ड है और वर्तमान में टॉप 10 ऑटोमोटिव ईआरएंडडी स्पेंडर्स करने वालों में से सात के साथ जुड़ी हुई है। टॉप 10 न्यू एनर्जी ईआरएंडी स्पेंडर्स में से भी पांच के साथ टाटा टेक्नोलॉजी जुड़ी हुई है।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 66988 | ▲ | 86.53 |
| निफ्टी | 20133 | ▲ | 36.55 |
| सोना | 62601 | ▼ | 04 /10 gm |
| चांदी | 75930 | ▲ | 158 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 25.00°C
न्यूनतम 13.00°C

## क्विक न्यूज

### भगवान जगन्नाथ मंदिर के दीवारों की लेजर स्कैनिंग पूरी



**पुरी।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने पुरी में स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर के खजाने (रत्न भंडार) की बाहरी दीवारों की लेजर स्कैनिंग पूरी कर ली है। मंदिर प्रशासन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मंदिर के रत्न भंडार की लेजर स्कैनिंग मंगलवार और बुधवार को वास्तुकार, विशेषज्ञ इंजीनियर और वैज्ञानिक फोटोग्राफर की 15 सदस्यीय एएसआई टीम द्वारा की गई थी। कहा, यह लेजर स्कैनिंग दीवारों पर संदिग्ध दरारों का पता लगाने के लिए की गई थी, जिसके जरिए पानी संभवतः अंदर रिस रहा है। एएसआई के अधीक्षण पुरातत्वविद डी.बी गार्नाइक ने मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करने के बाद बताया, टीम ने रत्न भंडार के उत्तरी हिस्से और ऊपरी हिस्से के साथ-साथ कुछ अन्य क्षेत्रों में कुल 45 हिस्सों को स्कैन किया।

# जीडीपी वृद्धि भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को प्रदर्शित करती है: मोदी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़े वैश्विक स्तर पर परीक्षा की घड़ी में भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन और मजबूती को दर्शाते हैं।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार विनिर्माण, खनन और सेवा क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन के कारण सितंबर तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही और यह सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बनी रही। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े वैश्विक स्तर पर ऐसे कठिन समय के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन और मजबूती को दर्शाते हैं। हम अधिक अवसर पैदा करने, गरीबी के तेजी से उन्मूलन और हमारे लोगों के लिए जीवन की सुगमता में सुधार करने के लिए तेजी से विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



**हम अधिक अवसर पैदा करने, तेजी से विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध**

# हरियाणा भाजपा-जजपा सरकार चुनाव से पहले हार मान चुकी है: हुड्डा

**पायनियर समाचार सेवा।** जींद

**हरियाणा** के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)- जननायक जनता पार्टी (जजपा) की गठबंधन सरकार ने चुनाव से पहले ही अपनी हार मान ली है। उन्होंने आरोप लगाया, राज्य की गठबंधन सरकार केवल विज्ञापन, अखबारी और सरकारी प्रचार तक सीमित रह गई है जबकि जनता के दिलों में कांग्रेस बसती है।

हरियाणा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हुड्डा बृहस्पतिवार को जींद में जिला बार एसोसिएशन के नए पुस्तकालय कक्ष का उद्घाटन करने आए थे। हुड्डा ने कहा, हरियाणा की जनता ने अभी से प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनाने का फैसला कर लिया है। उन्हें इस बात का अफसोस है कि भाजपा ने जींद समेत पूरे हरियाणा के 10 साल बर्बाद कर दिए। हुड्डा ने आरोप लगाया कि भाजपा-जजपा सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और कानून व्यवस्था समेत सभी मोर्चों पर नाकाम रही है। कांग्रेस ने विकास कार्यों को जहां पर छोड़ा था, सरकार बनने के बाद उसे वहीं से शुरुआत करनी होगी। स्कूलों की कथित दुर्दशा पर हुड्डा ने कहा कि भाजपा-जजपा की सरकार हरियाणा के इतिहास की पहली ऐसी सरकार है, जिसने नए स्कूल बनाने के बजाए करीब 5000 स्कूलों को बंद कर दिया है।



# सूरत केमिकल प्लांट में अब तक सात की जलकर मौत, आठ गंभीर

**एजेंसी।** सूरत

**गुजरात** के सूरत में गत बुधवार को एक केमिकल फैक्ट्री के स्टोरेज टैंक में ब्लास्ट होने से लगी आग में मरने वालों की संख्या अब सात हो गई है। हादसे के बाद 7 से 8 लोग लापता थे। करीब 24 घंटे बाद घटनास्थल से सात कंकाल मिले। इसके बाद प्रशासन ने सात लोगों की मौत की पुष्टि की। सभी की जलने से मौत हुई।

ब्लास्ट में 20 लोग घायल हैं, जिनमें आठ की हालत नाजुक है। सूरत के फॉयर ब्रिगेड अधिकारी बसंत पारीक के मुताबिक, सचिन इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित फैक्ट्री में देर रात करीब दो बजे एक बड़े टैंक में रखे केमिकल में रिसाव हुआ। इसके चलते विस्फोट के बाद आग लग गई। आग ने फैक्ट्री की पूरी यूनिट को अपनी चपेट में ले लिया। करीब नौ घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। डीसीपी राजेश परमार ने कहा- घटना 29 नवंबर रात करीब दो बजे की है। आग पर काबू पाने में करीब 10 घंटे का समय लगा। इसके बाद फैक्ट्री में अंदर जाकर जांच की गई तो वहां सात मानव खोपड़ियां और कंकाल मिले। कंपनी ने भी सात कर्मचारियों के गुम होने की जानकारी दी थी। सभी नरकंकालों को पोस्टमॉर्टम को सूरत सिविल अस्पताल भेजा गया। पुलिस, फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल), सुरक्षा और जांच अधिकारी की मौजूदगी में यह पूरा सर्च ऑपरेशन चलाया गया था। फोर्ब्स मैगजीन-2023 ने बिलियनेयर्स की लिस्ट जारी की थी। इसमें दुनिया के 2249 बिजनेसमैन में से 168 भारतीय भी थे। भारतीयों में एक नाम इसी कंपनी के सीएमडी अश्विन देसाई का भी था।



## सुरंग से निकाले श्रमिक ऐरी हृदय समस्या से पीड़ित

**ऋषिकेश।** उत्तरकाशी जिले की सिलक्यारा सुरंग से निकाले गए 41 श्रमिकों में से एक हृदय संबंधी रोग से पीड़ित पाया गया है और फिलहाल उसे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में रहना पड़ेगा। हालांकि, चिकित्सकों ने साफ किया कि उत्तराखंड के चंपावत जिले के रहने वाले पुष्कर सिंह ऐरी की इस समस्या का सुरंग हादसे से कोई संबंध नहीं है और उन्हें यह रोग जन्मजात है। एम्स, ऋषिकेश के जनरल मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. रविकांत ने कहा कि ऐरी एट्रियल सेप्टल डिफेक्ट (एएसडी) से पीड़ित हैं और उन्हें यह बीमारी जन्म से है।

# हरियाणा में कांग्रेस चलाएगी प्रतिभा परिवर्तन कार्यक्रम, होंगे ऑनलाइन पंजीकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**बोले, युवा जिस भी तरीके से पार्टी की सेवा करना चाहता है, उस रोल में पार्टी से जुड़ सकता है**

**मध्य प्रदेश** (एमपी) के बाद कांग्रेस अब हरियाणा में भी प्रतिभा परिवर्तन कार्यक्रम शुरू करने जा रही है। पार्टी अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने चंडीगढ़ में इसकी शुरुआत करते हुए ऑनलाइन वेबसाइट का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि हम प्रतिभा से परिवर्तन कार्यक्रम की शुरुआत करने जा रहे हैं। पार्टी चाहती है कि जो लोग कांग्रेस की विचार से प्रभावित हैं, उन्हें इस कार्यक्रम से जोड़ा जाए। इसके लिए लोग ऑनलाइन वेबसाइट के माध्यम से अपना पंजीकरण करवा सकता है। युवा जिस भी तरीके से पार्टी की सेवा करना चाहता है, उस रोल में पार्टी से जुड़ सकता है। आवेदन करने के बाद उनका इंटरव्यू होगा। सिलेक्शन होने के बाद उन्हें अलग अलग स्तर पर जिम्मेदारी दी जाएगी।



हरियाणा कांग्रेस प्रतिभा परिवर्तन कार्यक्रम के जरिए प्रवक्ता, वक्ता, सोशल मीडिया एक्टिविस्ट, कंटेंट राइटर आदि पदों पर भर्ती करेगी। पार्टी अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने बताया कि जो लोग राजनीति में रुचि रखते हैं, लेकिन वे राजनीति से जुड़ नहीं पाते। वो राजनीति में आकर अलग अलग गतिविधियों में जुड़ना चाहते हैं। ऐसे लोगों के लिए यह प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है। इसमें हर वर्ग के लोगों को शामिल किया जाएगा।

हरियाणा कांग्रेस के संगठन को लेकर कहा कि अगले एक महीने में जिला स्तर पर संगठन तैयार हो जाएगा। उन्होंने बताया कि भाजपा में मुख्यमंत्री और गृहमंत्री मंत्री में नहीं बनती। बात कांग्रेस की गुटबाजी की होती है। विधान सभा सत्र को लेकर कहा सत्र में प्रदेश से जुड़े कई मुद्दे रखे जाएंगे जैसे जहरीली शराब, कृषि मंत्री का शर्मनाक बयान, ऐसे व्यक्ति को तुरंत पद से बर्खास्त कर देना चाहिए। कृषि मंत्री को किसानों से माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने भाजपा की संकल्प यात्रा को लेकर कहा कि ये किस बात को लेकर यात्रा निकाल रहे हैं। इन्होंने प्रदेश को बेरोजगारी और भ्रष्टाचार में धकेल दिया। शिक्षा को खत्म कर दिया। स्कूलों में न पीने का पानी, न बिजली और न शौचालय हैं। भर्तियों के पेपर लीक हो रहें। नौकरियां बेची जा रही है। लाखों पद खाली पड़े हैं। कांग्रेस राज में कोई पद खाली नहीं था।

पायनियर
हरियाणा, शुक्रवार, 01 दिसंबर, 2023



## एड्स से बचने के लिए जागरूकता बेहद जरूरी : डॉ. मीत कुमार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**डॉ. मीत** कुमार, डायरेक्टर एवं एचओडी-हेमेटो आंकोलॉजी एंड बोन मैरो ट्रांसप्लांट, मैरिंगो एशिया अस्पताल फरीदाबाद का कहना है कि एड्स की बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल एक दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है।

एड्स एक ऐसी गंभीर बीमारी है जो एचआईवी वायरस से संक्रमित स्त्री या पुरुष के ब्लड के माध्यम से दूसरे व्यक्ति तक पहुंच जाती है। यह वायरस संक्रमित व्यक्ति के शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता (रोग प्रतिरोधक क्षमता) को कम कर देता है, जिससे उस व्यक्ति को कई अन्य बीमारियों से जल्दी प्रभावित होने का खतरा बढ़ जाता है। एड्स मरीजों के साथ हाथ मिलाने या उनके साथ भोजन करने से इसका संक्रमण नहीं फैलता है। यदि मां एचआइवी संक्रमित है तो पैदा होने वाले नवजात शिशु के संक्रमित होने की संभावना बढ़ जाती है।

इस वायरस की चपेट में आने का खतरा सबसे ज्यादा उन लोगों को होता है, जो किसी एचआईवी संक्रमित से असुरक्षित शारीरिक संबंध बनाते हैं। एचआईवी संक्रमित व्यक्ति का ब्लड किसी तरह से स्वस्थ व्यक्ति को चढ़ा जाने या संक्रमित का कोई अंग प्रत्यारोपित होने या संक्रमित नीडिल के प्रयोग से भी दूसरे स्वस्थ व्यक्ति को संक्रमण हो जाता है। आज एचआईवी इंफेक्शन के लिए बहुत ही प्रभावशाली इलाज उपलब्ध है, जिससे संक्रमण को नियंत्रण में रखा जाता है।

**विश्व एड्स दिवस पर विशेष**

# एड्स मरीजों को 2250 रुपये प्रतिमाह मिल रही पेंशन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### दुनियाभर के एड्स मरीजों में एक तिहाई भारत में, जागरूकता से ही बीमारी पर रोक

**एड्स** का नाम सुनते ही व्यक्ति के जहन में एक भय बैठ जाता है। वहीं एड्स मरीज को समाज में घृणा की दृष्टि से देखा जाता है। जबकि जरूरत मरीज से घृणा करने की नहीं, बल्कि जागरूक होने की है। यह बीमारी छुआछूत नहीं है, इसलिए एड्स के मरीज से दूर भागने की जरूरत नहीं बल्कि उसकी हर संभव मदद करनी चाहिए। इसी उद्देश्य को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिसमें इससे बचने के उपाय के साथ-साथ इसके विषय में फैली भ्रांतियों को दूर किया जाता है।

आंकडों पर यदि नजर डालें तो वास्तव में यह चिंता का विषय है। दुनियाभर के एड्स मरीजों में से एक तिहाई मरीज भारत में हैं। बीके अस्पताल के डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. रामभगत के मुताबिक भारत में 2.1 मिलियन एड्स के मरीज हैं।

**जानकारी से ही बचाव संभव :** डिप्टी सिविल सर्जन ने बताया कि एड्स के बारे में सबसे ज्यादा जानना जरूरी है कि एड्स इस प्रकार की बीमारी है, जो एचआईवी नाम के वायरस से फैलती है।

उन्होंने बताया कि ये एक ऐसा वायरस है जो हमारे शरीर के अंदर रोगों से लड़ने की क्षमता को कम कर देता है। शरीर में इम्युनिटी कम होने की वजह से वो बैक्टिरिया या वो वायरस जो हमारे आस-पास के वातावरण में रहते हैं। हम इम्युनिटी की वजह से ग्रसित नहीं होते हैं। इसीलिए इम्युनिटी कम होने को ही एड्स कहते हैं। ऐसा पाया गया है कि एड्स के रोगी से लोगों को ये लगता है कि इनको एड्स हो गई है, कहीं इन्हें छूने से, इनसे बात करने से, इनके साथ बैठने से, इनके साथ खाना-खाने से कहीं हमे तो एड्स नहीं हो जाएगा जबकि ऐसा नहीं है। लोगों की इसी सोच की वजह से जो एड्स के रोगी हैं, वो प्रताड़ित महसूस करते हैं। इसी छुआछूत को खत्म करने के लिए इस बार का एड्स प्रोग्राम रखा जाता है। सिविल सर्जन ने कहा कि एड्स के संदर्भ में सबसे ज्यादा जरूरी यह जानना है कि एड्स किस प्रकार से फैलता है। आमतौर से इंफेक्टेड निडल से (एड्स के मरीज के इंजेक्शन से ही दूसरे मरीज को इंजेक्शन लगा देने से), दूसरा गलत संबध बनाने से इसका खतरा बनता है, तीसरा अगर मां को एड्स की बीमारी है, तो बच्चे को भी इसका खतरा बना रहता है, चौथा अगर कोई एड्स वाला व्यक्ति अपना ब्लड डोनेट करे, तो जिसको वो खून चढ़ेगा, उसको एड्स हो सकता है। इसीलिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम किये जाते हैं। किसी भी लैब के अंदर अगर ब्लड लिया जाता है तो उसका एचआईवी टेस्ट अवश्य किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं की एचआईवी जांच की जाती है, ताकि किसी भी महिला को अगर एचआईवी हो, तो उसका जल्द से जल्द पता लग पाए।

इसकी सुरक्षा के बारे में लगातार कार्यक्रम किये जाते हैं और नये युवाओं को इस संदर्भ में ज्यादा से ज्यादा बताया जाता है। सभी को जागरूकता कार्यक्रम के दौरान यही बताया जाता है कि इंजेक्शन लगवाने से पहले मरीज भी इस बात पर ध्यान दें कि कहीं वो सींरिज पहले से इस्तेमाल तो नहीं हो रखी है। इंजेक्शन में हमेशा सींरिज नई इस्तेमाल करनी चाहिए।



बीके अस्पताल व डॉ. रामभगत।

### एड्स मरीज उठा सकते हैं पेंशन योजना का लाभ

**डिप्टी** सिविल सर्जन ने बताया कि समय समय पर एड्स के मरीजों का डाटा इकट्ठा किया जाता है। उनके लिए 2250 रुपये मंथली पेंशन शुरू की गई है। जिससे मरीज किसी पर बोझ न बनें व उनके मन से हीन भावना निकल जाए। इसका उद्देश्य यह भी है कि समाज उन्हें घृणा की दृष्टि से न देखें। उन्होंने बताया कि सभी मरीजों का खाता खुलवाना सुनिश्चित कर दिया गया है।

# महिलाएं ड्रोन का उपयोग खाद छिड़काव में कर सकेंगी : मनोहर लाल



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### मुख्यमंत्री ने फतेहपुर बिल्लोच में विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया शुभारंभ

### महिला किसानों ने ड्रोन उड़ाकर दिखाया

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान झारखंड के देवगढ़ स्थित एम्स से 10 हजार जन औषधि केंद्रों और प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र का शुभारंभ किया, जिसका उन्होंने नमो ड्रोन दीदी का नाम दिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा 15 नवंबर से शुरू की गई थी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में फरीदाबाद के बिल्लोच गांव में राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ को रवाना किया। इस मौके पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, नयनपाल रावत और सीमा त्रिखा, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, गांव से सरपंच उपस्थित थे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश को दिए गए विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबोधन को सुना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरियाणा में जनसंवाद कार्यक्रम के साथ जोड़ा गया है। जिसकी शुरुआत फरीदाबाद जिला के फतेहपुर बिल्लोच गांव से की गई है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। लोगों को योजनाओं के बारे में भी अवगत कराना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार प्रदान कर रही हैं। प्रदेश में लगभग 40 हजार स्वयं सहायता समूह हैं। एक सहायता समूह में कम से कम 10 महिला सदस्य होती हैं, जो अपनी प्रतिभा से अच्छे उत्पाद पैदा करती हैं। इन स्वयं सहायता समूहों को प्रदेश सरकार 50 हजार से लेकर तीन लाख रुपये का लोन दे रही है। कई सहायता समूह तो लघु उद्योग का रूप ले चुके हैं, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में अहम योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान महिला किसानों ने ड्रोन उड़ाकर दिखाया। महिला अब खेती में ड्रोन का उपयोग खाद छिड़काव आदि कार्यों में कर सकेंगी। इससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्री की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और उनकी सरहना भी की। मुख्यमंत्री ने फतेहपुर बिल्लोच गांव के राजकीय कन्या विद्यालय के भवन के निर्माण के एस्टीमेट तैयार करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की उपलब्धियों से जुड़ी फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री ने लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ऑनलाइन सेवाएं देने के विशेष काउंटर लगाए गए। लोगों की वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को मौके ही ठीक किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान तैयार किए गए सात लोगों को वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के प्रमाण भी वितरित किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मुबंई में ताज होटल में 26 नवंबर 2011 के दौरान हुए आतंकी हमले में सैंकड़ों लोगों की जान बचाने वाले कमांडो सुरेंद्र चौधरी को सम्मानित भी किया।

इसके अलावा प्रगतिशील किसानों, खिलाड़ियों व मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर सूचना, लोकसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली, मीडिया कोऑर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ, फरीदाबाद के उपायुक्त विक्रम सिंह, पुलिस आयुक्त राकेश आर्य और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## फिल्मी स्टाइल में हथौड़ा गैंग व एसटीएफ के बीच मुठभेड़



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### हत्या के आरोपी ने खुद को पैर में गोली मारी, पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया

**गुरुवार** को स्पेशल टास्क फोर्स और हथौड़ा गैंग के बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से कई राउंड क्रॉस फायरिंग हुई। इस दौरान बदमाश ने पैर में गोली मार ली। जिसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसे इलाज के लिए बादशाह खान सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक मुठभेड़ में घायल हुआ बदमाश पलवल का रहने वाला मनीष है। जो गुरुग्राम के सोहना थाने में वांटेड है। उस पर 10 हजार रुपए का इनाम है। पलवल की एसटीएफ उसके पीछे लगी हुई थी। उन्हें सूचना मिली थी कि बदमाश पल्ला इलाके में रह रहा है।

जब एपटीएफ की टीम उसे पकड़ने के लिए पहुंची तो आरोपी ने फायरिंग कर दी। जिसके जवाब में एसटीएफ ने भी फायरिंग की। जिसके बाद बदमाश ने खुद को गोली मार ली और वह गिर पड़ा। फिर टीम ने उसे दबोच लिया और अस्पताल ले आई। फरीदाबाद की क्राइम ब्रांच और एसटीएफ पलवल की टीम मौके पर जांच में जुटी है। उसे पनाह देने वालों के बारे में जांच की जा रही है।

**हथौड़ा गैंग ने किया था मर्डर :** पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया बदमाश मनीष पलवल के रामनगर का रहने वाला है। उसने गुरुग्राम के सोहना इलाके के एक फार्म हाउस में हथौड़ा गैंग के साथ मिलकर एक युवक की हथौड़े से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। इसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। बदमाश के क्रिमिनल रिकॉर्ड और कितने राउंड फायरिंग हुई, इस पर अफसर मौके की जांच के बाद बात करेंगे। पिछले पांच साल से यह हथौड़ा गैंग फरीदाबाद और पलवल में एक्टिव है। पलवल के पास उन्होंने सोहना इलाके में युवक की हत्या की थी।

## नेहा और राहुल श्लोकोच्चारण व संवाद प्रतियोगिता में प्रथम



**फरीदाबाद।** शिक्षा विभाग के आदेशानुसार श्रीमद्भगवद्गीता जयंती के अंतर्गत राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकोच्चारण और संवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। मनचंदा ने कहा कि विद्यालय के धर्मपाल शास्त्री ने छात्राओं और छात्रों की विद्यालय स्तर की श्रीमद्भगवद्गीता की इन दोनों प्रतियोगिता का संचालन किया। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार श्लोकोच्चारण, संवाद, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर, निबंध आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय के विद्यार्थी सभी गतिविधियों में प्रतिभागिता कर रहे हैं। श्रीमद्भगवद्गीता हमारे जीवन का सार है, गीता जीवन दर्शन है। गीता हमें निष्काम कर्म करने के लिए प्रेरित करती हैं। छात्र और छात्राओं ने संवाद तथा श्लोकोच्चारण श्रीमद्भगवद्गीता की शिक्षाओं को जीवन शैली में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता में हमारे जीवन की सभी समस्याओं का निदान निहित है। श्रीमद्भगवद्गीता जीवन दर्शन है तथा हमें आदर्श जीवन जीने के लिए मार्ग प्रशस्त करती है। श्रीमद्भगवद्गीता सदैव ही धर्म से अधिक जीवन के प्रति अपने दार्शनिक दृष्टिकोण को लेकर भारत में ही नहीं, विदेशों में भी जनमानस का ध्यान अपनी और आकर्षित कर रही है। निष्काम कर्म का गीता का संदेश प्रबंधन गुरुओं को ऐसा करने की प्रेरणा देता है। गीता विश्व के सबसे अधिक प्रेरणादाई ग्रंथो में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष के ऋषियों ने गहन विचार के पश्चात जिस ज्ञान को आत्मसात किया, उसे उन्होंने वेदों का नाम दिया।

इन्हीं वेदों का यह भाग उपनिषद कहलाता है। मानव जीवन की विशेषता मानव को प्राप्त बौद्धिक शक्ति है और उपनिषदों में निहित ज्ञान मानव की बौद्धिकता की उच्चतम अवस्था तो है ही अपितु बुद्धि की सीमाओं के परे मनुष्य क्या अनुभव कर सकता है, उसकी एक झलक भी दिखा देता है। अतः हम सभी को दैनिक जीवन में निस्वार्थ भाव में कर्म करते रहना चाहिए। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा, अनिल कुमार, धर्मपाल शास्त्री और राहुल रोहिल्ला ने इस अवसर पर श्लोकोच्चारण और संवाद में प्रथम स्थान पर नेहा व राहुल, द्वितीय स्थान पर विद्या व रवि और तृतीय स्थान पर सचिन और रोशनी गुप्ता को सम्मानित कर अगले चरण की प्रतियोगिता के लिए जुट जाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ ने सभी को बधाई दी।

## राज्य स्तरीय कल्चरल फेस्ट के लिए टीम रवाना

**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद की वरिष्ठ वर्ग की सामूहिक नृत्य की टीम ने स्टेट लेवल कल्चरल फेस्ट के लिए कुरुक्षेत्र के लिए प्रस्थान किया। विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने टीम की सदस्य 13 बालिकाओं, हारमोनियम और ढोलक एवं तबला वादक तथा टीम इंचार्ज प्राध्यापिका मुक्ता एवं प्राध्यापक रसायन शास्त्र, पवन कुमार को शुभकामनाएं दीं।

# आइडियाथॉन हरियाणा में ज्यादा से ज्यादा युवा लें भाग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** कौशल विकास मिशन द्वारा आइडियाथॉन हरियाणा का शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य हरियाणा के आईटीआई, एचएसडीएम प्रशिक्षण केंद्रों, पॉलिटेक्निक कॉलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ आम जनता के बीच उद्यमशीलता और स्टार्टअप विचारों को बढ़ावा देना और प्रज्ज्वलित करना है। यह प्रदेश के नागरिकों के लिए एक विशेष टेक ऑनलाइन इवेंट है, जिसमें चार लाख से अधिक तक की पुरस्कार राशि प्रदेश के 21 विजेताओं को दी जाएगी।


यह जानकारी देते हुए डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि एक महीने तक चलने वाले इस कार्यक्रम में हरियाणा के युवाओं को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का उचित प्लेटफार्म दिया जाता है। जिससे वे अपनी रचनात्मकता और कौशल का उपयोग नवीन समाधान खोजने, वैश्विक चुनौतियों का सामना करने और वास्तविक दुनिया की समस्याओं के लिए प्रोटोटाइप या समाधान



विकसित करने के लिए कार्य करने में सक्षम बन पाएं। इस प्रतियोगिता में कृषि, किफायती और स्वच्छ ऊर्जा, रोबोटिक्स और अंतरिक्ष, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उभरती तकनीक, हेल्थटेक, क्लीनटेक, गतिशीलता, शिल्प और स्थिरता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, उपभोक्ता और उद्यम प्रौद्योगिकी और अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण जैसी 12 श्रेणियां हैं, जिनमें प्रतिभागी अपने विचार प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रतिभागियों को या तो टीम के रूप में या किसी एकल व्यक्ति के रूप में कार्यक्रम के लिए पंजीकरण करने की आवश्यकता है और फिर अपने विचारों को पांच से अधिक स्लाइडों के पिच डेक और दो मिनट के वीडियो पिच के साथ जमा करना होगा। आइडियाथॉन हरियाणा के लिए पंजीकरण एक दिसंबर को समाप्त हो जाएगा और विचारों को जमा करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर है, जिसके बाद विजेताओं की घोषणा की जाएगी।

पंजीकरण और विचारों को जमा करने में किसी भी प्रश्न या सहायता के लिए, प्रतिभागी हमारे कॉल सेंटर पर सुबह नौ बजे से रात आठ बजे तक 7341197533 या 9875990224 पर संपर्क कर सकते हैं। पंजीकरण और अधिक जानकारी के लिए, प्रतिभागी आइडियाथॉन हरियाणा की वेबसाइट पर पर जा सकते हैं।


### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा भिवानी पत्नी विष्णु निवासी गांव बघौला पुख्ता, तहसील दरवारी, जिला कासगंज, उत्तर प्रदेश, हाल निवासी किरायदार चावला कॉलोनी, बल्लबगढ़, फरीदाबाद दिनांक 08.10.2023 को बिना किसी को बताये अपने घर से कहीं चली गई है, जो अभी तक वापिस नहीं आई है, जिसका हुलिया रंग गोरा, गोल चेहरा कद 4 फुट 6 इंच बा उम्र 19 साल है, जिसने गुलाबी रंग का सूट व सलवार और पैरों में हवाई चप्पल पहनी हुई है, मुकदमा नम्बर 652 दिनांक 12.10.2023 धारा 346 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़की के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना शहर फरीदाबाद : 9582200132**
**इन्चार्ज पुलिस चौकी चावला कॉलोनी, बल्लबगढ़ : 9582200167**
**अनुसन्धान अधिकारी : 9811965516**


### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा स्वेता भारती पुत्री अवधेश निवासी मकान नम्बर 732, कर्ममार कर्णपुर, तहसील बासड़ीह, थाना खेजरी, जिला बलिया, उत्तर प्रदेश हाल निवासी किरायदार इन्द्रा कॉलोनी, गली नम्बर 13, से बिना किसी को बताये कहीं चली गई है, जो अभी तक वापिस नहीं आई है, जिसका हुलिया रंग गोरा कद 5 फुट 2 इंच बा उम्र 19 साल है, जिसने हरे रंग का सूट व सफेद रंग की सलवार और पैरों में हवाई चप्पल पहनी हुई है, मुकदमा नम्बर 878 दिनांक 15.11.2023 धारा 346 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़की के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**आई.सी./पी.पी. सेक्टर-07 : 9582200164**
**पी.एस. सेक्टर-08 : 9582200134**
**आई.ओ. रनबीर एच.सी. : 9467884265**


### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा सोनम पत्नी शिवराम निवासी मकान नम्बर 5484, नियर रिन्कू भड़ाना का ऑफिस, नेहरू कॉलोनी, एन.आई.टी. फरीदाबाद दिनांक 03.11.2023 को अपने घर से बिना किसी को बताये कहीं चली गई है, जो अभी तक वापिस नहीं आई है, जिसका हुलिया रंग गोरा, गोल चेहरा, पतला शरीर कद 5 फुट 5 इंच बा उम्र 34 साल है, जिसने काले रंग की टी-शर्ट व नीले रंग का पजामा और पैरों में हवाई चप्पल पहनी हुई है, मुकदमा नम्बर 546 दिनांक 08.11.2023 अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा महिला के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना ड़बुआ, फरीदाबाद : 9582200155**
**इन्चार्ज सैनिक कॉलोनी, फरीदाबाद : 9582200161**
**मुख्य सिपाही अरसद खान चौकी सैनिक कॉलोनी : 9306374033**

### मृतक की पहचान



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि एक नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश गांव अरूआ में यमुना किनारे पड़ी हुई मिली है, जिसको शिनाख्त हेतु बी.के. अस्पताल फरीदाबाद की मोर्चरी में रखा गया है, जिसका हुलिया गली सड़ी नाश जिसके दोनों पैरों के पंजे गले हुए व दोनों हाथो की उंगलिया गली हुई है तथा गलने सड़ने के कारण सिर पर बाल नही है और मुंह सड़कर कंकाल की भाँति जबड़ा दिखाई दे रहा है, मुकदमा नम्बर 24 दिनांक 25.11.2023 धारा 174 सी.आर.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**थाना प्रभारी छांयसा : 9416633599, 0129-2209254**

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103

### नज़रिया



दिनेश रघुवंशी, कवि

भरोसा हद से ज्यादा हो तो फिर ये टूटता भी है
कोई कितना सबल हो पर मुकद्दर रुठता भी है
समझ में आए शायद अब तो जुल्मी रहनुमाओं को
ये धरती घूमती रहती है सूरज डूबता भी है

# मानव रचना पहुंचे जर्मनी के 30 विद्यार्थी भारतीय संस्कृति और शिक्षा से हुए रूबरू

### संस्थान की ओर से परिसर में इंडो-जर्मन मीट का आयोजन किया गया

### आईएमसी के साथ मिलकर शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू करने पर की गई चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**मानव** रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च स्टडीज के स्कूल ऑफ लीडरशिप एंड मैनेजमेंट स्नातकोत्तर विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय सहयोग पहल के तहत इंडो-जर्मन मीट का आयोजन हुआ। मानव रचना इंटरनेशनल एक्सचेंज सेंटर की ओर से कराए गए इस कार्यक्रम में फ्रैंकफर्ट, जर्मनी स्थित इंटरनेशनल मैनेजमेंट कॉलेज से 30 विद्यार्थियों का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। इसके साथ ही संस्थान में एसएलएम पीजी से 50 विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।

कार्यक्रम में बतौर सम्मानित अतिथि फ्रैँकफर्ट जर्मनी स्थित इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट, एजुकेशन एंड कल्चर और इंटरनेशनल मैनेजमेंट कॉलेज के प्रबंध निदेशक प्रोफेसर डॉ. रेने रूथ पहुंचे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर एमबीए और बिजनेस कोच सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक, आईएमईसी डॉ. टॉर्स्टन नेट्जर शामिल हुए। उनके साथ संस्थान से डीन एसएलएम पीजी राजीव कपूर और निदेशक व एचओडी एसएलएम पीजी डॉ. दीप्ति डबास हजारिका उपस्थित रहे।

आईएमईसी बिजनेस परामर्श, बिजनेस ट्रेनिंग सहित एजुकेशनल बिजनेस ट्रिप का आयोजन कराता है। इंडो जर्मन मीट के तहत दोनों देशों के छात्रों को एक-दूसरे की संस्कृति, शिक्षा, खानपान और रहन-सहन के बारे में नजदीक से जानने मौका मिला। इस कार्यक्रम के तहत परिसर में जर्मन छात्रों को हाइब्रिड पाठ्यक्रम कराने, स्टूडेंट एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत एसएलएम पीजी छात्रों को आईएमसी का दौरा कराने, संस्थान में आईएमसी के साथ मिलकर शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू करने को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम के समापन पर छात्र कल्याण विभाग से सुरतरंग सोसायटी के छात्रों ने भारतीय शास्त्रीय संगीत की खूबसूरत प्रस्तुति देकर समां बांधा।

वहीं जर्मनी से आए छात्रों ने संस्थान के छात्रों संग मिलकर पंजाबी बीट्स और भांगड़ा पर शानदार प्रस्तुति दी। अंत में प्रोफेसर डॉ. सोमा अरोड़ा ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि देशों के आपसी सहयोग से आयोजित इस तरह के कार्यक्रम छात्रों के लिए लाभकारी हैं।

# किठवाड़ी में होगा करोड़ों की लागत से खेल अकादमी का निर्माण

### ग्रामीण खिलाड़ी अपने ही क्षेत्र में कर सकेंगे खेलों का अभ्यास

**पदम सिंह घुघेरा।** पलवल

**नगर** परिषद पलवल द्वारा शहर में खेलों को बढ़ावा देने के लिए किठवाड़ी गांव में खेल अकादमी का निर्माण करवाया जाएगा। इस अकादमी में सभी खेलों को खेलने की सुविधा होगी। किठवाड़ी में खेल अकादमी बनने के बाद पलवल के युवा यहां से तैयारी लेकर देश व विदेश में पलवल का नाम रोशन करेंगे। इसके लिए नगर परिषद द्वारा प्रपोजल बनाकर हरियाणा सरकार को भेजा है। वहां से पास होते ही खेल अकादमी के निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा।

एमसी पलवल द्वारा खेल अकादमी के निर्माण की रूपरेखा पर कार्य शुरू हो चुका है। अकादमी का निर्माण लगभग आठ करोड़ की लागत से करवाया जाएगा। सरकार से मंजूरी मिलते ही अकादमी के निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। इस अकादमी में खिलाड़ियों को खेलों की तैयारी के लिए खेलों का सभी सामान उपलब्ध होगा। अकादमी में एथलेटिक्स, हॉकी, बॉक्सिंग, कुश्ती, जूडो, कराटे, ताइक्वांडो, निशानेबाजी,



तीरअंदाजी, साइकलिंग, रोमन कुश्ती, क्रिकेट, वालीबॉल, फुटबाल आदि खेलों को सिखाने के लिए कोच भी नियुक्ति होंगे। अकादमी में तैयारी के लिए आने वाले खिलाड़ियों को सुबह शाम खेलों की कड़ी तैयारी करवाई जाएगी। यहां से आगे तैयारी करके वे राज्य, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगे। अब तक क्षेत्र में कोई भी खेल अकादमी नहीं होने खिलाड़ियों को तैयारी के लिए दिल्ली, फरीदाबाद, गुड़गांव आदि शहरों में जाना पड़ता था।

इस पर खिलाड़ियों का समय और धन बर्बाद होता था। दूसरे शहरों में जाकर तैयारी करना गरीब, महिला वर्ग के लिए मुश्किल था। इसकी वजह से वे कई बार बीच में ही खेलों को खेलना छोड़ देते थे। देहाती आंचल में खेल एकादमी बनने से आस-पास के गांव ताराका, खेड़ला, छज्जूनगर, सिहोल, पेलक, चांदहट, मीसा, बड़ौली, कुशक, अच्छेजा, भवाना, अतुआ, सतुआगढ़ी, अलावलपुर, अमरपुर, बलई, थंथरी, घोड़ी, असावटा, सैलोटी, नांगल ब्राह्मण, दीघोट, रायदासका, चिरवाड़ी, सुजवाड़ी, जटौली आदि के खिलाड़ियों को फायदा होगा। खेल अकादमी में खिलाड़ियों के रहने व खाने की सुविधा भी होगी।

> **क्षेत्र** में अब तक कोई खेल अकादमी नहीं होने से क्षेत्र के खिलाड़ियों को खेलों की तैयारी के लिए दूसरे शहरों में जाना पड़ता था। क्षेत्र में अकादमी बनने से क्षेत्र के खिलाड़ी खेलों में आगे बढ़ेंगे।
>
> **-लक्ष्य गहलौत, खिलाड़ी**

> **नगर** परिषद पलवल की हद में खेल अकादमी बनने से पलवल क्षेत्र के खिलाड़ियों को फायदा मिलेगा। वे इस अकादमी में खेलों की तैयारी करके आगे अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिससे क्षेत्र खेलों के मामले में आगे बढ़ेगा।
>
> **-डिगंबर सिंह, खिलाड़ी**

> **गांव** किठवाड़ी में नगर परिषद पलवल की तरफ से खेल अकादमी बनाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र खेलों में आगे बढ़ सके।
>
> **-डॉ. यशपाल, चेयरमैन नगर परिषद**

# फरीदाबाद जिला सबसे प्रदूषित शहर सरकार कुंभकरणी नींद में : दलाल

### कांग्रेसी नेताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**गुरुवार** को बल्लभगढ़ में कांग्रेस नेता गिरीश भारद्वाज के नेतृत्व में अपार जनसमूह के साथ फरीदाबाद जिले में बढ़ते जानलेवा वायु प्रदूषण एवं बल्लभगढ़ क्षेत्र में जाम, गंदगी, प्रॉपर्टी आईडी एवं आवारा पशुओं जैसी विभिन्न जन समस्याओं को लेकर प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री करण सिंह दलाल द्वारा किया गया।

विरोध प्रदर्शन मार्च जनता के जनसैलाब के साथ पंजाबी धर्मशाला मोहना रोड से शुरू होते हुए गुप्ता होटल मेन बाजार, अग्रसेन चौक घंटाघर, अंबेडकर चौक से निकलकर लघु सचिवालय बल्लभगढ़ तक निकाला। अधिकारी परमजीत चहल के माध्यम से अपनी मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस



मौके पर पूर्व मंत्री करण दलाल ने अग्रसेन चौक घंटाघर मेन बाजार पर कहा कि हरियाणा की वर्तमान भाजपा सरकार की अनदेखी के चलते बढ़ते वायु प्रदूषण से लोगों के जीवन पर खतरा पैदा हो गया है। फरीदाबाद विश्व के सबसे प्रदूषित शहरों में गिना जाने लगा है। यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक 500 से अधिक पहुंच गया है। जिसका प्रमुख कारण सरकार में बैठे नेताओं के गैर कानूनी खनन, अवैध रुप से चल रहीं बसें, अवैध रुप से औद्योगिक प्लॉटों का सब-डिविजिन कर वहां पर अवैध कारखानों का निर्माण, सरकार के संरक्षण में सत्ताधारी दल के नेताओं के उद्योगों में प्रदूषण नियंत्रण के उपायों की अनदेखी, पूरे शहर में टूटी-फूटी सड़कों के कारण उड़ती धूल, चारों तरफ लगे गंदगी के ढेर तथा सरकार द्वारा बढ़ते प्रदूषण के देखकर भी अनेदखा कर कोई उपाय न करना है। आज आलम यह है कि लगातार लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है, फेफडों की परेशानी हो गई है। हम सरकार से पुरज़ोर मांग करते हैं कि इस ओर ध्यान दिया जाए और इसका समाधान किया जाए। साथ ही कांग्रेस नेता गिरीश भारद्वाज ने कहा कि लोकतंत्र में जनता द्वारा चुनी गई सरकार जनता की सेवा में सदैव तत्पर होनी चाहिए, लेकिन ये बीजेपी सरकार और उसके मंत्री पिछले 10 सालों से जनता का सिफ्र शोषण कर रहें हैं। आज चाहे सफाई व्यवस्था की बात हो, आप बल्लभगढ़ के किसी भी कोने में निकल जाएं। चारों तरफ गंदगी कूड़े का अंबार लगा है, न पीने को साफ पानी है। जाम नगर के नाम से आज हमारा बल्लभगढ़ मशहूर हो चुका है, लेकिन सरकार और परिवहन मंत्री के पास कोई योजना नहीं है, इस समस्या से मुक्ति के लिए। हमने पिछले आठ महीने में स्थानीय अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री और राज्यपाल तक ज्ञापन दिया। 17 मई को विशाल जनाक्रोश मार्च किया, लेकिन इन गूंगे बहरे निकम्मे अधिकारियों के कान पर जूं तक नही रेंगी। केबिनेट मंत्री जिस विधानसभा का प्रतिनिधित्व करता हो, उस इलाके का इतना बुरा हाल आज क्यों हुआ? हमारे व्यापारियों को आज बेवजह मनमाने ढंग से छापे लगवाकर परेशान किया जा रहा है, उनका मानसिक और आर्थिक शोषण किया जा रहा है।

# ईको ड्राइवर ने महिला से लूटे नकदी व कैश

### सीएनजी भरवाने के बहाने गाड़ी से उतारा

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**बस** स्टैंड से जेवर के लिए ईको गाड़ी में लिफ्ट देकर नेशनल हाईवे पर महिला से नगदी-जेवरात लूटने का मामला सामने आया है। लुटेरा लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद महिला को रास्ते में छोड़कर फरार हो गए। कैंप थाना पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर अज्ञात ईको चालक के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, हरिनगर निवासी रूपवती ने दी शिकायत में कहा है कि उसका बेटा पवन उसे व उसकी पौत्री अवनी को बस स्टैंड पलवल से जेवर के लिए एक ईको गाड़ी में बैठाकर गया था। ईको गाड़ी में दो महिला व 4-5 अन्य लोग पहले से बैठे हुए थे। चालक गाड़ी को जेवर ले जाने के लिए किठवाड़ी चौक पर लेकर पहुंच गया, लेकिन कहने लगा कि गाड़ी में सीएनजी भरवानी है। उसने ईको को आगरा चौक से घुमाकर गलत साइड चलाकर हाईवे के फ्लाईओवर पर चढ़ा दिया और आल्हापुर की तरफ लेकर चल दिया। आरोपी चालक ने उसके दोनों बैगों को अपने पास सीट के नीचे रख लिया। पीड़िता ने जब अपना बैग वापस मांगा तो उसने नहीं दिया। पीड़िता के अनुसार बैग में सोने की चार अंगूठी, एक सोने की चेन, एक सोने का मंगल-सूत्र, गले की एक पत्ती सोने की और करीब सात हजार रुपये नकद थे।

आरोपी ने सीएनजी भरवाने के नाम पर उन्हें उतार कर बैग से सामान निकाल लिया। जिसके बाद आरोपी खाली बैग को उन्हें देकर जबरदस्ती आल्हापुर गांव के पास उतारकर गाड़ी को लेकर भाग गया। पीड़िता ने इसकी सूचना अपने परिजनों को दी तो वह मौके पर पहुंचे और उन्हें लेकर पलवल आए। जिसके बाद पीड़िता ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर ईको कार के चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को कहना है कि जल्द आरोपी पकड़ा जाएगा।

# किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष कैद

**फरीदाबाद।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हेमराज मित्तल की अदालत ने किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा और 60 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। घटना दो साल पहले की है। घटना के समय पीड़ित 12वीं कक्षा में पढ़ती थी। भाई से कहासुनी होने पर घर से चली गई थी। जिसका दोषी ने फायदा उठाया था।

लीगल सेल के अधिवक्ता रविंद्र गुप्ता ने बताया कि तिगांव थाना क्षेत्र निवासी किशोरी के पिता ऑटो चलाते हैं। मां घरों में काम करती है। परिवार में तीन भाई बहन हैं। उन्होंने बताया कि दो साल पहले गांव जुन्हेड़ा निवासी अनिल कुमार (28) ने किशोरी को अपने झांसे में फंसाकर दोस्ती कर ली। इसके बाद दोनों फोन पर बातचीत करने लगे। दो मई 2019 को किसी बात पर भाई से कहासुनी हो गई तो किशोरी घर छोड़ कर चली गई। उसने अपने अनिल कुमार को फोन कर बुलाया और उसे साथ बल्लभगढ़ आ गई। यहां से दोनों दिल्ली चले गए और वहां फ्लैट में रहने लगे।

अनिल कुमार किशोरी से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा। दूसरी तरफ किशोरी के पिता ने बेटी की गुमशुदगी का पुलिस में केस दर्ज कराया। 18 मई 2019 को जब अनिल कुमार कमरे में सो रहा था, तभी किशोरी मौका पाकर वहां से किसी प्रकार निकल गई और घर आकर मां को पूरी घटना की जानकारी दी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। जिस पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज हुआ। बुधवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हेमराज मित्तल की अदालत ने अनिल कुमार को 10 साल की सजा और 60 हजार रुपये जुर्माना सुनाया।

# सैनिक स्कूल रेवाड़ी में प्रवेश के लिए 16 दिसंबर तक आवेदन

**पलवल।** भारतीय सैनिक स्कूल रेवाड़ी में प्रवेश सत्र 2024-2025 के लिए 21 जनवरी 2024 को एनटीए द्वारा लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाना है। कक्षा छठी व नौंवी में दाखिले के लिए 16 दिसंबर को शाम पांच बजे तक ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट पर किया जा सकता है। डीसी नेहा सिंह ने बताया कि कक्षा छह में प्रवेश के लिए लड़के व लड़कियों की जन्मतिथि एक अप्रैल 2012 से 31 मार्च 2014 के बीच होनी चाहिए तथा कक्षा नौवीं में प्रवेश के लिए लड़के व लड़कियों की जन्मतिथि एक अप्रैल 2009 से 31 मार्च 2011 के बीच होनी चाहिए। अनुमानित रिक्त स्थान कक्षा छह के लिए लड़कों की 70 सीट व लड़कियों की 10 सीट तथा कक्षा नौ में दाखिले के लिए लड़कों की 41 व लड़कियों की चार सीट उपलब्ध है, जोकि कभी भी घटाई या बढ़ाई जा सकती हैं।

उपायुक्त ने बताया कि दाखिले की प्रक्रिया पूरी तरह मैरिट के आधार पर होगी, जिसमें उम्मीदवार को मेडिकल फिटनेस भी जरूरी होगा। इसमें कुल सीटों का 15 प्रतिशत अनुसूचित जाति, 7.5 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग जोकि नॉन क्रीमीलेयर में है, के लिए 27



प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। शेष बची हुई 25 प्रतिशत सीट रक्षाकर्मियों, जिसमें सेवानिवृत कर्मी भी शामिल हैं, के बच्चों के लिए आरक्षित होंगी। उन्होंने बताया कि कुल सीटों में 67 प्रतिशत हरियाणा राज्य के बच्चों के लिए व 33 प्रतिशत अन्य राज्यों के बच्चों के लिए आरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा 21 जनवरी को ओएमआर सीट पर बहुविकल्पीय प्रश्नावली रूप में होगी। उपायुक्त ने बताया कि ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा फार्म स्कूल की वेबसाइट पर 16 दिसंबर को शाम पांच बजे तक भरे जा सकते हैं। परीक्षा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित की जाएगी तथा ऑनलाइन आवेदन करने के लिए सामान्य, ओबीसी, रक्षाकर्मी व भूतपूर्व रक्षाकर्मी वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 650 तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 500 रुपये आवेदन शुल्क रहेगा।

## खेल महाकुंभ-2023 में छाई पलवल की छोरियां

**पलवल।** अंबाला में तीन दिन तक आयोजित होने वाले खेल महाकुंभ-2023 के पहले ही दिन दीक्षा वशिष्ठ ने 400 मीटर फ्री स्टाइल में पहला स्थान, मयंक यादव ने 200 मीटर बटरफ्लाई में पहला स्थान, मान्या गुप्ता ने 50 मीटर फ्री स्टाइल में दूसरा स्थान, वंदना ने 200 मीटर फ्री स्टाइल में तीसरा स्थान व 4×100 मीटर रिले टीम में दीक्षा वशिष्ठ, छवि, कशिश, मान्य गुप्ता ने तीसरा स्थान प्राप्त कर जिला पलवल का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर जिला पलवल तैराकी कोच प्रकाश कादयान ने बताया कि दीक्षा वशिष्ठ का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है, जिससे पलवल जिला की ख्याति बढ़ी है। महिला तैराकी टीम इंचार्ज सोनिया दलाल ने बताया कि यह प्रतियोगिता अंबाला में तीन दिन तक हुई, जिसमें 22 जिलों की महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया।

# बहादुर बेटी ऑटो चलाकर परिवार की दो वक्त की रोटी का कर रही प्रबंध

### लोग सोनाली के जज्बे को कर रहे हैं सलाम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**फरीदाबाद** में ऑटो चलाकर परिवार के लिए दो वक्त की रोटी का प्रबंध कर रही है 20 वर्षीय बहादुर सोनाली। परिवार के लालन पालन के लिए सुबह छह बजे ही ऑटो लेकर घर से निकल पड़ती है। लड़की के जज्बे को सभी सलाम कर रहे हैं।

प्रेस कॉलोनी फरीदाबाद की सलोनी पिछले सात महीने से ऑटो चलाकर अपने परिवार की रोजी-रोटी का प्रबंध कर रही है। ऑटो चलाने से पहले सोनाली बीए द्वितीय वर्ष की पढ़ाई पूरी कर रही थी। अचानक उनके पिता का बीमारी से देहांत हो गया। उससे पहले उसके पिता ही ऑटो चलाकर पूरे परिवार का लालन-पालन करते थे। पिता की मौत से सोनाली के पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। अचानक पिता की मौत होने से परिवार के सामने दो जून की रोटी का प्रबंध करना ही दूभर हो गया। अपने



परिवार में दूसरे नंबर पर होने से सोनाली ने रोजी-रोटी के लिए पहले काम की तलाश की। परंतु कहीं पर बेहतर नौकरी नहीं मिलने पर सोनाली ने परिवार की रोटी-रोटी के लिए ऑटो चलाने का साहसिक निर्णय लिया। रोजी-रोटी के लाले की समस्या आने पर बहादुर बेटी सोनाली सात महीने पहले ऑटो लेकर घर से निकल पड़ी। शुरूआत में ऑटो चलाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। परंतु सोनाली ने सभी समस्याओं का बहादुरी से सामना किया। सोनाली का कहना था कि यदि वह ऑटो चलाने का निर्णय नहीं लेती तो उसकी बड़ी व छोटी बहनों की पढ़ाई छूट जाती। वहीं रोजी रोटी के लिए दूसरे लोगों से उधार मांगना पड़ता। परंतु आज ऑटो चलाने के फैसले के बाद उसके पूरे परिवार की रोजी-रोटी आराम से चल रही है। वहीं उसकी बहनों की शिक्षा भी बेरोकटोक जारी है। सोनाली ने बताया कि वह चहाती है कि उसकी बहनें पढ़कर आगे सरकारी नौकरी प्राप्त करें। सोनाली की मां का भी कहना है कि उनकी बेटी अचानक उनके लिए देवी के अवतार के रूप में प्रकट हुई है। आज उनकी बेटी के साहस की वजह से उनकी सभी समस्याएं खतम हो गई हैं। ऐसी बहादुर बेटी सभी को मिले।

## महिला से एक लाख छीनकर भागा युवक

**पलवल।** बैंक में पैसे जमा कराने आई महिला से लुटेरा एक लाख रुपयों से भरे बैग को लूटकर फरार हो गया। कैंप थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है, जल्द ही लुटेरे का सुराग लगा लिया जाएगा।

सेक्टर-5 आल्हापुर गांव के निकट रहने वाली आरती हुड्डा ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह एक लाख रुपये लेकर बैंक में जमा कराने के लिए आई थी। वह पैसों को बैंक में जमा कराने के लिए पर्ची भर रही थी। उसी दौरान एक युवक उसके पास आकर खड़ा हो गया और उससे पेन मांगने लगा। उसने पेन देने से इनकार कर दिया। बैंक की पर्ची भरने के बाद वह बैंक के बाहर खड़ी अपनी स्कूटी से अपने मोबाइल को लेने के लिए चली तो युवक उसके पीछे पीछे आ गया। वहां वह उसके हाथ से पैसों से भरे बैग को लूटकर फरार हो गया। महिला ने शोर मचाया तो लोग इकट्ठा हो गए, लेकिन चोर फरार हो चुका था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

# किसानों को रबी की फसलों के बारे में जागरूक किया



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**गांव** सिहौल स्थित धानुका एग्रीटेक रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी सेंटर में वीरवार को फसल उत्पादन प्रौद्योगिकी पर एक दिवसीय किसान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ बागवानी विभाग हरियाणा के पूर्व निदेशक एवं डीएआरटी के सलाहकार डॉ. बीएस सहरावत ने किया।

इस अवसर पर प्रगतिशील किसान क्लब के अध्यक्ष बिजेंद्र दलाल सहित सैकड़ों किसान मौजूद थे। कार्यशाला में धानुका एग्रीटेक रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी सेंटर के विशेषज्ञों द्वारा किसानों को महत्वपूर्ण रबी फसलों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। किसानों को फसलों में लगने वाली बीमारियों और उनकी रोकथाम के बारे में बताया गया। किसानों को आधुनिक तकनीक से खेती करने और उचित मात्रा में खादों का प्रयोग करने तथा फसलों में लगने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए कीटनाशकों के बारे में जानकारी दी। डॉ. बीएस सहरावत ने कहा कि धानुका एग्रीटेक रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी सेंटर द्वारा किसानों की भलाई के लिए कार्य किया जा रहा है। किसान कम लागत में अधिक आय अर्जित कर सकते है। किसानों को ड्रोन तकनीक के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

# संक्षिप्त समाचार

## आमरू में हुआ दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**पलवल।** हरियाणा ग्राम विकास संस्थान नीलोखेड़ी व राज्य पंचायत संस्थान केंद्र नीलोखेड़ी की ओर से ग्राम पंचायत विकास योजना पर चल रहा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आमरू में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सरपंच जिले सिंह ने की। आमरू पंचायत के मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम सभा के सदस्यों व विभिन्न गांव के जनप्रतिनिधियों ने गांव की विकास योजना पर चर्चा की। संस्थान के प्रशिक्षक संदीप कुमार व नियाज मोहम्मद ने सतत विकास के संकल्प गरीबी मुक्त बेहतर आजीविका वाली ग्राम पंचायत, स्वस्थ बाल हितैषी पंचायत, पर्याप्त जल युक्त पंचायत, स्वच्छ और हरित पंचायत, आत्मनिर्भर और बुनियादी संरचना वाली पंचायत, सामाजिक रूप से संरक्षित पंचायत, सुशासित पंचायत पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। राज्य व केंद्र सरकार के वित्त आयोग की भारती वशिष्ठ ने ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड करने सहित योजना की बारीकियों पर विस्तार से चर्चा की गई। पंचायत सदस्यों व ग्रामसभा सदस्यों को उनके अधिकार और कर्त्तव्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर जिला परिषद की ओर से भारती, सरपंच जिले सिंह, पंच रेखा, ग्राम सचिव खजान सिंह, दिनेश, अजय, शिव कुमार व अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

## एचटेट परीक्षा के लिए एसडीएम को बनाया नोडल अधिकारी

**पलवल।** उपायुक्त नेहा सिंह ने एसडीएम शशि वसुंधरा को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा दो व तीन दिसंबर को आयोजित की जाने वाली हरियाणा शिक्षक पात्रता की परीक्षा के लिए सिल्ड पैक प्रश्न-पत्रों को डबल लॉक लगाकर अपनी कस्टडी में पूर्ण रूप से सुरक्षित रखने, उत्तर पुस्तिका तथा अन्य संबंधित रिकॉर्ड के पैकेट प्राप्त करने, एकत्रित करने तथा बांटने और जमा करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। परीक्षा के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त साहिल गुप्ता संपूर्ण इंचार्ज रहेंगे।

## जगदीश चंद्र बोस की जयंती पर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**पलवल।** पेड़-पौधों में जीवन की पुष्टि करने वाले महान वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस की जयंती पर मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति द्वारा लोगों को प्रकृति पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। संस्था संयोजक ग्रीन एंबेसडर आचार्य डॉ. राम कुमार बघेल ने बताया कि जगदीश चंद्र बोस ने पहली बार लंदन में प्रदर्शित किया कि पेड़-पौधों में जीवन, प्रजनन तथा हमारी तरह सुख-दुख का अनुभव व अपने परिवेश के प्रति जागरूकता होती है। संस्था सदस्यों द्वारा लोगों को पेड़-पौधों का संरक्षण करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वैवाहिक शुभावसरों पर पौधा भेंटकर ज्यादा से ज्यादा लोगों का ध्यान इस ओर लाना ही हमारा उद्देश्य है। मृत्यु, विवाह हो या नामकरण- आओ बचाएं पर्यावरण बच्चों को छुईमुई जैसा पौधा दिखाकर उसे हल्का स्पर्श कराने से उसके पत्तों के शर्माकर सिकुड़ने जैसी प्रतिक्रिया देखकर आसानी से पौधों की भावनाओं को समझा जा सकता है। संस्था सदस्य मास्टर मानिकचंद ने वृक्षों की छंटाई के नाम पर कटाई को दुखद बताया तथा बेवजह वृक्षों को नष्ट कर धरती को बंजर बनाने से रोकना चाहिए। मास्टर बृजेंद्र सिंह, अमरपाल, मास्टर थानसिंह, डॉ. चरण सिंह प्रजापति, गजेंद्र, ईश्वरराज, देव, केशव, राहुल पांचाल आदि महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

## सफाई में लापरवाही पर नगर निगम का जेई निलंबित




**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शहर में सफाई व्यवस्था ठीक ढंग से न करवाने पर नगर निगम के जेई संदीप को निलंबित करने के दिए आदेश। साथ ही नई टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल बुधवार को वाईएमसीए में शहर की सफाई व्यवस्था व अन्य कार्यों की समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस बैठक में नगर निगम, एचएसवीपी, एफएमडीए सहित अन्य विभाग अधिकारी शामिल थे। इस दौरान नगर निगम के कनिष्ठ अभियंता को निलंबित करने के साथ ही शहर में सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए नगर निगम में डिवीजन स्तर पर स्वच्छ भारत अभियान के तहत नई टीम गठित करने के लिए निर्देश दिए। नई टीम में पांच एसडीओ व अधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था के लिए अपनी गाड़ियां, डंपर, जेसीबी व अन्य संसाधन तुरंत जुटाकर नगर निगम शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करें। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक नरेंद्र गुप्ता, विधायक नयनपाल रावत, उपायुक्त विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त ए मोना श्रीनिवासन, एचएसवीपी प्रशासक डॉ. गरिमा मित्तल सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## टीबी के मरीज एचआईवी की जांच जरूर कराएं : डॉ. मुकुंद सिंह



**फरीदाबाद।** टीबी की बीमारी से जूझ रहे मरीजों को एक बार एचआईवी टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण एचआईवी एड्स होने का खतरा अधिक रहता है। विश्व एड्स दिवस पर यह कहना है ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. मुकुंद सिंह का। डॉ. मुकुंद सिंह ने बताया कि एचआईवी एड्स एक संक्रामक बीमारी है, जो बॉडी फ्लूड एक्सचेंज की वजह से होता है। यह संक्रमण ब्लड या ब्लड प्रॉडक्ट के ट्रांसफ्यूजन से हो सकता है। हालांकि स्क्रीनिग प्रोग्राम की वजह से इसकी संभावना बेहद कम होती है। लेकिन अप्राकृतिक सेक्स, अन प्रोटेक्टेड सेक्स, किसिंग और एक्सीडेंटल निडिल स्टिक इंजरी केस में नर्सिंग स्टाफ और डॉक्टर को होने की संभावना अधिक रहती है। नर्सिंग स्टाफ द्वारा मरीज का ब्लड सैंपल लेते समय संक्रमण होने की संभावना ज्यादा रहती है। इसके अलावा टीबी के मरीजों में इम्युनिटी काम होने के कारण एचआईवी एड्स होने की संभावना अधिक रहती है। इसलिए एक बार जांच अवश्य करवा लेनी चाहिए। इससे बचने के लिए सुरक्षित यौन संबंध के लिए निरोध का उपयोग करें। हमेशा जीवाणुरहित तथा डिस्पोजेबल सिरिंज व सूई ही उपयोग करें।

## सात दिसंबर तक भेड़-बकरी पालन प्रशिक्षण का आयोजन

**पलवल।** पशु विज्ञान केंद्र की डॉ. रेखा दहिया ने बताया कि लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय हिसार के पशु विज्ञान केंद्र पलवल द्वारा अलावलपुर चौक के नजदीक स्थित फ्रेंड्स कॉलोनी में भेड़-बकरी पालन प्रशिक्षण का आयोजन एक से सात दिसंबर तक किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार इस प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण में भेड़-बकरी पालन शुरू करने, भेड़-बकरी पालन के लाभदायक उपाय बताए जाएंगे।

## डीएचबीवीएन ओएसडी डॉ. हनी बंसल ने एसई प्रशासन का संभाला पदभार



**गुरुग्राम।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के ओएसडी डॉ. हनी बंसल एचसीएस ने गुरुवार को बिजली निगम के एसई प्रशासन का पदभार ग्रहण कर लिया। एसई प्रशासन का पद काफी समय से खाली था। बुधवार को ही इस पद के लिए एचसीएस अधिकारी डॉ. हनी बंसल के आदेश हुए।

डा. हनी बंसल ने अपना पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि प्रबंध निदेशक अमित खत्री के निर्देशानुसार कुशल प्रशासन रखने का प्रयास होगा। पद की गरिमा के अनुसार बिजली निगम के बेहतर प्रशासन में उनका सहयोग रहेगा और व्यवस्था को ओर दुरुस्त करने में शामिल रहेंगे। 13 अक्टूबर 1998 को हरियाणा के जींद जिले में जन्मे डॉ. हनी बंसल ने अपनी प्रारंभिक व माध्यमिक शिक्षा नरवाना में प्राप्त की और एमबीबीएस की डिग्री एम्स जोधपुर से प्राप्त की है।

## भाजपा सरकार में नहीं बनेगा सिविल अस्पताल, कांग्रेस सरकार कराएगी निर्माण: पंकज डावर

### अस्पताल तोड़ने के बाद निर्माण नहीं करके जमीन को पार्किंग बनाकर पुलिस ने अच्छा काम किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कहा कि जो सरकार एक कंडम अस्पताल को टेंडर देने के बाद उसे गिराने में 9 साल लगा दे, वह भला अस्पताल का निर्माण अपने शासनकाल में कैसे कर पाएगी। भाजपा सरकार द्वारा अस्पताल का निर्माण ना कराना सरकार की नीयत पर सवाल खड़े करता है। सरकार अब अपने कार्यकाल के दिन गिनने में जुट गई है।

पंकज डावर ने कहा कि भाजपा सरकार का कार्यकाल चंद महीनो का बचा है। उन्होंने कहा कि इसमें भी बड़ा संशय हो सकता है कि राजनीतिक दबाव के कारण इस अस्पताल के निर्माण का शुभारंभ चुनाव नजदीक आने पर राजनीतिक लाभ लेने के लिए हो भी जाए। वे दावे के साथ कह सकते हैं कि इस कार्यकाल में भाजपा गुरुग्राम के लोगों को एक अस्पताल नहीं दे पाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी बनने वाली कांग्रेस की सरकार में पहली प्राथमिकता होगी कि गुरुग्राम में एक बड़ा सरकारी अस्पताल बनाया जाए। लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाई जाएगी। पंकज डावर ने यह भी कहा कि पिछले कई साल से खाली पड़ी जमीन पर ट्रैफिक पुलिस ने अस्थायी पार्किंग बनाकर अच्छा काम किया है।



गुरुग्राम के सिविल लाइन क्षेत्र में नागरिक अस्पताल की जमीन पर पहुंचे कांग्रेस नेता पंकज डावर व अन्य।

## संक्षिप्त समाचार

### शादी समारोह में गुरुग्राम पहुंचे यूपी के सीएम योगी



शादी समारोह में पहुंचे योगी आदित्यनाथ।

**गुरुग्राम।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार की रात को गुरुग्राम में एक शादी समारोह में पहुंचे। उन्होंने नव दपंत्ति को आशीर्वाद देकर उनके सुखमय जीवन की कामना की। यहां पुराना दिल्ली रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित शादी समारोह में योगी आदित्यनाथ ने शिरकत की। जैसे ही वे बैंक्वेट हॉल में पहुंचे तो माहौल धार्मिकमय हो गया। फिल्मी गीतों की जगह धार्मिक गीत डीजे पर बजने लगे। शादी समारोह एक धार्मिक समारोह में तब्दील हो गया। कड़ी सुरक्षा के बीच योगी आदित्यनाथ सेंकड़ों लोगों की भीड़ के बीच नवदंपत्ति को आशीर्वाद देने के लिए मंच पर पहुंचे। उन्होंने नवयुगल के सुखमय जीवन की कामना की। योगी आदित्यनाथ की तस्वीरें लेने के लिए शादी समारोह में मौजूद मेहमानों के मोबाइलों की फ्लैश चमकने लगी। बहुत से लोगों ने योगी आदित्यनाथ के साथ सेल्फी लेने का भी प्रयास किया, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें उनेक निकट नहीं जाने दिया। ऐसे में लोग दूर से ही उनकी तस्वीरें ले रहे थे। करीब आधा घंटा बाद योगी आदित्यनाथ गुरुग्राम से रवाना हो गए।

### सीएम ने दोहली की जमीन पर हक देकर निभाया अपना वायदा



**गुरुग्राम।** दोहलीदारों को जमीन का मालिकाना हक मिलने पर हरियाणा राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा नेता रामराजी शर्मा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 11 दिसंबर 2022 को करनाल में आयोजित भगवान परशुराम महाकुंभ में ब्राह्मण समाज को 1700 एकड़ दोहली की जमीन को मालिकाना हक दिलाने की घोषणा की थी। महाकुंभ में किए वादे को मुख्यमंत्री ने निभाया है, जिसके लिए पूरा ब्राह्मण समाज मुख्यमंत्री का आभारी है। रामराजी शर्मा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह सिद्ध कर दिया है कि वह ब्राह्मणों के साथ-साथ 36 बिरादरी के हितेषी हैं। साढ़े 9 साल के शासनकाल में मुख्यमंत्री ने जो कहा वह करके दिखाया है। मुख्यमंत्री ने ब्राह्मण समाज से किया अपना वायदा भी बखूबी निभाया है। ब्राह्मण समाज अब धौली की जमीन के मालिक बन जाएंगे और उस जमीन को बेचने पर कोई रोक नहीं रहेगी। रामराजी शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज के हित में अपेक्षा से अधिक घोषणाएं कर मुख्यमंत्री ने यह साबित कर दिया है कि वे ब्राह्मणों का कितना सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पुजारी पुरोहित कल्याण बोर्ड बनाने की जो घोषणा की थी, उससे सनातन संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा कैथल में मेडिकल कालेज का नाम भगवान श्री परशुराम के नाम पर रखा जाना सराहनीय कदम है।

### बदमाश अवैध हथियार समेत गिरफ्तार

**सोहना।** फारुखनगर अपराध शाखा पुलिस ने सोहना से पलवल जाने वाले मार्ग पर गांव सिलानी चौक पर बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश के पास से अवैध हथियार व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। फारुखनगर अपराध शाखा में तैनात एएसआई राजकुमार ने बताया कि बुधवार की शाम को वह अपनी टीम के साथ बल्लभगढ़ मोड़ पर गश्त कर रहा था। उसे सूचना मिली कि सांप की नंगली निवासी अनुज बदमाश प्रवृति का है। उसके पास हथियार है और व अपराध को अंजाम देने की नीयत से गांव सिलानी चौक पर खड़ा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच अनुज को दबोच लिया। जिसके पास से तलाशी के दौरान अवैध हथियार को जिंदा कारतूस के साथ बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज कर लिया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**सोहना।** गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत। मृतक मूल रूप से उत्तर प्रदेश का निवासी था। पुलिस ने मृतक के युवक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों का सौंप दिया। मंगलवार की दोपहर बाद समय करीब सवा तीन बजे गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर गांव अलीपुर के निकट फ्लाई ऑवर के ऊपर तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही बरते हुए सामने जा रही बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह मार्ग के साथ बना सीमेंट की सुरक्षा दीवार से टकराने के बाद सड़क पर रगड़ती हुई चली गई। बाइक पर सवार युवक को इस हादसे में लगी चोटों के कारण मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान राजीव के रूप में हुई है। जो उत्तर प्रदेश का जिला कासगंज का मूल निवासी था। वर्तमान में वह कैन्ही गुरुग्राम में रह रहा था। मृतक के ताऊ का लड़का आलेश ने भोंडसी थाना पुलिस को बताया कि वे दोनों अलग-अलग बाइकों पर सवार होकर गांव जा रहे थे। वह आगे निकल गया था। राजीव पीछे रह गया था। वह वडोदरा मोड़ पर खड़ा होकर राजीव के आने की इंतजार कर रहा था।

# दूसरे देशों पर निर्भर रहने वाला भारत अब बन रहा आत्मनिर्भर: राव इंद्रजीत सिंह

### केंद्रीय राज्य मंत्री ने विकसित भारत-संकल्प यात्रा, जनसंवाद कार्यक्रम की गुरुग्राम शहर में किया शुभारंभ

### नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सेक्टर-29 रंगभूमि ओपन एयर थिएटर में किया गया आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर 29 स्थित रंगभूमि ओपन एयर थिएटर में विकसित भारत-संकल्प यात्रा, जनसंवाद कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह के दौरान आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

**केन्द्रीय** सांख्यिकी, कार्यक्रम कार्यान्वयन एवं योजना राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राव इन्द्रजीत सिंह ने गुरुवार को विकसित भारत-संकल्प यात्रा, जनसंवाद कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह में शिरकत की। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सेक्टर-29 स्थित रंगभूमि ओपन एयर थिएटर में आयोजित समारोह में पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री ने गुरुग्राम वासियों से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग देने का आह्वान किया। जीएमडीए के सीईओ एवं नगर निगम आयुक्त पीसी मीणा ने केंद्रीय राज्य मंत्री का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत किया।

केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा दूसरे राज्यों में तो पहले ही शुरू हो चुकी है, लेकिन हरियाणा में यह यात्रा गुरुवार से आरंभ हो रही है। हमें आजाद हुए 75 वर्ष हुए हैं। आजादी के बाद जो गेहूं हमें मिलता था, वह काफी निम्न स्तर का होता था। भारत के बारे में कहा जाता था कि यह देश कैसे पनपेगा। जो भारत पहले अपनी आवश्यकताओं के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था, वहीं भारत आत्म निर्भर होकर काफी आगे बढ़ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत की छवि बेहतर हुई है। आज हम एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। आगामी 25 वर्षों में हम विकसित राष्ट्र बनेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान, महिला, युवा, व्यापारी, श्रमिक आदि सभी वर्गों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। अब हमें यह सोचना होगा कि हम अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए कैसा राष्ट्र बनाना चाहते हैं। यह निर्णय हम और आपको ही करना है, सरकार रास्ता दिखाएगी। यात्रा को सफल बनाने में जिला के पंच-सरपंच, ब्लॉक समिति सदस्य, जिला पार्षद, निगम पार्षद आदि की अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को विकसित भारत के संकल्प की शपथ भी दिलवाई।

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री ने केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की स्टॉलों का अवलोकन भी किया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने गुरुग्राम शहरवासियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को भी सुना। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने पीएम स्वनिधि योजना तथा मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र भेंट करके उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान सूचना, जनसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग हरियाणा की सूचीबद्ध ड्रामा यूनिट ने हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी।

## जेपी अस्पताल के कर्मचारी से लूट, पुलिस पर आरोपियों को बचाने का आरोप

### पीड़ित ने सहायक पुलिस आयुक्त को शिकायत देकर की सही कार्रवाई की मांग

**नोएडा।** जेपी अस्पताल नोएडा से ड्यूटी करके अपने गांव दयानतपुर लौट रहे व्यक्ति पर बाइक सवार दो व्यक्तियों ने करौली मोड़ के पास हमला कर दिया। साथ ही उससे सोने की चेन लूटी ली। घटना को लेकर कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी भी देने का पीड़ित ने आरोप लगाया। पीड़ित ने कहा है कि पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे। अगर जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत करेंगे।

सहायक पुलिस आयुक्त जेवर जनपद को दी शिकायत में पीड़ित अमित कुमार पुत्र ज्वाला सिंह निवासी गांव दयानतपुर ने बताया कि 25 नवम्बर की रात को वह जेपी अस्पताल से ड्यूटी करके घर जा रहा था। रात 9:20 बजे करौली मोड़ पर दो बाइक सवार व्यक्ति वीरपाल उर्फ बबली पुत्र खिच्चू सिंह निवाी गांव दयानतपुर व कृष्ण पुत्र दलवीर निवासी गांव करौली बांगर ने उसकी गाड़ी के आगे बाइक लगी दीं। बिना कुछ बात किए उन्होंने हमला कर दिया। गाड़ी का शीशा तोड़ दिया और मारपीट करने लगे। गाली-गलौच करते हुए उनके गले से सोने की चेन लूट ली। जाते हुए धमकी दे गए कि अगर पुलिस को सूचना दी तो जान से मार देंगे। पीड़ित अमित कुमार ने बताया कि उसने पुलिस को शिकायत दी। थाना रबूपुरा में केस भी दर्ज किया गया है। पुलिस ने सही धाराओं में केस दर्ज नहीं किया। ऐसे में आरोपियों के हौंसले बुलंद हैं। अमित कुमार ने कहा कि उसने जो शिकायत दी थी, पुलिस ने उस पर दबाव डालकर शिकायत को आरोपियों का बचाव करते हुए बदलवाया गया। उससे दबाव में हस्ताक्षर कराए गए। पीड़ित ने कहा कि आरोपियों के पक्ष में पुलिस काम कर रही है। उनका पुलिस में रसूख है। इस बात की वे धमकी भी दे रहे हैं कि हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। पीड़ित अमित कुमार ने मांग की है कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हो और उनके खिलाफ सही धाराओं में केस दर्ज हो। अगर पुलिस ने उनकी मांग के अनुसार कार्रवाई नहीं की तो वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत करेंगे।

## सोहना निरंकारी कॉलेज के प्रधानार्य हुए सेवानिवृत्त




प्रधानाचार्य डॉ. एमएस खत्री। विदाई समारोह में मौजूद जनसमूह।

**सोहना।** स्थानीय निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मैमोरिलय महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. एमएस खत्री सेवानिवृत्त होने पर कॉलेज के शिक्षकों से लेकर विद्यार्थियों ने विदाई दी। इस विदाई समारोह में मौजूद प्रधानाचार्य के जीवन और लगन की प्रसंशा की गई।

आज से 17 साल पहले निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह महाविद्यालय में प्रधानाचार्य के पद पर नियुक्त हुए डॉ. एमएस खत्री गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस मौके पर उनके परिजन, रिश्तेदार, मित्र और मार्गदशक मौजूद थे। कॉलेज शिक्षकगण से लेकर नॉन शिक्षक स्टाफ मौजूद था। प्रधानाचार्य खत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि 17 वर्षों के लंबे कार्यकाल में काफी सीखने को मिला है। उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों का आभार भी व्यक्त किया जिन्होंने उनका कॉलेज संचालन में भरपूर सहयोग दिया। उन्होने कहा कि शिक्षादान से बड़ा कोई दान नहीं होता। स्कूल और कॉलेज स्तर पर काफी अंतर होता है। कॉलेज स्तर का विद्यार्थी काफी जोशिला होता है। जिनके जबात को समझना और कानून व्यवस्था को बनाना काफी मुश्किल होता है। यही कारण है कि शिक्षा देने वाला गुरु भी को भी हर दिन नया ज्ञान मिलता है। यही ज्ञान शिक्षक को नई-नई चुनौतियों से निपटने का साहस और हिम्मत देता है। इस अवसर पर प्रबंध समिति महासचिव एसएस सेठी, कैशियर विनोद बब्बर, प्रेरणा शर्मा, डीपी सिंह, अमित आदि के अलावा काफी संख्या में प्रवक्ता व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## एसडीएम कार्यालय में चुनाव आयोग का खंड कार्यालय किया स्थापित

### वोट बनवाने से लेकर मृतक के नाम काटने और शुद्धीकरण की प्रक्रिया 10 तक चलेगी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**एसडीएम** कार्यालय में मतदाता सूची में नाम पंजीकरण से लेकर मृतक का नाम हटाने और शुद्धीकरण के उद्देश से खंड स्तर पर चुनाव आयोग का कार्यालय स्थापित किया है। जिसमें युवाओं से लेकर नई वोट बनवाने, मृतक का नाम कटवाने और किसी प्रकार की शुद्धीकरण कराना आसान होगा। 10 दिसंबर तक ही मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का अंतिम दिन होगा।

वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मतदाता सूची का प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों को मतदाता सूची से संबंधित किसी भी कार्य के लिए अब गुरुग्राम जाना नहीं होगा। क्योकि एसडीएम कार्यालय में ही चुनाव आयोग की एक टीम को बैठाया गया है। ताकि क्षेत्र के लोग मतदाता सूची से संबधित कोई भी कार्य आसानी से करवा सकेंगे।

**फार्म 6, 7 और 8 भरना होगा आसान :** मतदाता सूची से संबंधित भरे जाने वाले फार्म 6, 7 और 8 को भरने के लिए लोग अपने बीएलओ के माध्यम से आसानी से भर सकेंगे। इसके अलावा चुनाव आयोग के खंड कार्यालय में तथा ऑनलाइन भी अपने कागजातो के सबूतो को अपलोड करके भर सकते है। फार्म 6 उन युवाओं को भरना होगा। जिनकी उम्र 18 पार हो गई है तथा जिन्होने उम्र सीमा पार करने के बाद भी अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकरण नहीं कराया है। फार्म 7 मृतक मतदाता का नाम कटवाने के लिए भरा जाएगा। फार्म 8 के तहत सूची में दर्ज नाम, पता और स्थान परिवर्तन के शुद्धीकरण के लिए भरा जाएगा।

**चुनाव लड़ने वालों को अवसर :** लोकतंत्र की प्रथम कड़ी ग्राम पंचायत के पंच पद से लेकर सरपंच, समिति सदस्य, जिला परिषद, विधायक और सांसद पद का चुनाव लड़ने वाले नेताओं के लिए अपने वोट बैंक को शुद्ध कराने का सुंदर अवसर है। ताकि चुनाव से पहले अपनी अपनी और अपने मतदाताओं के नाम जुड़वाने, मृतकों का नाम कटवाने और किसी प्रकार गलतियों को शुद्ध करने का अवसर 10 दिसम्बर तक ही होगा।

**सभी विभाग कार्यालय में जागरूक संदेश :** मतदाता सूची में तैयार करने की जानकारी के नोटिस खंड स्तर के सभी सरकारी विभाग कार्यालयों चश्पाएं गए हैं। ताकि सरकारी विभाग कार्यालयों में आने वाले लोगों को इसकी सूचना मिल सके। ग्राम पंचायतों में मुनादी कराने के लिए सरपंचों को आदेश जारी कर दिए गए है।

> “ **आने** वाली 10 दिसंबर तक क्षेत्रवासियों को अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने सेल`कर कटवाना और शुद्धीकरण कराने का अवसर रहेगा। 5 जनवरी को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। आम लोगों से लेकर नेताओं से इसकी जानकारी उपलब्ध करा दी गई है।
>
> **( प्रदीप सिंह-एसडीएम )**

## इंस्टाग्राम आईडी बना कर अश्लील फोटो वायरल करने का आरोपी दबोचा



**गुरुग्राम।** युवती की फर्जी तरीके से इंस्टाग्राम आईडी को लॉगिन करके अश्लील फोटो बनाकर वायरल करने वाला आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक मोबाइल व 2 सिमकार्ड बरामद हुए हैं। एसीपी क्राइम वरुण दहिया ने गुरुवार को बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है, ताकि और भी वारदातों का खुलासा हो सके।

10 अक्टूबर को एक व्यक्ति ने पुलिस थाना साईबर अपराध पश्चिम में लिखित शिकायत कहा था कि उसकी लड़की के सोशल मीडिया इंस्टाग्राम आईडी को किसी व्यक्ति द्वारा लॉगिन किया गया है। लॉगिन करके उसकी लड़की की फोटो को अश्लील बनाकर लोगों के पास भेजा है। इस शिकायत की पुष्टि करने के बाद पुलिस थाना साईबर अपराध पश्चिम में केस दर्ज करके जांच शुरू की गई।

## सारथी फाउंडेशन, भारत-तिब्बत सहयोग मंच ने शुरू किया खाद्य पदार्थ वितरण अभियान

### सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने वाहन को झंडी दिखाकर किया रवाना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-71 स्थित सीडी इंटरनेशनल स्कूल परिसर से सारथी फाउंडेशन व भारत तिब्बत सहयोग मंच की ओर से खाद्य वितरण अभियान के लिए वाहन को झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव, साथ में संस्थाओं के पदाधिकारी।

**सारथी** फाउंडेशन, भारत-तिब्बत सहयोग मंच के संयुक्त तत्वावधान में सीडी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-71 के प्रांगण से गुरुवार को 11000 खाद्य पदार्थों के पैकेट वितरण अभियान शुरू किया गया। ये खाद्य पदार्थों के पैकेट स्कूली बच्चों और एनजीओ के बच्चों को वितरित किए जाएंगे। मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डा. वीरेंद्र यादव ने खाद्य पदार्थ के वाहन को रवाना किया। करीब एक सप्ताह तक इन 11000 पैकेट के वितरण का काम होगा।

सारथी फाउंडेशन के महासचिव एवं भारत तिब्बत सहयोग मंच के हरियाणा प्रांत संयोजक अमित गोयल व सारथी फाउंडेशन की अध्यक्ष लता सिंह ने बताया कि समाज में बहुत से ऐसे बच्चे हैं, जो कि सुविधाओं से वंचित हैं। उन्हें अच्छा भोजन व खाद्य पदार्थों की दरकार रहती है। सारथी फाउंडेशन ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझते हुए ऐसे बच्चों तक खाद्य सामग्री पहुंचाने के लिए एक छोटा सा प्रयास किया है।

फाउंडेशन की ओर से 11000 खाद्य पदार्थों के पैकेट से भरा वाहन मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने सारथी फाउंडेशन और भारत तिब्बत सहयोग मंच के इस प्रयास की सराहना की।

सीडी इंटरनेशनल स्कूल के संचालक यशपाल यादव व रेखा यादव का इस आयोजन में विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर आईसीएआई के चेयरमैन अमित गुप्ता, इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के सचिव गुंजन मेहता, शिव सिंघल, निशांत अहलावत, रवि बंसल, राजीव मित्तल, हरि गोयल तलवाड़िया, जितेंद्र राठौर, रामनिवास सैनी आदि भी मौजूद रहे।

## चोरों ने खेड़ली लाला में दुकान का शटर तोड़कर डेढ़ लाख का माल किया पार



**सोहना।** खंड के गांव खेड़ली लाला में दुकानों में चोरी करने वाले चोरों के आतंक ने दुकानदारों की रातों की नींद को उड़ाकर रख दिया है। बीते डेढ़ वर्ष में यहा की अलग-अलग दुकानों में 9 बार चोरियां हो गई हैं। बीती रात भी मोटरवाइडिंग मिस्त्री की दुकान में से चोर करीब डेढ़ लाख रुपये की मोटर चोरी करके ले गए।

गांव बाईखेड़ा निवासी रघु ने बल्लभगढ़-सोहना मार्ग पर गांव खेड़ली लाला में बिजली की मोटर वाइडिंग की दुकान खोल रखी है। रघु ने बताया कि बुधवार की रात को वह दुकान का ताला लगाकर गया था। गुरुवार की उसे फोन पर गांव खेड़लीलाला के निवासी ने दुकान में ताला व शटर टूटा होने की सूचना दी। वह तुरन्त गांव से दुकान पर पहुंचा। जहां उसने देखा की दुकान के शटर पर लगे ताले टूटा हुआ था। शटर को खोलने के लिए लोहे की शब्बल लगाकर उखाड़ा। उसके बाद चोर दुकान में रखी सबमर्सिबल की 4 से 5 मोटरों को उठाकर ले गए। जिनकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है।

**डेढ़ वर्ष में नौ चोरियां :** खेड़ली लाला के सामान्य बस स्टैंड के पास बनी दुकानों में बीते डेढ़ वर्ष में नौ बार चोरियां हो गई है। गांव के नंबरदार किशनपाल ने बताया कि एक से डेढ़ माह में एक चोरी दुकान में हो जाती है। विजय खटाना की दुकान में करीब डेढ़ माह पहले पीछे से दीवार की तोड़कर चोरी की थी। इससे पहले धर्मेन्द्र की दुकान में चोरी हुई थी। धर्मेन्द्र ने बताया कि आबादी क्षेत्र और चलते हुए मार्ग के साथ दुकानें बनी है। इसके बावजूद चोरियों कम होने का नाम नही ले रही है। इन चोरियों ने दुकानदारों की रातों की नींद को उड़ाकर रख दी है।

**पुलिस ने किया एक और चोरी का मामला दर्ज :** सदर थाना पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर दुकान में हुई चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई है।

## अपग्रेड का रेवेन्यू वित्त वर्ष 2023 में बढ़कर हुआ दोगुना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**एशिया** की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड लर्निंग, स्किटलिंग और वर्क फोर्स डेवलपमेंट कंपनियों में से एक, अपग्रेड ने शेयर बाजार में लिस्ट होने की अपनी योजना को ध्यान में रखते हुए व्यापक रूप से स्वीकृत IndAS एकाउंटिग मानक को अपना लिया है।

वित्त वर्ष 2023 में कंपनी का सकल राजस्व 1530 करोड़ रुपए रहा-वही, अगर IndAS एकाउंटिग मानक के हिसाब से देखें तो इस अवधि में कंपनी का सकल राजस्व 1,194 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। वित्त वर्ष 2023 में कंपनी के सकल राजस्व में सालाना आधार पर 96 फीसदी का उछाल देखने को मिला है। वित्त वर्ष 2022 में कंपनी का सकल राजस्व 608 करोड़ रुपए था। एआरआर के आधार पर, कंपनी का रेवेन्यू ज्यादा होता क्योंकि कुछ एम एंड ए वित्त वर्ष 2023 के पूरे वित्तीय वर्ष के लिए नहीं जोड़े गए हैं। रेवेन्यू को रिअलाइन करने के लिए अपग्रेड ने 443 करोड़ रुपये के डेफर्ड कलेक्टेड रेवेन्यू को अगले साल के लिए कैरी फॉरवर्ड किया है। वित्त वर्ष 2023 में कंपनी का एडजस्टेड एबिटा घाटा (ऑपरेटिंग कैश लॉस) 558 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के 572 करोड़ रुपये के लगभग बराबर ही है।

कंपनी के वित्त वर्ष 2023 के नान-कैश खर्चों में 410 करोड़ रुपये का एक्सीलरेटेड गुडविल राइट-डाउन और 140 करोड़ रुपये का डेप्रिसिएशन और अमॉर्टाइजेशन लागत भी शामिल है। इस अवधि में कंपनी की फाइनेंस कॉस्ट 34 करोड़ रुपये रही। जबकि, अन्य गैर-नकद लागत 584 करोड़ रुपये रही। ऐसे में एबिटा घाटा, नान-कैश खर्चों और फाइनेंस लागत के कारण वित्त वर्ष 2023 में कंपनी को कुल 1142 करोड़ रुपये का कर पश्चात घाटा (पीएटी) हुआ है जो पिछले वित्त वर्ष में 648 करोड़ रुपये पर था।

ज्यादा लागत वाली वस्तुओं में बड़े बदलाव के चलते वित्त वर्ष 2023 में कंपनी के मार्केटिंग खर्च में तेज गिरावट रही है और ये पिछले साल के 33 प्रतिशत (403 करोड़ रुपए) की तुलना में 19 प्रतिशत (371 करोड़ रुपए) रही है। कंपनी की कुल लागत में सबसे बड़ा योगदान कर्मचारी लागत का रहा। ये लागत कुल लागत के 36 फीसदी पर रही। वित्त वर्ष 2023 में कंपनी की कर्मचारी लागत 707 करोड़ रुपये रही। इसमें ब्लैक स्कोल्स मेथड के मुताबिक ईएसओपी एकाउंटिंग के लिए कुछ नॉन-कैश लागत भी शामिल है।

# निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे पूर्व विधायक रहीसा खान

### पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं की मीटिंग के दौरान टटोली नब्ज




पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**नूंह** जिले की पुनहाना विधानसभा सीट से पूर्व विधायक रहीसा खान के चुनाव लड़ने की अटकलों पर अब विराम लग गया है। पूर्व विधायक रहीसा खान ने गुरुवार को अपने कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाकर साफ कर दिया है कि वह किसी दल से नहीं बल्कि निर्दलीय चुनाव लड़ने जा रहे हैं।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान रहीसा खान ने कहा कि बीच में कुछ अटकलें लगाए जा रही थी कि पूर्व विधायक रहीसा खान इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी में शामिल होंगे, लेकिन अब वह किसी दल में शामिल होने के बजाय निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। पूर्व विधायक ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में पुनहाना को सबडिवीजन, कोर्ट, रेनीवेल डिविजन के अलावा 26 स्कूल सीनियर सेकेंडरी तथा 52 स्कूल मिडिल तक अपग्रेड करवाए थे। इसके अलावा सिंचाई विभाग के अंतर्गत आने वाले बिछौर गांव में रेगुलेटर का काम कराया गया था। उन्होंने कहा कि पिछले 4 साल से क्षेत्र में कोई विकास नहीं हुआ है। पुनहाना विकास के मामले में पिछड़ चुका है। मौजूदा विधायक हर समय सोते रहते हैं। उन्होंने जनता की आवाज नहीं उठाई और ना ही इलाके का विकास किया। उन्होंने कहा कि विधायक अगर बना तो इलाके की भलाई के लिए तथा जनता के कहे मुताबिक किसी भी दल का समर्थन करेंगे। पूर्व विधायक ने कहा कि जब पुनहाना की जनता ने उनको मनोहर लाल मुख्यमंत्री हरियाणा के प्रथम चरण में विधायक चुना था तो उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को अपना समर्थन दिया था और क्षेत्र में विकास की गंगा बहाई थी, लेकिन बीच में विकास की कड़ी टूट गई।

अगर इलाके की जनता ने इस बार अपना प्यार और समर्थन दिया और जनता के सहयोग से विधायक बना तो अधूरे कामों को पूरा करने का भरसक प्रयास करूंगा। मेवात जिले की नहरों में रोहतक और हिसार की तर्ज पर साफ सुथरा पानी बहता हुआ दिखाई देगा। हर खेत को पानी देने का किसान का सपना पूरा करने के लिए की जान लगा दूंगा। कुल मिलाकर पुनहाना क्षेत्र की राजनीति अब नया मोड़ लेने जा रही है। पूर्व विधायक रहीसा खान के कई पार्टियों में शामिल होने की जो अटकलें पिछले कुछ समय से लगाई जा रही थीं, उन पर अब पूरी तरह से विराम लग चुका है। अब देखना यह है कि राजनैतिक मैदान पर कौन-कौन उम्मीदवार आते है और उनका मुकाबला किससे होता है। गुरुवार को पूर्व विधायक रहद्वारा बुलाई गई वर्कर मीटिंग में भारी भीड़ जुटी। जिससे वह काफी खुश दिखाई दिए और उन्होंने मौजूदा विधायक मो.इलियास पर इशारों-इशारों में जमकर हमले किए।

## युवक पर चाकू से हमला, मामला दर्ज

**मेवात।** नूंह जिले के मालब गांव में एक युवक पर सोते समय अज्ञात लोगों के द्वारा धारदार हथियार से गला रेतने की कोशिश की गई। जब परिवार ने युवक को खून से लथपथ देखा तो उनके पैरों तले की जमीन खिसक गई। युवक उस समय बेहोश पड़ा हुआ था। जिसकी गर्दन पर गहरा जख्म था।

इस मामले में परिजनों ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस की सहायता ली और घायल युवक को इलाज के लिए राजकीय शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ ले जाया गया। लेकिन डॉक्टर ने युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रेफर कर दिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि अज्ञात लोगों ने युवक को धारदार हथियार से गला रेत कर जान से मारने की कोशिश की है।

## संक्षिप्त समाचार

### शहर में कूड़े को डंप करने से लोगों को हो रही परेशानी



**पुन्हाना।** सरकार और जिला प्रशासन का स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत अभियान पुन्हाना नगरपालिका क्षेत्र में फिसड्डी साबित हो रहा है। खुद नगरपालिका प्रशासन द्वारा हीं शहर की सफाई व्यवस्था बनाने के नाम पर शहर को हीं गन्दगी में तब्दील करने का काम किया जा रहा है। नगरपालिका पुन्हाना द्वारा शहर में कराई जाने वाली सफाई में एकत्रित होने वाले कूड़े को गाडियों के माध्यम से शहर के मुख्य मार्ग पर डाला रहा है। जिससे ना केवल वहां आसपास रहने वाले लोगों को गन्दगी का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि प्रात: के समय घूमने जाने वाले महिलाएं, पुरुष व युवा वर्ग भी इस गंदगी का शिकार हो रहे हैं। अक्सर यहां कूड़ा डलने के बाद सारा दिन आवारा कुत्तों को जमावड़ा लगा रहता है, जो अक्सर सडकों पर आकर वाहन चालकों को दुर्घटनाओं को शिकार बना रहे हैं। ऐसा नहीं है कि नगरपालिका प्रशासन को इस बात की जानकारी नहीं हो, बल्कि कई बार शिकायत करने के बाद भी नपा प्रशासन अनजान बना रहता है। आपकों बता दें कि पुन्हाना नगरपालिका के अंतर्गत आने वाले लगभग 15 वार्ड के अलावा शहर की सब्जी मंडी, अनाजमंडी, मीट की दुकानों इत्यादि से प्रतिदिन सफाई होने उपरांत गाडियों में भरकर लाए जाना कूड़ा इन दिनों शहर में प्रवेश वाले मुख्य दल्लावास मार्ग पर डाला जा रहा है। कूड़े की लगभग दर्जन भर गाड़ियां यहां सारे दिन कूड़े को खाली करती है। जिनमें ना केवल गला-सड़ा, बदबूदार कूड़ा-कचरा होता है, बल्कि मरे हुए पशु इत्यादि भी यहां फेंके जाते है। दिनभर यहां का वातावरण पूरी तरह बदबूदार और गंदगीमय रहता है। इतना हीं नहीं कूड़े के ढेरों पर विचरने वाले आवारा कुत्तों के झुंड आपस में झगड़ने के दौरान बाइक सवार व पैदल लोगों का चोटिल हो रहे हैं। लोगों ने जिला प्रशासन से शहर में ड़ाले जाने वाले कूड़े पर रोक लगाने की मांग की है, ताकि आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ ना हो। उन्होंने जिला प्रशासन से कूड़े के लिए डंपिंग स्टेशन बनवाने की भी मांग की है। जब इस संदर्भ में नगरपालिका सचिव को फोन से संपर्क करना चाहा तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। जेई कृष्ण कुमार ने बताया कि उनके संज्ञान में कूड़े डाले की समस्या शहर के लोगों द्वारा सामने लाई गई है। जिसका जल्द हीं निवारण किया जाएगा।

### बिजली बिल भरने के नाम पर ठगी करने वाले 4 आरोपी काबू



**गुरुग्राम।** बिजली बिल भरने के नाम पर ठगी करने के मामले में एक महिला द्वारा 3 जून 2023 को दी गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने 4 आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों ने शिकायतकर्ता महिला के खाते एक 2 लाख रुपये की ठगी की थी। सहायक पुलिस आयुक्त साईबर अपराध विपिन अहलावत के नेतृत्व में निरीक्षक सवित कुमार प्रबंधक पुलिस थाना साईबर अपराध पश्चिम की टीम ने तकनीकी सहायता से जांच पड़ताल की। इस वारदात में 4 आरोपियों को पालम विहार गुरुग्राम से काबू किया गया। आरोपियों की पहचान पंकज, मांगीलाल, अजय व सोमबीर के रूप में हुई। पुलिस टीम द्वारा आरोपी पंकज व मांगीलाल दोनों मुनसरी हनुमान गढ़ राजस्थान के निवासी हैं। आरोपी सोमबीर निवासी गांव गढ़ी जिला हिसार व अजय निवासी गांव नियाना जिला हिसार का निवासी है। आरोपियों से पुलिस पूछताछ में पता चला है कि पीड़ित से ठगी गई राशि आरोपी पंकज के बैंक खाता में ट्रांसफर हुई थी, जिसे इसने आरोपी मुंगीलाल को 4000 रुपए में बेच दिया था। आरोपी सोमबीर पेट्रोल पंप पर काम करता था। उसने उन पैसों को पेट्रोल पंप पर स्वाइप करवाकर 1.5 प्रतिशत पर अपना कमीशन काटकर आरोपी अजय को बाकी कैश दे दिया था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी अजय अपने अन्य साथियों की मदद से लोगों के पास बिजली बिल ना भरने पर कनेक्शन कटने के नाम पर मैसेज भेजता है। बाद में जब व्यक्ति मैसेज में दिए हुए मोबाइल नंबर पर फोन करता तो इसके साथी पेमेंट करने के नाम पर लिंक सेंड कर देते थे। लिंक पर क्लिक करने के बाद उनका बैंक अकाउंट हैक करके उनके बैंक खाते से पैसे निकलकर ठगी की वारदात को अंजाम देते थे।

### गुरुग्राम विवि में लगाया गया एक दिवसीय स्वदेशी मुदिता मेला

**गुरुग्राम।** विद्यार्थियों में छिपी बहुमुखी प्रतिभा को निखारने एवं स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुवार को गुरुग्राम विवि में एक दिवसीय स्वदेशी मुदिता मेला आयोजित किया गया। यह मेला डिपार्टमेंट ऑफ पॉलिटिकल साइंस एंड डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक पॉलिसी की ओर से लगाया गया। मेले का शुभारंभ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। इस दौरान उन्होंने गन से बैलून पर निशाना भी साधा। विद्यार्थियों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। एक दिवसीय स्वदेशी मेले में गुरुग्राम जिले से आए व्यवसायियों ने 20 से अधिक स्टॉल लगाए। सभी स्टॉल पर बिक्री के लिए स्वदेशी सामान जैसे कि कपड़े, रेशम की साड़ी, ड्रेस मैटेरियल, कुर्ते, जैकेट, खाने पीने का सामान, बेडशीट, कालीन, रसायन मुक्त शैंपू, शहद, धूप अगरबत्ती, मेहंदी अन्य घरेलू सामान और साथ ही उत्कृष्ट कला और हस्तशिल्प आदि उपलब्ध रहे। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग और फोटोग्राफी प्रतियोगिता भी हुई। इसमें 100 से अधिक छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में दीपिका ने पहला, दमन और ऋतु ने दूसरा, प्रिया और रजनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में अंजलि शर्मा ने पहला स्थान, जतिन ने दूसरा स्थान एवं तन्नू यादव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## बाइक की टक्कर से दो घायल

**पुन्हाना।** तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक फूफी और भतीजा से गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका ईलाज जारी है। एक घायल व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रहीं है, जिसको उपचार के लिए दिल्ली ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाहीं शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मुस्ताक पुत्र कमरूद्दीन निवासी ग्राम नंगला सिरौली, उत्तरप्रदेश हालाबाद ग्राम नहेदा पुन्हाना ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह सायं के समय गांव शिकरावा अपनी मोटरसाईकल से जा रहा था, गांव शिकरावा मोड़ पर मेरे गांव नंगला सिरौली निवासी अमजद खान पुत्र रहीशा व उसकी फूफी हूरा खड़े मिले थे।

## भाजपा हरियाणा में नूंह जिले से प्रदेश की विभिन्न सात विधानसभाओं के विस्तारक नियुक्त

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**जिले** में दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग भारतीय जनता पार्टी हरियाणा द्वारा लगाया गया । जिसमें नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद कुरुक्षेत्र माननीय नायब सैनी और प्रदेश प्रभारी विप्लब देव , संगठन महामंत्री भाजपा फणींद्र नाथ शर्मा और प्रदेश संयोजक विस्तारक योजना प्रदेश प्रमुख भारत भूषण मिड्डा के द्वारा आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशिक्षण दिया गया हैं। पहली बार बलविंद्र सिंह जोगी जिला विस्तारक नूंह के नेतृत्व में नूंह जिले से सात विधानसभा विस्तारक नियुक्त किए गए हैं द्य चुनावों की दृष्टि से ये नियुक्ति बहुत महत्वपूर्ण है।



मेवात जिले के साथ विस्तारक नियुक्ति होने के बाद एक साथ।

अंशुल सैनी भादस को बदशापुर विधानसभा, जितेन्द्र सैनी को पलवल विधानसभा, पवन प्रजापति को एन आई टी 86 फरीदाबाद विधानसभा, गोपाल पटेल बड़खल, पवन बघेल तिगांव विधानसभा, कृष्ण दायमा सोहना विधानसभा, बीरसिंह हतीन विधानसभा विस्तारक नियुक्त किए गए हैं।

सभी विस्तारक आगामी लोकसाभा और विधानसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशीयों को जिताने और हरियाणा में भाजपा सरकार को तीसरी बार वापसी कराने के लिए रणनीति बनाएंगे। नायब सैनी ने कहा कि प्रदेश की जनता में भाजपा के जन हितैषी नीतियों और सुशासन के प्रति उत्साहित और फिर से भाजपा सरकार पुन: वापसी करेंगी। उन्होंने सभी विस्तारकों को पार्टी की जन हितैसी नीतियों को जनता के बीच जाकर प्रचार करने के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं।

## बंधक बनाकर डकैती के मामले में एक लाख रुपये का अंतरराज्यीय ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** बंधक बनाकर डकैती की योजना बनाने के मामले में पुलिस ने एक लाख रुपये के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने गुरुवार को बताया कि आरोपी को राजस्थान के सीकर जिला के गोकुलपुर से काबू किया गया है। आरोपी की पहचान विकास उर्फ विक्की गांव गुढा जिला महेंद्रगढ़ के रूप में हुई है।

बता दें कि बंधक बनाकर डकैती डालने की योजना में पुलिस ने 31 मई 2023 को गुरुग्राम के महेंद्रवाड़ा भौंडसी से 7 आरोपियों को काबू किया गया था। आरोपियों की गिरफ्तार में अपराध शाखा सेक्टर-17 की टीम का भी सहयोग रहा। सेक्टर-31 अपराध शाखा प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार निरीक्षक आनन्द कुमार प्रभारी अपराध शाखा सेक्टर-31 की टीम ने इस केस में 1 लाख रुपयों के ईनामी बदमाश को गोकुलपुर जिला सीकर, राजस्थान से काबू किया। मात्र 10वीं पास विकास फिलहाल नोएडा में रहता है। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि उसने इस वारदात को अंजाम देने के लिए आरोपियों के रहने को फ्लैट का इंतजाम किया था। साथ ही हथियार भी उपलब्ध कराए थे। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने थाना सेक्टर-40 गुरुग्राम क्षेत्र से एक गाड़ी लूट की वारदात को भी अंजाम देने का खुलासा किया।



बंधक बनाकर डकैती करने की योजना में गिरफ्तार आरोपी।

## पुन्हाना में छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

पायनियर समाचार सेवा। पुन्हाना

**पुन्हाना** उपमण्ड़ल अधिकारी(ना.) मनीषा शर्मा के नेतृत्व में वोट बनवाने के प्रति जागरुकता लाने के उद्देश्य से स्कूली छात्राओं द्वारा रैली निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में स्कूली छात्राओं ने हाथों में स्लोगन लिखे हुई पट्िकाएं लेकर शहर के मुख्य मार्गों से जागरुकता रैली निकाली। इस दौरान उपमंडल अधिकारी(ना.) मनीषा शर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में डीएसपी पुन्हाना सुरेन्द्र सिंह, थाना प्रभारी अरविंद कुमार व खण्ड़ शिक्षा अधिकारी विरेंद्र कुमार स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।



जागरुकता रैली निकालते हुए स्कूली छात्राएं।

उपमंडल अधिकारी (ना.) मनीषा शर्मा ने कहा कि निर्वाचन आयोग का मुख्य ध्येय पारदर्शी मतदाता सूचि तैयार करना है, लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी पात्र व्यक्ति अपना वोट अवश्य बनवाऐं ।उन्होंने बताया कि जिनका जन्म 2 जनवरी 2004 से एक जनवरी 2006 के बीच हुआ है और उन्होंने अभी तक वोट नहीं बनवाया है। ऐसे व्यक्ति वोटर हेल्पलाईन पर ऑनलाईन फार्म छह भरकर मतदाता बन सक ते है।

उपमंडल अधिकारी(ना.) मनीषा शर्मा ने बताया कि हमारे क्षेत्र में अधिकांश महिलाऐं वोट बनवाने को लेकर जागरूक नहीं है, जिसके कारण उनकी वोट नहीं बन पाती है। इसलिए आज स्कूली छात्राओं के माध्यम से खासतौर पर महिलाओं को वोट के प्रति जागरूक करने के लिए रैली निकाली जा रही है। उन्होंने बताया कि आमजन को वोट बनवाने के प्रति जागरूक व प्रेरित करने के उद्देश्य से जागरूक वाहन के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिनकी आयु जनवरी, अप्रैल, जुलाई व अक्टूबर में 18 वर्ष हो जाती है उन्हें नए वोट बनवाने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। उपमंडल अधिकारी (ना.) मनीषा शर्मा ने कहा कि इलाके के मौजिज लोगों से आह्वान है कि वे अपने स्तर लोगों को वोट बनवाने के लिए जागरूक करे तथा सभी पात्र युवाओं की वोट अवश्य बनवाऐं।

## जिले की दस सीएससी सेंटर पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की छापेमारी से हड़कंप

### एक ही मार्केट में अवैध रूप से चलाई जा रही थी तीन गांवों की सीएससी आईडी

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका




**मेवात** जिले मैं लंबे समय से दूसरे की आईडी और दूसरी लोकेशन पर सीएससी सेंटरों की शिकायत लगातार जिला प्रशासन को मिल रही थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए बृहस्पतिवार को सीएम फ्लाइंग गुड़गांव तथा सीएम फ्लाइंग रेवाड़ी तथा गुप्तचर विभाग नुह के द्वारा संयुक्त टीम बनाकर तावडू, फिरोजपुर झिरका तथा रोजकामेव में दस अलग अलग जगह पर टीम बनाकर एक साथ रेड की गई।

काफी समय से शिकायत मिल रही थी कि सीएससी सेंटर किसी दूसरे व्यक्ति की आईडी पर दूसरी लोकेशन पर चल रहे है तथा ग्राहकों से मन बना रेट वसूल रहे हैं। सरकार की योजनाओं के नाम पर लोगों को गुमराह कर फर्जीवाड़ा कर रहे है। तथा सीएससी सेंटर वाले सरकारी फीस न लेकर डॉक्यूमेंट बनाने में मनमानी फीस वसूल रहे हैं। जिस संबंध में आज संयुक्त टीम बनाकर रेड की गई।

तावडू में जनता मार्केट में तीन स्थानों पर रेड की गई। जिसमें आईडी गांव सल्हाका, डिंगरहेडी, डालावास के नाम से बनी हुई थी लेकिन चला रहे जनता मार्केट में थे। इसी प्रकार पचगांव गोल चक्कर तावडू पर स्थित सीएससी सेंटर की आईडी गांव चिलावली के नाम से थी तथा हौज वाली मस्जिद के पास चल रही सीएससी सेंटर की आईडी मल्लाहका गांव की थी। इसी प्रकार रोजका मेव थाना क्षेत्र के गांव मेहरौला की आईडी रोजका मेव में चल रही थी तथा दो आईडी रेवासेन में चल रही थीं ।

इसी क्रम में फिरोजपुर झिरका में भी सिविल लाइन रोड स्थित एक सीएससी सेंटर में रेड की गई। इस सीएससी सेंटर में रेड के दौरान जो भी फर्जी डॉक्यूमेंट तथा अनियमिता सामने आई हैं। वही एक मुख्य मार्ग पर मॉर्गेज बैंक के अंदर सीएससी चलती पाई गई। उनकी रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को आगामी कारवाई के लिए भेज दी गई है।

सीएम फ्लाइंग रेवाड़ी के अधिकारी अनिल कुमार का कहना है कि जो भी अनियमितताएं सीएससी सेंटरो पर पाई गई है उन सभी की रिपोर्ट बनाकर भेज दी गई है।

## अंत्योदय उत्थान की भावना से कार्य कर रही मोदी-मनोहर सरकार

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**केंद्रीय** कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि अंत्योदय उत्थान की भावना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकारें अपना कार्य कर रही हैं। विकसित भारत-संकल्प यात्रा एवं जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से सरकार विकास की गारंटी के साथ आमजन तक पहुंच रही है।



केंद्रीय राज्य मंत्री खंड पुन्हाना के गांव बिसरू में आयोजित विकसित भारत-संकल्प यात्रा एवं जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बाद उपस्थित ग्रामीणों से सीधा संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया जा रहा है, जोकि प्रधानमंत्री के भविष्य के व विजन को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पीएम गरीब लोगों की समस्याओं से वाकिफ हैं, इसलिए उन्होंने ऐसी योजनाएं बनाई हैं, जिसका सीधा फायदा गरीबों को मिल रहा है। किसान समृद्धि योजना से किसानों को सीधा लाभ दिया जा रहा है। खेती में आधुनिक प्रणाली का उपयोग करने के लिए ड्रोन से खेती करने की योजनाएं चलाई जा रही हैं, ताकि किसान का पैसा व मेहनत भी बचे और उसकी आमदनी भी अच्छी हो। देश की करीब 80 करोड़ जनता को फ्री में राशन दिया जा रहा है, ताकि कोई भी गरीब परिवार भूखा न रहे। भारत की अर्थव्यवस्था भी लगातार मजबूत हो रही है।

कोरोना में देशवासियों को फ्री वेक्सीनेशन किया गया और सबसे पहले कोरोना से बचाव की दवाई भारत में बनी और विश्व के अनेक देशों ने भारत में बनी दवाई को उपयोग किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे पलवल से विधायक दीपक मंगला ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अंत्योदय उत्थान की सोच के तहत अंत्योदय मेले आयोजित कर लोगों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

कौशल रोजगार निगम के माध्यम से युवाओं को नौकरियां दी जा रही हैं। अंत्योदय परिवार के उम्मीदवार को सरकारी नौकरियों की भर्ती में 5 अतिरिक्त अंक दिए रहे हैं, जिसका कोई भी सदस्य सरकारी नौकरी में नहीं है। गरीब परिवारों के बच्चों को मान्यता प्राप्त प्राइवेट विद्यालयों में पढ़ाने का समान अवसर मुहैया करवाने के उद्देश्य से चिराग के नाम से एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। जिन अभिभावकों की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये तक है उनकी लड़कियों की सरकारी व प्राइवेट कॉलेजों में किसी भी प्रकार की फीस नहीं लगेगी। जिन अभिभावकों की वार्षिक आय 3 लाख रुपये तक है, उनकी लड़कियों की सरकारी व प्राइवेट कॉलेजों में आधी फीस लगेगी।

प्रदेश सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए हैं। मोदी-मनोहर सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं को गरीब के घर तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है।

## क्लीनिक संचालिका के विरुद्ध दी शिकायत को स्वास्थ्य विभाग ने दबाया

### अवैध प्रसव केंद्र में महिलाओं की जान से हो रहा खिलवाड़, स्वास्थ्य विभाग मौन

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**नगर** के नूंह मार्ग पर संचालित एक क्लीनिक में अवैध रूप प्रसव केंद्र को स्वास्थ्य विभाग का पूरा संरक्षण प्राप्त है। एक गर्भवती महिला के उपचार में लापरवाही से संबंधित दी शिकायत को भी स्वास्थ्य विभाग ने क्लीनिक संचालिका से मिलीभगत कर दबा दिया। उपरोक्त आरोप पीड़िता महिला के पति ने लगाए हैं। जिन्होंने मामले को लेकर शिकायत करते हुए विजिलेंस और सीएम फ्लाइंग से जांच की मांग की है।

गांव निजामपुर के रहने वाले आकिब ने बताया कि बीते जुलाई माह में चार चार माह की गर्भवती पत्नी की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट तस्लीमा क्लिनिक की संचालक व चिकित्सक तशील को दिखाई। जिस पर क्लीनिक संचालिका ने गर्भ में बच्चा खराब होने की बात कही। जिसे पत्नी की जान को खतरा बताते हुए गर्भपात के लिए कहा। परिजनों ने अस्पताल संचालिका के कहने पर गर्भपात करा लिया। लेकिन पेट में दर्द खत्म नहीं हुआ। कुछ दिनों बाद आंखों की रोशनी चली गई। दोबारा अल्ट्रासाउंड कराया तो पता चला कि गर्भपात के दौरान क्लिनिक संचालिका की ओर से भारी लापरवाही के साथ कुछ अंश महिला के पेट में ही छोड़ दिए। आकिब का आरोप है कि तशिला एक झोलाछाप चिकित्सक है जो भोले भाले और अनपढ़ लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करती है।

उन्होंने बताया कि उपरोक्त मामले को लेकर एक रिश्तेदार ने स्वास्थ्य विभाग में शिकायत दी थी, लेकिन मंडीखेड़ा जांच बोर्ड के सदस्यों ने झोलाछाप चिकित्सक से मिली भगत कर जांच में जानबूझकर लापरवाही की। शिकायत से सम्बंधित सबूत भी पेश किए।

पायनियर क्लासीफाइड

**नाम परिवर्तन**

I, Kanta Rani Mother of 731686T JWO Deepak Kumar Sharma (Retd), R/O H.No. 927 Sector-23, Faridabad, Haryana, hereby declare that my correct name/date of birth is Kanta Rani/ 08 Jul 1948 whereas the name/ date of birth recorded in service records of my son is Kanta Sharma/ 15 Aug 1945 which is incorrect. My correct name/ date of birth is Kanta Rani/ 08 Jul 1948 be used for all future purposes and same be changed in service records of my son Deepak Kumar Sharma. This change affirmed vide Affidavit dated 28/11/2023 before Distt Court, Sector-12, Faridabad, Haryana.

**Public Notice**

I,Prem Kaur W/o Late. Sh. Birkha Ram R/o Atma Nagar, Bhiwani Road, Jind Tehsil and District Jind do hereby solemnly affirm and declare as under: 1. That I have three sons namely Rajender Kumar, Annand Maalik@Mohinder and Suresh Malik. 2. That after the death of my husband i.e. late. Sh. Birkha Ram I got property in village Shamlo Kalan, Tehsil Jind and also in Bemetra District, Chattisgarh etc. which is used for agriculture. The house in which I am residing in Atma Nagar is also owned and possessed by me. 3. That my son Annand Maalik@ Mohinder got married to Neelam Malik in the year 1995 and since then she never lived me and my family. That since the beginning of the marriage she never showed any love and respect towards me and my family. The conditions got deteriorated after the marriage which traumatized me mentally and emotionally and impacted my health conditions. That it got even worse in 2017 when Neelam Malik transferred the property of Shamlo Kalan Tehsil Jind in the name of her brother which left me with utmost shock and betrayal. That I declare from today I have no concern or connection of any kind with Annand Maalik@ Mohinder and Neelam Malik. I will not be responsible for any of their act or omission. If anybody will deal with them in any way will be dealing at his own risks and costs. 4. That I have ousted them from my present and future property or any kind of movable and immovable property etc. in any shape or kind. Annand Maalike Mohinder and Neelam Malik will not get any part of my present or future property movable or immovable etc. at any point of time.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# युद्धविराम का विस्तार

## स्थायित्व की उम्मीद

**गाजा** में युद्धविराम के विस्तार से क्षेत्र में विभिन्न पक्षों को स्थायित्व स्थापित करने का अवसर मिला है। यह युद्धविराम और उसका विस्तार एक औसत फिलिस्तीनी के लिए ईश्वरीय वरदान की तरह है जिसे तोप के गोलों से राहत मिली है और उसे शांति से राशन व दवायें प्राप्त करने का अवसर मिलेगा जिनका युद्धक्षेत्र में मिलना बहुत कठिन हो गया था। युद्धविराम के दो-दिवसीय विस्तार ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय में आशा की किरण पैदा की है। यह समय क्षेत्र में लंबी शांति के लिए परोक्ष राजनय को अवसर देने का है। लेकिन, हमास और इज़राइल द्वारा फिलहाल युद्ध बंद करने की घोषणा के बाद स्थायित्व की दीर्घकालीन संभावनाओं पर सवाल भी उठ रहे हैं। सवाल है कि क्या इन अतिरिक्त दो दिनों से स्थाई शांति के लिए सार्थक वार्तालाप संभव हो सकेगा अथवा यह खूनी युद्ध फिर शुरू होने के पहले केवल अस्थाई ठहराव है? अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने घटनाक्रम को यहां तक लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है तथा टिकाऊ शांति का माहौल तैयार किया है। युद्धविराम में दो दिन के विस्तार का निर्णय हमास व इज़राइल की इच्छा से लिया गया है जो बमों, गोलियों और रक्तपात के अलावा समस्या समाधान के अन्य रास्ते खोजना चाहते हैं। युद्धविराम से मिली इस राहत से तनाव घटाने तथा वार्तालाप के लिए रास्ता खुलने की उम्मीद है। लेकिन क्षेत्र में टकरावों के इतिहास से ऐसे समझौतों के स्थायित्व पर संदेह पैदा होता है। युद्धविराम के विस्तार से मानवीय प्रयासों को मौका मिलेगा तथा हिंसा से प्रभावित लोगों तक आवश्यक वस्तुयें व दवायें पहुंचाना आसान हो जाएगा। इसके साथ ही युद्धविराम से राजनयिक पहलों को अवसर मिल सकता है। इससे वह परिवेश तैयार होगा जिसमें दोनों पक्ष संवाद के माध्यम से मुद्दों को संबोधित कर सकते हैं।



गाजा में टकराव का एक परोक्ष, लेकिन बड़ा नतीजा क्षेत्रीय राजनीति में महाशक्तियों की बढ़ती संलिप्तता है। अब अमेरिका और पश्चिम इज़राइल के साथ हैं, जबकि चीन और रूस ने हमास का समर्थन किया है। इसके सारी दुनिया के लिए जटिल नतीजे निकल सकते हैं। इसलिये यह न केवल इज़राइल और फिलिस्तीन की जनता, बल्कि सारी दुनिया के हित में है कि फिलहाल यह टकराव थम जाए। इसके लिए संयुक्त राष्ट्रसंघ, क्षेत्रीय शक्तियों और अन्य प्रभावशील देशों समेत सभी पक्षों को सक्रिय रूप से दोनों पक्षों को सार्थक संवाद के लिए प्रेरित करना चाहिए ताकि टकराव का कारण बनने वाले प्रमुख मुद्दों को संबोधित किया जा सके। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को परस्पर सहयोग से पुनर्वास सहायता, चिकित्सा सहायता तथा पुनर्निर्माण प्रयासों को गति देनी चाहिए ताकि युद्ध में फंसे लोगों को राहत दी जा सके। युद्धविराम विस्तार के बाद स्थिति को फिर पहले जैसा होने से रोकने के लिए स्थाई राजनयिक प्रयासों की आवश्यकता है। गाजा में युद्धविराम से फिलहाल इस क्षेत्र में शांति स्थापना की उम्मीद पैदा हुई है, पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को क्षेत्रीय शांति के लिए आगे का रास्ता निर्धारित करने में सतर्कता बरतनी होगी। राजनयिक पहलों के सक्रिय समर्थन, मानवीय आवश्यकताओं को संबोधित करने तथा निरतंर संवाद को प्रोत्साहन देकर विश्व समुदाय इस क्षेत्र में लंबे समय के लिए स्थायित्व सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान कर सकता है। इसके उलट यदि युद्ध फिर शुरू हो जाता है तो इससे केवल हिंसा का दुष्चक्र और मजबूत होगा तथा युद्ध से सीधे प्रभावित होने वालों की पीड़ा और बढ़ेगी।

# नेपाल की रणनीतिक स्वायत्तता

नेपाल अपनी रणनीतिक स्वायत्तता पर जोर देते हुए स्वयं को चीन की आक्रामकता व दबाव वाली रणनीति से दूर रखने का प्रयास कर रहा है।



**अशोक के. मेहता**
(लेखक, सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



वर्तमान समय में नेपाल दशहरा और तीहर मनाने के साथ अपनी लंबी वार्षिक छुट्टियों से निकल कर कामकाज में तेजी ला रहा है। इन छुट्टियों से नेपाल को जाड़े का सामना करने तथा नव वर्ष विक्रम संवत 2080 मनाने का अवसर मिला है। नेपाल के लगभग एक तिहाई लोग भारत और विदेश में रहते हैं। इसके अलावा लगभग 1,500 नेपाली नौजवान रोज देश छोड़ कर विदेशों में नौकरियों और रोजगार के लिए जा रहे हैं। मैंने 1959 के बाद से लगभग हर साल नेपाल की यात्रा की है। मुझे वहां लोगों की जीवनशैली और उपभोग के बेहतर होते मानक स्पष्ट दिखाई देते हैं। नेपाल में आज भी लोग या तो बहुत अमीर हैं या बहुत गरीब तथा मध्य वर्ग का आकार बहुत छोटा है। नेपाल के अनेक लोग हाल में डेंगू या जाजराकोट भूकंप के शिकार हुए हैं, लेकिन इनको छोड़ कर नेपाल के बाकी लोग प्रसन्न हैं।

नेपाल के लोग बहुत संतोषी प्रकृति के हैं और वे बहुत थोड़े में ही प्रसन्न हो जाते हैं। नेपाल में विकास के परिणाम भी स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ते हैं। जब नल से जल, बिजली, स्कूल और अस्पताल घाटियों में पहुंच जाते हैं अथवा सड़कों के किनारे उनका संजाल बिछ जाता है तो लोग पहाड़ों से उतर कर नीचे आ जाते हैं। उनमें से अनेक लोग पहाड़ों को प्रकृति से मिले उपहारों को छोड़ कर मानव-निर्मित सुविधाओं का लाभ लेने के बहुत इच्छुक दिखाई देते हैं। तेजी से बनाई गई अनेक सड़कों पर अभी डामर तक नहीं बिछा है। इनके कारण पहाड़ों में प्रदूषण फैल रहा है और परिवेश लगभग पूरी तरह बदल रहा है। इन अधबनी व धूल से भरी सड़कों पर स्कूटर, कार, मोटरसाइकिलें, ट्रक, ट्रैक्टर व इंजनों से चलने वाले अनेक प्रकार के वाहन चल रहे हैं। इन बदलती परिस्थितियों के कारण पर्यावरण प्रदूषण तेजी से फैल रहा है और इसके कारण कुछ लोग वापस पहाड़ों में ऊपर जाने लगे हैं।

पिछले सप्ताह काठमांडू की खबरों में एक व्यक्ति छाया रहा। बिजनेसमैन और राजनेता दुर्गा प्रसेन को सीपीएन यूएमएल से निकाल दिया गया। उन्होंने सीपीएन यूएमएल प्रमुख तथा पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. ओली के खिलाफ काठमांडू में 10 लाख प्रदर्शनकारी एकत्र करने की धमकी दी थी। उन्होंने राज्य के बैंकों से भारी मात्रा में कर्ज लिया है और उसे न चुका पाने के कारण उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई पर उनका कहना है कि जब वे कर्ज देने की स्थिति में आ जाएंगे तो इसे चुकता कर दिया जाएगा। प्रसेन ने राजा ज्ञानेन्द्र को अपने साथ जोड़ा है जो धैर्य के साथ इस उम्मीद पर कायम हैं कि देर-सवेर देश में राजतंत्र फिर बहाल हो जाएगा।

इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि पंथनिरपेक्ष, संघीय, लोकतांत्रिक गणतंत्र नेपाल में राजनेताओं और सरकार के खराब रिकार्ड को देखते हुए जनता का एक हिस्सा राजतंत्र की वापसी के पक्ष में मन बनाने लगा है। नेपाल के इतिहास पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि प्रचंड के नेतृत्व में लगभग एक दशक तक चले माओवादी गृहयुद्ध ने 2008 में राजतंत्र को उखाड़ फेंका था। 2015 के संविधान ने भी राजतंत्र के उन्मूलन की पुष्टि कर दी थी। हाल ही में राजा ज्ञानेन्द्र ने प्रसेन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्वी नेपाल में भाग लिया था। इस कार्यक्रम में ज्ञानेन्द्र ने कहा था, 'हम कभी नहीं चाहते थे कि नेपाल ऐसा गणतंत्र बने जो अपने 10 लाख नौजवानों को नौकरियों व रोजगार के लिए खाड़ी देशों में भेज दे।'

हालांकि, राजा ज्ञानेन्द्र सरकार के निशाने पर हैं, पर उनकी बहू हिमानी समाज कल्याण का काम करती हैं और नेपाली समाज में बहुत लोकप्रिय हैं। ज्ञानेन्द्र ने इस साल दो बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। नेपाल के शासक शाह राजपरिवार तथा योगी आदित्यनाथ की गोरक्षनाथ पीठ के बीच मजबूत ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। पुराने नेताओं पशुपति राना और कमल थापा को हाशिए पर धकेल दिए जाने के बाद राजशाही-समर्थक आरपीपी का नेतृत्व राजेन्द्र लिंगदेन के हाथों में आ गया। उन्होंने चुनावों में बड़ी सफलता प्राप्त की है।

हालिया नेपाल यात्रा के दौरान लोगों ने मुझसे पूछा कि क्या भारत नेपाल में हिंदू राष्ट्र की स्थापना और राजतंत्र की वापसी का समर्थन करेगा। मैंने कहा कि इस बारे में निर्णय नेपाल की जनता को करना होगा। लेकिन पोखरा में मेरे निवास के निकट रहने वाले नेपाली कांग्रेस के नेता तथा बिजनेसमैन बुद्धिमान गुरुंग ने जोर देकर कहा, 'नेपाल में लोकतंत्र कभी वापस नहीं आ सकता है।' लेकिन इस बात में कोई संदेह नहीं है और मैं भी इस बात का समर्थन करता हूं कि नेपाल में शाही परिवार के प्रभाव में हाल में बहुत तेजी से वृद्धि हुई है। इसका प्रमुख कारण लोगों में वर्तमान प्रशासन की खराब गुणवत्ता के कारण बढ़ता असंतोष है। इसी कारण लोगों का ध्यान फिर से शाही परिवार की ओर जाने लगा है। माओवादी नेता प्रचंड के पास 275 सांसदों वाले सदन में 32 सीटें हैं और उनकी पार्टी की स्थिति खराब हो रही है। हालांकि, उन्होंने भ्रष्टाचार पर सीधे हमला बोल कर अपनी गिरती लोकप्रियता सुधारने का प्रयास किया है। वे एक गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है।

लेकिन नेपाली कांग्रेस तथा गठबंधन में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन यूएमएल के बीच चुनावी तालमेल के चलते प्रचंड किंगमेकर की भूमिका में हैं। वे अगले महीने सत्ता में एक साल पूरा करेंगे और देउबा के साथ सत्ता-साझा व्यवस्था के बावजूद वे कह रहे हैं कि पूरे पांच साल शासन करेंगे। इस प्रकार वे देउबा के साथ उसी व्यवहार की तैयारी कर रहे हैं जो उनसे ओली ने किया था। पहले ओली-नीत गठबंधन में प्रचंड का ओली के साथ सत्ता साझा समझौता था, पर उन्होंने इसका सम्मान नहीं किया था।

राजनेताओं व नौकरशाहों के बीच अनेक घोटालों ने जनता को बहुत नाराज किया है। चीन से सोने की स्मगलिंग और बालूवाटर भूमि घोटाले के साथ मानव तस्करी का मामला भी है जिसमें भूटानी शरणार्थी के रूप में नेपाली अमेरिका में शरण लेते हैं। इन घोटालों में पूर्व प्रधानमंत्री, मंत्री, उनके परिवारी तथा बेटे शामिल रहे हैं। पूर्व जल-संसाधन मंत्री दीपक ग्यावली ने कहा था कि 'भ्रष्टाचार नेपाल को बरबाद कर देगा।' नेपाल में एक अन्य समकालीन मुद्दे - 'ट्रांजीशनल रिकंसीलियेशन एंड जस्टिस' का संबंध 17 साल पहले हुए माओवादी विद्रोह से है। हाल में नेपाल की यात्रा में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटरेस ने नेपाल को सहायता का समर्थन करते हुए जोर देकर कहा था कि इसे 'पीड़ित-केन्द्रित' होना चाहिए। प्रचंड जलवायु शिखर सम्मेलन के लिए दुबई जा रहे हैं, पर जाजरकोट भूकंप पीड़ितों का मामला ठंडे बस्ते में पड़ा है। टिकटाक पर प्रतिबंध अत्यधिक अलोकप्रिय सिद्ध हुआ है।

शांति गरुंग ने मुझे बताया कि वे और उनके मित्र इसे वीपीएन के माध्यम से प्रयोग करते हैं। टिकटाक ने नेपाल में सेलेब्रिटीज़ तथा कुछ अन्य लोगों को बहुत अमीर बना दिया है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता और तिब्बती मामला प्रबंधन कार्यकारी समिति के प्रमुख वांग जुनझेंग इस महीने नेपाल आए थे जो चीनी नेताओं की नियमित यात्राओं का हिस्सा है।

प्रचंड ने सितंबर में अपनी चीन यात्रा के दौरान बीआरआई-2 पर हस्ताक्षर नहीं किए थे, लेकिन सालों तक राजनीतिक दबावों तथा अमेरिका की परोक्ष धमकियों के बाद नेपाल ने अमेरिकी एमसीसी को स्वीकार किया है। नेपाल अपनी रणनीतिक स्वायत्तता पर जोर दे रहा है, पर चीन एक आक्रामक पड़ोसी है। काठमांडू चाहता था कि उसके 21 उत्तरी जिलों को चीन की तिब्बत पावरग्रिड से जोड़ा जाए। चीन से भारी ब्याज पर लिए कर्ज से बने भैरवारा और पोखरा हवाईअड्डे बिजनेस नहीं कर रहे हैं और केवल घरेलू उड़ानों तक सीमित हैं। गोरखपुर में भारतीय वायुसेना अड्डे तक जगुआर उड़ाने में समस्या है, पर इस समस्या का समाधान हो सकता है।

नेपाल के साथ द्विपक्षीय संबंधों में भारत की भौगोलिक स्थिति सबसे महत्वपूर्ण आयाम है। ऐसे में नेपाल को चीन और भारत में से चुनाव करने में दुविधा नहीं होनी चाहिए।

# कारपोरेट जगत में प्रगति की चुनौतियां

**उत्तम चक्रवर्ती**
(लेखक, सहायक प्रोफसर हैं)



ब्रिटिश लेखक और धर्मशास्त्री फ्रेडरिक विलियम रॉबर्टसन ने ठीक ही कहा है, दुनिया में तीन चीजें हैं जो दया के लायक नहीं हैं, पाखंड, धोखाधड़ी और अत्याचार। शक्ति मानवीय संबंधों में एक व्यापक और मौलिक शक्ति है और सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक संबंधों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सामाजिक समूहों में शक्ति का अंतर समूह की गतिविधियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण है। अधिकांश लोग सत्ता चाहते हैं, और सत्ता के कई फायदे हैं। हालाँकि, कई मामलों में सत्ता एक भ्रष्ट करने वाली शक्ति है।

सैम अल्टमैन का ओपनएआई से हाल ही में और संक्षिप्त प्रस्थान और फिर से उसी पद पर कंपनी में लौटना आश्चर्य की बात है। हालांकि, संस्थापकों को उनके संगठनों से बाहर किया जाना विचार-विमर्श की बड़ी तस्वीर रही है। यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन नई नहीं है. इतिहास में ऐसे दूरदर्शी नेताओं के उदाहरण देखे गए हैं जिनका अपने बोर्डों या हितधारकों के साथ मतभेद था, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें हटा दिया गया। एप्पल में स्टीव जॉब्स से लेकर उबर में ट्रैविस कलानिक तक, कहानियाँ उतनी ही विविध हैं जितनी स्वयं उद्योग।

अजेयता का मिथक जारी है. एक सामान्य सूत्र जो अपदस्थ संस्थापकों की कहानियों को एक साथ जोड़ता है, वह अजेयता की धारणा है जो अक्सर उन्हें घेरे रहती है। जब कोई कंपनी अपनी प्रारंभिक अवस्था में होती है, तो संस्थापक सिर्फ एक नेता नहीं होता है, बल्कि संगठन की पहचान और उद्देश्य का प्रतीक होता है। हालांकि, जैसे-जैसे कंपनी बढ़ती है, मांगें और चुनौतियां विकसित होती हैं, और एक स्टार्टअप का नेतृत्व करने के लिए आवश्यक कौशल एक बड़े निगम को चलाने के लिए आवश्यक कौशल के साथ संरेखित नहीं हो सकते हैं। संस्थापकों, विशेष रूप से मजबूत दृष्टिकोण और व्यक्तित्व वाले लोगों को इन बदलती गतिशीलता के अनुकूल ढलना चुनौतीपूर्ण लग सकता है।

ओपनएआई से कुछ दिनों के लिए सैम ऑल्टमैन का बाहर निकलना एक उदाहरण के रूप में कार्य करता है। हालाँकि उन्होंने संगठन की शुरुआती सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, लेकिन तेजी से बढ़ते उद्यम की जटिलताओं से निपटने के लिए एक अलग नेतृत्व शैली की आवश्यकता स्पष्ट हो गई होगी। कंपनी की दीर्घकालिक व्यवहार्यता सुनिश्चित करने के कर्तव्य से प्रेरित बोर्ड और हितधारक, उस नेता से अलग होने का कठिन निर्णय ले सकते हैं जिसने कंपनी को अस्तित्व में लाया था।

भारतीय फिनटेक दिग्गज भारतपे के सह-संस्थापक अश्नीर ग्रोवर की कहानी को इसी संदर्भ में सोचा जा सकता है। यह अपदस्थ संस्थापकों की किताब में एक और अध्याय है। उनके मामले में, संघर्ष केवल रणनीतिक दिशा के बारे में नहीं था, बल्कि अहंकार और नेतृत्व शैलियों के टकराव के बारे में भी था। ग्रोवर का मुखर और कभी-कभी विवादास्पद आचरण, जिसे स्टार्टअप चरण में सहन किया जा सकता था या मनाया भी जा सकता था, कंपनी के समय बीतते परिपक्व होने के साथ एक दायित्व बन गया। इससे एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है- किसी संस्थापक की पहचान उनके द्वारा बनाई गई कंपनी से कितनी जुड़ी होती है, और वह पहचान संगठन को आगे बढ़ाने के बजाय कब बाधा डालने लगती है? ग्रोवर जैसे संस्थापकों को हटाने से पता चलता है कि कंपनियां अपने दूरदर्शी नेताओं के करिश्मे और विलक्षणताओं पर स्थिरता और अधिक सामंजस्यपूर्ण आंतरिक वातावरण को प्राथमिकता दे सकती हैं।

उबर में ट्रैविस कलानिक का मामला शायद इतिहास में किसी संस्थापक को बाहर करने के सबसे कुख्यात उदाहरणों में से एक है। राइड-शेयरिंग दिग्गज की तेजी से प्रगति के साथ-साथ कई विवाद भी जुड़े, जिनमें कार्यस्थल पर उत्पीड़न और जहरीली कॉर्पोरेट संस्कृति के आरोप शामिल थे। इस उदाहरण में, कलानिक को हटाने का बोर्ड का निर्णय न केवल वित्तीय चिंताओं से प्रेरित था, बल्कि कंपनी की खराब प्रतिष्ठा को संबोधित करने की तत्काल आवश्यकता से भी प्रेरित था। कलानिक की कहानी नेतृत्व में जवाबदेही के महत्व को रेखांकित करती है। जबकि संस्थापकों को अक्सर शुरुआती चरणों में छूट दी जाती है, जिस क्षण उनके कार्यों से कंपनी की अखंडता या सार्वजनिक धारणा को खतरा होता है, बोर्ड को कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। यह संस्थापक की स्वायत्तता और कंपनी और उसके हितधारकों के प्रति उनकी जिम्मेदारी के बीच नाजुक संतुलन पर सवाल उठाता है।

वेवर्क के एडम न्यूमैन एक अन्य संस्थापक हैं जिनकी भव्य दृष्टि अंततः उनके पतन का कारण बनी। वेवर्क के लिए न्यूमैन की महत्वाकांक्षी योजनाएं, जिसमें उसका आईपीओ भी शामिल था, कंपनी के वित्तीय स्वास्थ्य और शासन प्रथाओं से जुड़े विवादों के कारण खराब हो गई थी। उन्हें हटाना कंपनी को बचाने और निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए एक आवश्यक सुधारात्मक उपाय था। एडम न्यूमैन की सावधान करने वाली कहानी एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है कि दूरदर्शी नेतृत्व एक स्टार्टअप की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है, अनियंत्रित महत्वाकांक्षा और ग्राउंडिंग की कमी, वास्तव में, एक संस्थापक की बर्बादी का कारण बन सकती है। बोर्ड और हितधारकों को सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करना चाहिए कि क्या संस्थापक की आकांक्षाएं कंपनी की दीर्घकालिक स्थिरता के साथ संरेखित हैं या क्या वे कल्पना के दायरे में घूम रहे हैं। अपदस्थ संस्थापकों की मंडली में, स्टीव जॉब्स एक अनोखे मामले के रूप में सामने आए हैं। 1985 में एप्पल से उनका प्रस्थान आंतरिक सत्ता संघर्ष और बोर्ड के साथ असहमति का परिणाम था।

जॉब्स की टकरावपूर्ण शैली और एकतरफा निर्णय लेने की प्रवृत्ति ने एप्पल के भीतर तनाव को और बढ़ा दिया। समझौता करने की उनकी अनिच्छा और असहमतिपूर्ण दृष्टिकोण के प्रति उनकी अधीरता ने सहकर्मियों और बोर्ड सदस्यों दोनों को अलग-थलग कर दिया। 1985 में, कई तीखी झड़पों और बोर्ड के अविश्वास प्रस्ताव के बाद, जॉब्स को सीईओ पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालाँकि, 1997 में जॉब्स की एप्पल में वापसी और उसके बाद कंपनी की किस्मत का पुनरुत्थान उस दुर्लभ परिदृश्य को दर्शाता है जहा एक संस्थापक को एक बार फिर से उनकी रचना का नेतृत्व करने के लिए बहाल किया जाता है। अय्यूब की कहानी एक दूरदर्शी नेता के स्थायी प्रभाव और मुक्ति की क्षमता का एक प्रमाण है।

हालांकि, यह ध्यान देने योग्य है कि जॉब्स एक संयमित दृष्टिकोण और सहयोग करने की इच्छा के साथ एप्पल में लौटे, जो उनके पिछले कार्यकाल के बिल्कुल विपरीत था। इससे पता चलता है कि असाधारण मामलों में भी, संस्थापकों को विकसित होना चाहिए और अपने संगठनों की बदलती जरूरतों के अनुरूप ढलना चाहिए।

हर जगह सत्ता, विशेषाधिकार, भ्रष्टाचार और पाखंड का बोलबाला है। जिन कंपनियों का निर्माण उन्होंने किया था, उनके संस्थापकों को हटाना एक जटिल और अक्सर दर्दनाक प्रक्रिया है। इसमें कंपनी की पहचान बनाए रखने और उसकी दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित करने के बीच एक नाजुक संतुलन शामिल है। हालांकि प्रत्येक मामला अद्वितीय है, सामान्य विषय उभर कर सामने आते हैं।

## आप की बात

### एआई के चमत्कार

**आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस**-एआई के नित्य नए चमत्कार सामने आते जा रहे हैं। अब फेशियल रिकगनीशन सिस्टम के जरिए अपराधियों के पूरे बायोमेट्रिक रिकॉर्ड्स बनाए जा सकेंगे। इसमें बोलचाल, चेहरे के हाव-भाव, आंखों की हरकतें, क्रोध, तनाव आदि का व्यवस्थित रिकॉर्ड रखा जाएगा। सार्वजनिक स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों व सॉफ्टवेयर से जोड़कर सिक्योरिटी रूम में बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे और भीड़भाड़ वाले स्थान पर अपराधियों के बार-बार आने-जाने पर नजर रखी जा सकेगी। बेंगलुरु के हेल्थ एवं न्यूरोसाइंस ने बेहतर ब्रेन मैपिंग तकनीक विकसित की है। इसमें 32 इलेक्ट्रोड वाले एक हेलमेट को अपराधी के सिर पर रखकर उसकी ब्रेन मैपिंग कर उसके द्वारा बोले झूठ का सटीक पता लगाया जा सकेगा। ब्रिटेन ने एआई प्रयोग में पुलिस को प्रशिक्षित कर अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए तैयार किया है। दावा तो यहां तक किया जा रहा है कि अपराध होने से पहले ही अपराधियों को पकड़ा जा सकेगा। यह किसी चमत्कार से काम नहीं होगा। लेकिन एआई तकनीकों पर विधिक व नैतिक नियंत्रण जरूरी होगा क्योंकि ऐसा न होने पर यह कुछ खास लोगों या समुदायों के उत्पीड़न का कारण बन सकती है।

- **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### बहादुर श्रमिक

**आखिरकार** 17 दिनों पुराना संघर्ष समाप्त हुआ और 41 मजदूरों को उत्तराखंड में सुरंग से बाहर निकल लिया गया। अमेरिकन औगुर, भारतीय सेना, एसडीआरएफएवं एनडीआरएफ सभी ने अपनी-अपनी भूमिका इस मिशन में निभाई है, परन्तु झाँसी से बुलाये गए-रैट होल माइनर्स- ने इसमें सबसे अहम भूमिका निभाई है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि वे ईश्वर के भेजे दूत से कम नहीं थे। बचाव टीम की जितनी प्रशंसा करें वह कम ही होगी, लेकिन जिस धैर्य, दृढ़ संकल्प और संयम का परिचय इन 41 मजदूरों ने दिया है वह अपने आप में एक मिसाल है। उन्होंने बचाव टीम द्वारा बताये सारे टास्क ठीक से किये और ऑक्सीजन पाइप का भी समुचित उपयोग किया। सरकार को इस घटना से सबक लेकर अपने आपदा प्रबंधन में काफी सुधार लाने की जरूरत है। इस प्रकरण की पूरी उच्चस्तरीय व पारदर्शी जांच होनी चाहिए कि इतनी बड़ी परियोजना में आपातस्थिति की तैयारी ठीक से क्यों नहीं की गई थी। रैटहोल माइनर्स ने सिद्ध कर दिया है कि जीवन से संघर्ष करने वाले लोगों के पास ऐसे अनेक कौशल हैं जिनको मुख्यधारा में समुचित मान्यता नहीं मिली है।

- **बाल गोविंद,** नोएडा

### तुष्टीकरण नीति

**बिहार सरकार** द्वारा आगामी वर्ष का कैलेंडर जारी करते ही चर्चा का माहौल गर्म हो गया है। आगामी वर्ष में बिहार सरकार ने हिन्दू समाज के विशिष्ट उत्सवों पर अवकाश में कटौती कर दी है। हमारे देश की जनता को छुट्टियों से जितना लगाव है, उसे देखते हुए यह नाराजगी जायज है। परन्तु यह इसलिए अधिक गंभीर और अलग हो जाती है कि बिहार सरकार ने मुस्लिम समुदाय के त्योहारों की छुट्टियों में इजाफा कर दिया है, जबकि हिंदू त्योहारों की छुट्टियों में कटौती की गई है। बिहार में मुसलमानो का मत-प्रतिशत काफी है इसलिए वहाँ छुट्टियों के माध्यम से मुस्लिम मतदाताओं को साधने का प्रयास किया गया है। लेकिन यह स्पष्ट रूप से तुष्टीकरण है। ऐसी नीतियों से एक वर्ग को जानबूझ कर गुस्सा नहीं किया जाना चाहिए। पिछड़े वर्ग और मुस्लिम मतदाताओं के सहारे चुनाव जीतने का प्रयास हो रहा है उनमे पिछड़े वर्ग के त्योहारों की अपेक्षा करना कहाँ तक सही है? पहले भी एक बड़े नेता ने लाल किले से एक मुस्लिम त्योहार पर छुट्टी की घोषणा की थी, पर उन्होंने भी हिंदू त्योहारों पर छुट्टियों में कोई कटौती नहीं की थी।

- **मनोज पुरुषार्थी,** मेरठ

### सफलता से सबक

**सिल्क्यारा सुरंग** में फंसे 41 मजदूरों को 17वें दिन सकुशल बाहर निकाल लिया गया है। 400 घंटे चले राहत व बचाव कार्य और मजदूरों के धैर्य एवं हिम्मत की जीत हुई है। इसी के साथ सुरंग में मजदूरों और उनके घरवालों ने कल दीवाली मनाई क्योंकि ये हादसा दिवाली के दिन ही हुआ था। हालांकि दीवाली के दिन से ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की मदद से मलबे को हटाने का कार्य किया जा रहा था, लेकिन बार-बार रुकावटे आई जा रही थीं। अंत में रैट होल माइनिंग के जरिए जंग जीती गई। लेकिन बड़ा सवाल ये है कि आखिरकार कब तक ऐसे ही सुरंग में मजदूर फंसते रहेंगे और उनकी जान पर खतरा मंडराता रहेगा? क्योंकि ये पहली बार नहीं है जब किसी सुरंग में काम करते हुए मजदूरों के फंसने की खबर आई हो। इससे पहले भी कई बार मजदूर खुदाई करते समय सुरंग में फंस चुके हैं और कई बार श्रमिकों की ऐसे हादसे में जान भी जा चुकी है। इसलिए जरूरी है कि सरकार मजदूरों के जीवन के हित में सोच कर ऐसा रास्ता निकाले, जिससे अगली बार ऐसे हादसे की नौबत ही न आने पाए।

- **निधि जैन,** गाजियाबाद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
pioneerhry@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

# भारत को विकसित देश बनाने के लिए हर व्यक्ति को देना होगा योगदानः संदीप सिंह

## राज्यमंत्री ने किया विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र /पिहोवा


विजेताओं को सम्मानित करते राज्य मंत्री संदीप सिंह, थानेसर विधायक सुभाष सुधा व अन्य।

**हरियाणा** के मुद्रण एवं लेखन राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने के लिए समाज के अंतिम व्यक्ति को योगदान देना होगा। लक्ष्य को पूरा करने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार की तरफ से हर गांव और हर वार्ड तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने और वंचित पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ देने के लिए विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा का अनूठा कार्यक्रम शुरू किया है।

इस यात्रा के दौरान पहली बार लाखों लोगों को विकसित भारत बनाने का संकल्प भी दिलाया जाएगा। राज्यमंत्री संदीप सिंह वीरवार को जिला प्रशासन की तरफ से गांव थाना के राजकीय स्कूल के खेल प्रांगण में आयोजित विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा के जिला स्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले राज्यमंत्री संदीप सिंह ने गांव थाना से विकसित भारत संकल्प यात्रा का विधिवत रूप से शुभारंभ किया और स्कूल के विद्यार्थियों ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई। राज्यमंत्री संदीप सिंह, विधायक सुभाष सुधा, उपायुक्त शांतनु शर्मा, जिला परिषद अध्यक्षा कंवलजीत कौर, भाजपा के जिला अध्यक्ष रवि बतान, हरियाणा, घुमंतू जाति बोर्ड के उपाध्यक्ष जयसिंह पाल, नगर पालिका पिहोवा के चेयरमैन आशीष चक्रपाणी ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों, खिलाड़ियों और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि जिला प्रशासन की तरफ से 26 जनवरी तक चलने वाली यात्रा का शैड्यूल तैयार कर लिया है और केन्द्र सरकार की तरफ से भेजी गई एलईडी वैन कुरुक्षेत्र के हर गांव व वार्ड में पहुंचेगी। इस कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई। इस कार्यक्रम के मंच का संचालन डीआईपीआरओ डा. नरेन्द्र सिंह ने किया। इस मौके पर एडीसी अखिल पिलानी, एसडीएम सोनू राम, सीईओ जिला परिषद अशोक मुंजाल,सरपंच प्रियंका, समाजसेवी संदीप, भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य लाडी पाल, मांगे राम कौशिक, अक्षय नंदा, लवप्रीत खैरा, साधु सिंह सैनी, बीबी करतार कौर, रमेश आदि मौजूद रहे।

### प्रीत कौर, स्वाति व मुस्कान ने जीती प्रतियोगिता

**विकसित** भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा को लेकर गांव थाना में शिक्षा विभाग के सहयोग से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 5 टीमों ने भाग लिया, इसमें टीम ई की प्रतिभागी प्रीत कौर, स्वाति व मुस्कान ने प्रथम स्थान, टीम सी की प्रतिभागी रजिता, सलोनी व संजना ने द्वितीय तथा टीम ए के प्रतिभागी वर्षा, अंजलि व आसना ने तीसरा स्थान हासिल किया। इन सभी प्रतिभागियों को राज्यमंत्री संदीप सिंह व अतिथियों ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

## कृषि मंत्री शायद ये भूल चुके हैं कि कुर्सी पर बैठाने वाले गिराने में भी देर नहीं लगाते: त्रिलोचन

**करनाल।** हरियाणा के कृषि मंत्री द्वारा किसानों और महिलाओं के प्रति दिए गए अभद्र बयान की निंदा करते हुए करनाल कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने कहा कि ऐसे मंत्री समाज के लिए खतरा हैं।

सरकार तुरंत एक्शन लेकर मंत्री को बर्खास्त करे। उन्होंने कहा कि किसानों और महिलाओं का अपमान करना भाजपा नेताओं की आदत है। किसान आंदोलन के दौरान भी बड़े-बड़े मंत्रियों ने अन्नदाताओं के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया था।

सत्ता के नशे में चूर कृषि मंत्री ने एक बार फिर बहन बेटियों के प्रति अभद्र शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि अहंकार के मद में बार-बार जनता, किसान भाइयों और महिलाओं का अपमान करने वाले कृषि मंत्री शायद ये भूल चुके हैं कि कुर्सी पर बैठाने वाले गिराने में भी देर नहीं लगाते और वो दिन अब दूर नहीं हैं। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरिंद्र नंबरदार कटावाग व अंग्रेज सैनी ने कहा कि कृषि मंत्री सार्वजनिक तौर पर माफी मांगें।

उन्होंने माफी नहीं मांगी तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर उनका विरोध करेगी। किसानों और महिलाओं का अपमान सहन नहीं किया जा सकता।

# संस्कारों का पाठ पढ़ाने, विकसित गांव बनाने का संकल्प दिलाया

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल।

**केंद्रीय** कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बैंयापुर गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अमृतकाल में 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाएंगे। प्रधानमंत्री ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 25 वर्षों को अमृतकाल की संज्ञा दी है, जिसमें आजादी के सौवें वर्ष में पहुंचने के साथ ही हम विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का भी सीधा प्रसारण किया गया।

बैंयापुर गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ समारोह आयोजित किया गया, जिसमें शामिल हुए केंद्रीय कानूनी मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने गांव के युवा अंकित बैंयापुरिया को याद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। इस स्वप्न को साकार करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरु की गई है जो 26 जनवरी तक चलेगी। शुरुआत झारखंड के खूंटी गांव से की थी, जो आदिवासियों के भगवान बिरसा मुंडा का गांव है। आज उन्हें यात्रा में शामिल होने का मौका बैंयापुर से मिला है, जहां आकर उन्हें ज्ञात हुआ कि इस गांव में टीबी के पांच मरीज हैं। इन पांचों मरीजों को गोद लिया हुआ है, ताकि टीबी का उन्मूलन किया जा सके। यह स्वागत योग्य है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि समाज सुधार की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, जिसमें बदलाव अपेक्षित है। यहां एक महिला घूंघट में मिली जिन्होंने बताया कि यह उनके संस्कार है। इस पर उन्होंने राजस्थान की महिला रचना भाटिया का उदाहरण दिया, जिन्होंने घूंघटप्रथा को दूर करने के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यह सकारात्मक कार्य है जो अपनी इच्छा से किया जा सकता है। इसके लिए रचना भाटिया को यहां आमंत्रित करें तो निःसंदेह जागरूकता व प्रेरणा का संचार होगा। उन्होंने ज्ञानेंद्रियों, कर्मेंद्रियों के साथ शरीर व मन की विस्तृत व्याख्या करते हुए संस्कारों का पाठ पढ़ाया। उन्होंने ग्रामीणों को संकल्प दिलाया कि वे अपने गांव को विकसित गांव बनायेंगे। हर एक गांव, नगर पालिका, नगर परिषद व नगर निगम को विकसित बनायेंगे, जिससे देश विकसित बनेगा। उन्होंने योग व चंद्रयान की उपलब्धियों का स्मरण कराते हुए कहा कि इस दिशा में तीव्रता से आगे बढ़ रहे हैं। साथ ही उन्होंने विकसित भारत की कल्पना को समर्पित स्वरचित गीत भी सुनाया, जिसकी रचना उन्होंने मौके पर ही की।

समारोह के दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। इनमें वरिष्ठ वर्ग के तहत रंगोली में मीनाक्षी, नेहा, राहुल तथा पेंटिंग में शिवानी, आयशा व साक्षी और कनिष्ठ वर्ग की पेंटिंग स्पर्धा में कशिश, जिया व वंशिका को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कारों से सुशोभित किया गया। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल रूप में शामिल हुए। प्रधानमंत्री के संदेश का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे सभी ने मन लगाकर सुना। साथ ही केंद्र तथा हरियाणा सरकार की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया।

# आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान राधाकृष्ण का गुरुकुल पहुंचने पर किया स्वागत


कुरुक्षेत्र में आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान राधाकृष्ण आर्य का स्वागत करते गणमान्यजन।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**आर्य** प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान सेठ राधाकृष्ण आर्य के सभा प्रधान के रूप में सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण करने पर दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा एवं पंजाब आर्य प्रतिनिधि सभा के पदाधिकारियों सहित गुरुकुल के प्रधान व अन्य पदाधिकारियों ने बधाई दी।

गुरुवार को गुरुकुल में पहुंचने पर ओएसडी टू गवर्नर डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार, प्रधान राजकुमार गर्ग, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य द्वारा सेठ राधाकृष्ण आर्य का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।

इसके बाद दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान धर्मपाल आर्य मंत्री विनय आर्य और पंजाब आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान सुदर्शन आर्य, मंत्री प्रेम भारद्वाज ने भी सेठ राधाकृष्ण आर्य को बधाई दी। इस अवसर पर सभा प्रधान सेठ राधाकृष्ण आर्य ने कहा कि समाज के श्रेष्ठ लोगों ने उन्हें सभा प्रधान के रूप में जो बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, वह उसका पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करेंगे तथा ऋषि दयानन्द के शिक्षा व आर्य समाज के सिद्धान्तों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

ज्ञात रहे सेठ राधाकृष्ण आर्य ने विगत वर्ष 30 नवम्बर को आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान पद की शपथ ली थी। सेठ राधाकृष्ण आर्य को अनिल आर्य, मनीराम आर्य, महाशय जयपाल आर्य, महाशय रामनिवास आर्य, जसविन्द्र आर्य, विशाल आर्य, प्रदीप दलाल, सुरेन्द्र आर्य, राममेहर आर्य, शुभम आर्य, आर्यमित्र, प्रवीण आर्य, आदि ने भी शुभकामनाएं दीं।

# लिटिल एंजल्स के खिलाड़ियों ने लॉन टेनिस में जीते पदक


ट्रॉफी के साथ लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ी।

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**दिल्ली** में आयोजित नेशनल सीबीएसई लॉन टेनिस चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया।

चैंपियनशिप मेंलिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ी आलिया दहिया, अर्जुन राठी, अरन्त्या, रक्षित, शिवम, प्रिंस, प्रिंसी, चहक, तेजल, पुष्कर, नैन्सी, तमन्ना और रिदम ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए अंडर-17 बालक वर्ग के फाइनल मैच में पुणे की टीम से 4-6 के स्कोर के साथ खेलते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-17 बालिका वर्ग की आलिया ने सेमीफाइनल में तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 40 टीमों ने हिस्सा लिया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## कार्यकर्ताओं को कैथल आने का न्योता

**कैथल।** इनेलो के जिला अध्यक्ष शहरी सतीश गर्ग ने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ गांव भैणी माजरा, ग्योंग, खुराना रोड कैथल में पार्टी की नीतियों के प्रचार प्रसार के लिए दौरा किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को 6 दिसंबर को आरकेएम पैलेस कैथल में आने बारे न्योता दिया। इस दिन पार्टी कार्यकर्ताओं को आईएसओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अर्जुन चौटाला संबोधित करेंगे।

इस मौके पर गर्ग ने कहा कि भाजपा ने जनविरोधी नीतियों बना कर किसानों मजदूरों, व्यापारियों की अनदेखी की है। प्रदेश में विकास नगण्य है। गांवों शहरों की गलियां, सड़के टूटी फूटी पड़ी हैं। बेरोजगारी चरम सीमा पर है। आज किसान, कर्मचारी सड़क पर है। प्रदेश में चोरी, लूटपाट, असमाजिक गतिविधियां की भरमार है। फोगिंग न होने के कारण डेंगू, वायरल बुखार होने से मरीजों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है।

# कृषि मंत्री दलाल को सरकार तुरंत करें बर्खास्त :रतनमान



पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**प्रदेश** के कृषि मंत्री जेपी दलाल को ओर से गत दिनों किसानों की बहन-बेटियों के प्रति बोली गई अभद्र भाषा के मामले के चलते भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले सीएम सिटी में किसानों द्वारा किए गए रोष प्रदर्शन के दौरान भाकियू कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर अपना आक्रोश जाहिर किया। रोष प्रदर्शन का नेतृत्व भाकियू प्रदेशाध्यक्ष रतन मान ने किया।

इस मौके पर प्रदेश संरक्षक प्रेमचंद शाहपुर, प्रदेश महासचिव भूपेंद्र सिंह लाडी, प्रदेश संगठन सचिव श्याम सिंह मान, चेयरमैन यशपाल राणा, महिला जिला अध्यक्ष नीलम राणा विशेष तौर पर मौजूद रही। इससे पूर्व भाकियू कार्यकर्ता जाट भवन करनाल में एकत्रित हुए। जहां से उन्होंने लघु सचिवालय तक पैदल चलकर नारेबाजी करते हुए कृषि मंत्री जेपी दलाल के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। प्रदेशाध्यक्ष रतन मान ने कहा कृषि मंत्री जेपी दलाल ने जिम्मेदारी के पद पर होते हुए जो अभ्रता की भाषा का इस्तेमाल किया गया है। वह किसी भी मायने में सही नहीं है। जिसे किसी भी कीमत पर बदाश्त नहीं किया जाएगा। इसका खामियाजा आने वाले समय में दलाल को भुगतना पड़ेगा। जिसके लिए प्रदेश भर में व्यापक आंदोलन शुरू किया जाएगा। मान ने कहा कृषि मंत्री के कार्यकाल में किसानों के लिए कुछ भी नहीं किया है। अब बहन-बेटियों के लिए अभद्रता की भाषा पर उतर आया है। इस तरह की भाषा बोल कर उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की योजना को रौंदने का काम किया है। मान ने कहा कि अगर मंत्री ने इस मामले पर जल्द ही सार्वजनिक माफी नहीं मांगी तो हालात बिगड़ सकते है। कई दिन पूर्व हलका लोहारू के गिगनाऊ गांव में एक जनसभा के दौरान कृषि मंत्री जेपी दलाल ने बहन-बेटियों के खिलाफ अभद्रता के साथ गलत भाषा का प्रयोग किया था। जिसको लेकर प्रदेश भर में रोष की लहर है।

मान ने प्रदर्शन के दौरान प्रदेश की सभी खाप पंचायतों के चौधरियों व खापों के मुखिया के साथ-साथ सभी किसान मजदूर संगठनों के नेताओं से एक सामूहिक बैठक बुलाकर कृषि मंत्री के खिलाफ निर्णय लेने की अपील की है। ओर मुख्यमंत्री के नाम भारतीय किसान यूनियन की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में कृषि मंत्री दलाल को तुरंत बर्खास्त करने की मांग की गई है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि अगर जल्द ही प्रदेश सरकार ने इस मामले पर संज्ञान नहीं लिया गया तो प्रदेश में भाकियू की ओर से जोरदार आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

इस अवसर पर ये रहे मौजूद भाकियू के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन, जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह बेनीवाल, प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान, इंद्री ब्लॉक प्रधान दिलावर सिंह डबकौली, शहरी प्रधान कृष्ण जागलान, विनोद राणा, किसान नेता नेकी राम मढान, रणबीर कतलाड़ी, रामफल नरवाल, दादुपुर रोडान सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# आदेश के रेजिडेंशियल ब्लॉक और मैस में पीएनजी गैस सप्लाई शुरू

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


आदेश में पहुंचने पर कंपनी के सीईओ का स्वागत करते एम.डी. डॉक्टर गुणतास सिंह गिल।

**वीरवार** को मोहड़ी स्थित आदेश अस्पताल के रेजिडेंशियल ब्लॉक और मैस में पीएनजी गैस सप्लाई सुविधा शुरू कर दी गई है। जिसकी शुरुआत आदेश के एमडी डॉक्टर गुणतास सिंह गिल, प्रिंसिपल एन. एस. लाम्बा और कंपनी के सीईओ केश्री निवास ने की। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन के सभी सदस्य और कंपनी के सी.ई.ओ. ने मैस और रेजिडेंशियल ब्लॉक में जाकर पाइप के माध्यम से दी जा रही गैस सप्लाई को जांचा। सीईओ केश्री निवास ने बताया कि आदेश अस्पताल में तीन कमर्शियल व रेजिडेंशियल पाइप लाइन बिछाई गई है। इस सुविधा के शुरू होने से अस्पताल स्टाफ के लोग भी खुश नजर आये और ने पीएनजी सुविधा शुरू करने के लिए अस्पताल प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

अस्पताल स्टाफ के लोगों ने कहा की पाइप नेचुरल गैस सप्लाई की नितांत आवश्यकता थी जो आज पूरी हो गई है। डॉ गुणतास सिंह गिल ने कहा कि अस्पताल की उन सभी भवनों में पीएनजी सप्लाई लाइन बिछा दी गई है जहाँ इसकी आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि इस सुविधा के शुरू होने से डॉक्टर स्टाफ व मैस के लोगों को बड़ी राहत मिली है क्योंकि अब रसोई गैस सिलेंडर लाने पहुंचाने की परेशानी खत्म हो जाएगी। उन्होंने पीएनजी सप्लाई प्रक्रिया जल्द पूरी करने के लिए कंपनी के सीईओ के.श्रीनिवास का आभार व्यक्त किया। इससे पहले आदेश में पहुंचे ने पर एमडी गुणतास सिंह गिल ने कंपनी के अधिकारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉक्टर गुरसतिन्दर सिंह, डॉ नरेश ज्योति मौजूद रहे।

# विधायक राम कुमार ने किया पौधारोपण

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अधोया में पौधारोपण करते विधायक।

**राज्यसभा** के पूर्व सदस्य एवं इंद्री के विधायक राम कुमार कश्यप आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अधोया पहुंचे। विद्यालय में उनका भव्य स्वागत किया गया। पवन पराशर ने उनसे पौधारोपण भी करवाया।

पराशर ने बताया कि यह विद्यालय 1887 में बना और इस विद्यालय ने देश को बहुत से विधायक, राजनेता, वैज्ञानिक, अध्यापक, सिपाही, बड़े अधिकारी और समाजसेवी दिए हैं। राम कुमार कश्यप ने बताया कि उनका इस विद्यालय से विशेष लगाव इसलिए है क्योंकि उन्होंने इस विद्यालय से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण की थी। उन्होंने विद्यालय की अंबाला जिले में एकमात्र 40 कंप्यूटरों की इन्क्यूबेशन कंप्यूटर लैब और भौतिकी लैब का निरीक्षण कर प्रसन्नता जाहिर की कि ग्रामीण परिवेश में भी सरकार द्वारा विद्यार्थियों को इतनी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। भौतिकी प्रवक्ता राजेश कुमार ने भौतिकी लैब में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विज्ञान के मॉडल्स का विस्तारपूर्वक विश्लेषण किया। इसकी विधायक ने बहुत सराहना की।

इससे पहले विधायक राम कुमार कश्यप ने बराड़ा खण्ड के गांव अधोया, अलावलपुर, सुभरी, राजोखेड़ी, दहिया माजरा तथा अन्य गांवों में जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को जाना और समस्याओं के निवारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा, सरपंच कुलदीप सिंह राणा, भाजपा नेता आशीष गर्ग, डीएसपी अनिल कुमार, नायब तहसीलदार अंशुल अरोड़ा, बीडीपीओ सुशील मंगला, एसएचओ बराड़ा गुलशन, जेई ललित कौशल व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जैन भारती मृगावती विद्यालय ने हिस्ट्री टीवी 18 सीबीएसई हेरिटेज इंडिया क्विज 2023 के सेमीफाइनल में जगह बनाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**ज्ञान** की गंगा के साथ-साथ उत्साह की धारा भी खूब बही, जब जैन भारती मृगावती विद्यालय, नई दिल्ली के विद्यार्थियों ने एकाग्रता, रणनीति और संयम का प्रदर्शन करते हुए हिस्ट्री टीवी 18 सीबीएसई हेरिटेज इंडिया क्विज 2023 में महाराजा अग्रसेन मॉडल स्कूल, दिल्ली में हुए रीजनल राउंड में शीर्ष पर आकर इस क्विज के सेमीफ़ाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया।

सीबीएसई द्वारा 2001 में शुरू की गई हेरिटेज क्विज आज अखिल भारतीय स्तर पर इंटर-स्कूल क्विज में एक बेंचमार्क है और विभिन्न प्रतिष्ठित सीबीएसई स्कूलों के प्रतिभाशाली और प्रखर युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देती है। इसकी सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि देश भर के 2300 से अधिक स्कूलों ने क्विज़ के लिए पंजीकरण कराया। जी 20 के अध्यक्ष के रूप में भारत की सम्मानित भूमिका के सम्मान में इस वर्ष, क्विज़ का प्रसंग भारत लोकतंत्र की जननी रखा गया है। देश भर के छात्रों को शामिल करने और शिक्षित करने के लिए डिज़ाइन की गई इंटर-स्कूल क्विज़ का उद्देश्य भारत की महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक यात्रा, इसके उल्लेखनीय इतिहास और इसके लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों की विविध छवि के बारे में गहरी सराहना और जागरूकता को बढ़ावा देना है।

प्रारंभिक एलिमिनेशन राउंड के बाद क्षेत्रीय राउंड हुए। जैन भारती मृगावती विद्यालय, नई दिल्ली का प्रतिनिधित्व करते हुए, आदित्य गौड़, कृति दीक्षित और वंशिका कर्णया की विजेता टीम ने सामंजस्य और टीमवर्क का प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए 24 स्कूलों की टीमों से मुकाबला करते हुए, जैन भारती मृगावती विद्यालय की टीम ने दबाव का सामना करते हुए अपना हौसला बुलंद रखा और जीत हासिल की।

# सोनीपत मेयर कार्यालय में जन सुविधा केंद्र की हुई शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


जन सुविधा केंद्र की शुरुआत करते मेयर निखिल मदान।

**नगर** निगम मेयर निखिल मदान ने सेक्टर 14 कार्यालय में आमजन की सुविधा के लिए जन सुविधा केंद्र की शुरुआत की गयी। मेयर निखिल मदान ने बताया कि इस जन सुविधा केंद्र में नगर निगम सोनीपत निवासी अपने परिवार पहचान पत्र (फॅमिली आई डी), बीपीएल राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, जाति प्रमाण पत्र, रिहायशी प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, आय प्रमाण पत्र के नए आवेदन और विवरण में संशोधन करने से संबंधित सभी सुविधाओं का निःशुल्क लाभ उठा सकेंगे।

इसके साथ ही नए मतदाता अपने पहचान पत्र का आवेदन भी निःशुल्क कर सकेंगे। मेयर निखिल मदान ने बताया कि नगर निगम और प्रदेश सरकार की लाभकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए उपरोक्त सभी दस्तावेज बेहद जरुरी है। कई बार उपयुक्त व्यक्ति जानकारी के अभाव में उपरोक्त सेवाओं से वंचित रह जाता है। लोग बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर ना काटें, इसलिए उन जरूरतमंद लोगों की सुविधा के लिए उनके द्वारा निजी तौर पर यह जन सुविधा केंद्र शुरू किया गया है। इस केंद्र पर सोमवार से शनिवार, सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निःशुल्क कार्य करवा सकते हैं।

# डीपी वर्ल्ड ने अपनी तरह की पहली डेडिकेटेड रेल फ्रेट सर्विस सरल को लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम / नोएडा




**वैश्विक** स्तर पर स्मार्ट एंड-टू-एंड सप्लाई चेन सॉल्यूशंस प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी डीपी वर्ल्ड ने आज अपनी तरह की पहली डेडिकेटेड रेल फ्रेट सर्विस सरल को शुरुआत की। इस सर्विस का संचालन सूरत में हजीरा से नॉर्थ कैपिटल रीजन (एनसीआर) के बीच किया जाएगा। सरल का अर्थ है सस्टेनेबल (टिकाऊ), एश्योर्ड (सुनिश्चित), रिलायबल (भरोसेमंद) एंड एजाइल लॉजिस्टिक्स (तेज-तर्रार लॉजिस्टिक्स)।

अपने नाम की तरह ही यह सेवा दक्षिण गुजरात में स्थित कंपनियों को डोर-टू-डोर सस्टेनेबल कार्गो सॉल्यूशन प्रदान करेगी और उन्हें एनसीआर क्षेत्र के बाजारों से जोड़ेगी। इसी तरह यह सेवा एनसीआर क्षेत्र की कंपनियों को दक्षिण गुजरात के बाजारों से जोड़ेगी।

नई सरल रेल फ्रेट सर्विस दक्षिण गुजरात के प्रमुख बाजारों जैसे सूरत, वापी वलसाड, वडोदरा, भरूच और अंकलेश्वर को एनसीआर एवं आसपास के प्रमुख बाजारों जैसे पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, हरियाणा और दक्षिणी पंजाब से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी। ग्राहक सुगमता के साथ वेबसाइट https://www.logistics.dpworld.com पर लॉगिन करके या Saral.rail@dpworld.com पर ईमेल करके शिपमेंट बुक करा सकते हैं। डीपी वर्ल्ड ने अपने ग्राहकों के लिए, फोन बुकिंग की सेवा भी उपलब्ध कराई है। +91 9731835984/ 9606911088 पर 24/7 फोन बुकिंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

सरल सेवा की लॉन्चिंग के मौके पर डीपी वर्ल्ड सबकॉन्टिनेंट के वाइस प्रेसिडेंट रेल एवं इनलैंड टर्मिनल्स अर्धेंदू जैन ने कहा, वर्तमान समय में दक्षिण गुजरात की कंपनियां कार्गो की आवाजाही के लिए प्राथमिक तौर पर सड़क मार्ग का प्रयोग करती हैं।

# सीएम और मंत्रियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को किया रवाना

## प्रसारण देखने के लिए प्रदेशभर में 72 एलईडी वैन तैनात

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**केंद्र** व प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे राज्य के हर नागरिक को जागरूक करने और जरूरतमंद व्यक्ति को उनका लाभ पहुंचाने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को फरीदाबाद के गांव फतेहपुर बिल्लोच से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद को लेकर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को सरकार की योजनाओं बारे अवगत करवाया और सीधे तौर पर सेवाओं का लाभ नागरिकों को सुलभ करवाने का कार्य किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों से शुरू हुई संकल्प यात्रा अगले 50 दिनों तक लगातार पूरे हरियाणा के सभी गांवों एवं शहरों को कवर करेगी। राज्य के हर कोने कोने तक पहुंचने तथा जानकारी प्रदान करने के लिए प्रदेशभर में 72 एलईडी वैन तैनात की गई हैं।

विकसित भारत यात्रा के दौरान पीएम उज्वला योजना के तहत नागरिकों को गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जा रहे हैं। सरकार की उपलब्धियों और नीतियों को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करने के लिए, फिल्मों और डिजिटल डिस्प्ले, प्रचार सामग्री आदि से सुसज्जित वैन के माध्यम से लोगों को सरकार के विकास के कार्यक्रमों पर लघु फिल्में भी दिखाई जा रही हैं। इसके अलावा पेंशन, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, कृषि और बागवानी से संबंधित योजनाओं के बारे भी मौके पर ही जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। यात्रा के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर स्टाल लगाकर बुनियादी चिकित्सा सेवाएं और आयुष सेवाएं भी सुलभ करवाई गई। युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक गांव और वार्ड में छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कर विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने फरीदाबाद से यात्रा का शुभारंभ किया और वैन को झंडी दिखाकर अन्य गांवों के लिए रवाना किया। यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन से शुरू हुई।

हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गुरुग्राम जिला के गांव अलीपुर से 'विकसित भारत-संकल्प यात्रा, जनसंवाद' की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश में सरकार की नेक सोच व तकनीक का लाभ निरंतर लोगों को मिल रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 में विकसित भारत के संकल्प को हासिल करने में टेक्नोलॉजी हमारा प्रमुख माध्यम बनेगी। हरियाणा में बड़े स्तर पर आधुनिक डिजिटल बुनियादी ढांचा तैयार करने में हरियाणा सरकार की ओर से निरंतर महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने पंचकूला के गांव बुंगा टिब्बी में आयोजित कायक्रम में जनकल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं की सरकार द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर जनसंवाद के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने का कार्य किया।

हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने अंबाला के गांव खतौली में कहा कि पहली बार देश का ऐसा कोई प्रधानमंत्री है, जिसने भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि वर्ष 2047 में जब देश को आजाद हुए 100 वर्ष हो जाएंगे तो भारत देश भी विकसित राष्ट्र की सूची में शामिल होगा। इसके लिये हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। इस मौके पर उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई।

### जिला परिषद की बैठक 11 को

**कुरुक्षेत्र।** जिला परिषद की 119वीं बैठक का आयोजन 11 दिसंबर को सुबह 11 बजे पंचायत भवन के सभागार में किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद की चेयरमैन कवलजीत कौर करेंगी। बैठक में 15वें वित्त आयोग व एसएफसी की स्कीमों के तहत प्राप्त राशि के बारे में चर्चा की जाएगी। यह जानकारी जिला परिषद के सीईओ अशोक कुमार मुंजाल ने दी है।

### अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस 3 दिसंबर को

**कुरुक्षेत्र।** प्रदेश सरकार के आदेशानुसार और हरियाणा राज्य दिव्यांग कमीशन के आयुक्त राजकुमार मक्कड़ के आदेशानुसार 3 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया जाएगा। इस दिव्यांग दिवस को लेकर एक सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी सुरजीत कौर ने दी है।

### पुरुषोत्तमपुरा बाग में कार्यक्रम 5 को

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की तरफ से 5 दिसंबर को ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में प्रदेश भर के रामलीला एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा विभाग की तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी जाएगी। यह कार्यक्रम 5 दिसंबर को सुबह 10 बजे शुरू होगा।

### कांग्रेस का प्रतिभा खोज अभियान

# कांग्रेस ने राजनीति में करियर बनाने वाले युवाओं के लिए खोले दरवाजे: उदयभान

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**युवाओं** को पार्टी से जोड़ने के लिए कांग्रेस ने प्रतिभा खोज अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान को लेकर वेबसाइट भी लॉन्च कर दी है। इस अभियान के तहत ऑफलाइन और ऑनलाइन आवेदन करके युवा पार्टी से जुड़ सकेंगे।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान की शुरुआत ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की तरफ से की गई है, जिसका नाम 'प्रतिभा से परिवर्तन' रखा गया है। और इस अभियान के जरिए कांग्रेस पार्टी साक्षात्कार, समूह चर्चा के माध्यम से प्रदेश स्तर, जिला, ब्लॉक और मंडल स्तर पर सोशल मीडिया और मीडिया विभाग में नियुक्ति करेगी। चौधरी उदयभान ने बताया कि इस प्रक्रिया के माध्यम से क्वालिफाइड, प्रोफेशनल और आम लोगों को हरियाणा में कांग्रेस संगठन के साथ राजनीति में अपना केरियर बनाने के अवसर मिलेंगे। जो विभिन्न कारणों से राजनीतिक गतिविधियों में शामिल नहीं हो पाए हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने एक महीने में इस प्रक्रिया को पूरा करके प्रवक्ता, वक्ता, सोशल मीडिया एक्टिविस्ट, कंटेंट राइटर, ग्राफिक डिजाइनर, आरटीआई एक्टिविस्ट, स्ट्रीट प्ले टीम आदि जिम्मेदारियों के लिए प्रक्रिया पूर्ण करने का लक्ष्य रखा है।

पत्रकार वार्ता में मोजूद मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मृणाल पंत ने बताया कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस इस प्रक्रिया के माध्यम से प्रवक्ताओं और सोशल मीडिया की टीम का सफलतापूर्वक विस्तार कर चुकी है। 3 हजार लोगों को इस प्रक्रिया के माध्यम से पार्टी से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा देश का दूसरा राज्य है जिसने 'प्रतिभा से परिवर्तन' की प्रक्रिया को स्वीकार किया है। भाजपा-जजपा सरकार पर प्रहार करते हुए चौधरी उदयभान ने कहा कि इस सरकार ने प्रदेश के ऊपर कर्ज का बोझ डाल दिया है। आज जब कोई बच्चा पैदा होता है तो उस पर 1 लाख 32 हजार रुपए का कर्ज होता है। उन्होंने बताया कि इस सरकार ने प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था का भी बंटाधार कर दिया है। मौजूदा सरकार ने विलय के नाम पर करीब 5000 स्कूलों को बंद कर दिया गया। अब हाईकोर्ट की तरफ से सरकार को 5 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

उन्होंने बताया कि आज हरियाणा के 131 सरकारी स्कूलों में पीने का पानी तक नहीं है। 236 स्कूलों में बिजली कनेक्शन नहीं दिया गया। हर घर शौचालय का नारा देने वाली सरकार ने 538 स्कूलों में लड़कियों के लिए एक भी शौचालय नहीं बनवाया। 1047 स्कूलों में तो लड़कों के लिए भी शौचालय नहीं है। छात्रों के लिए स्कूलों में 8240 और क्लासरूम की जरूरत है लगातार भर्तियों के पेपर लीक हो रहे हैं। लेकिन फिर भी यह सरकार कुछ नहीं कर रही है।

# किसानों ने कृषि मंत्री का फूंका पुतला

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



कृषि मंत्री का पुतला फूंकते किसान।

**महाराणा** प्रताप चौक के समीप संयुक्त किसान मोर्चा की अगुवाई में किसानों ने कृषि मंत्री जेपी दलाल का पुतला फूंका। इससे पहले संयुक्त किसान मोर्चा व जन संघर्ष मंच हरियाणा के कार्यकर्ता जाट धर्मशाला में एकत्रित हुए और वहां से कृषि मंत्री की शवयात्रा निकालते हुए चौक पर पहुंचे।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए किसान नेता संजीव आलमपुर ने कहा कि बीते दिनों जनसभा में मंच से बोलते हुए कृषि मंत्री जेपी दलाल ने किसान हित में धरना देने वालों के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी की। इस तरह की टिप्पणी से आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले किसान नेताओं के साथ-साथ आमजन को भी ठेस पहुंची है। किसान आंदोलन अब भाजपा व जेजेपी नेताओं के लिए परेशानी बन गया है। ऐसे में अब किसान नेताओं को लेकर तरह-तरह की अशोभनीय टिप्पणी करते हैं। जनसंघर्ष मंच हरियाणा की प्रदेश महासचिव एडवोकेट सुदेश कुमारी ने कहा कि किसान के प्रति प्रदेश के कृषि मंत्री का बयान बेहद शर्मनाक है। ऐसी भाषा शैली किसी राजनेता की तो नहीं होती।

उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं, इससे पहले किसान आंदोलन में अन्नदाताओं की मौत पर इन्होंने ऐसा ही बयान दिया था। इस अवसर पर दिलबाग सिंह, संजू नंबरदार, पूर्व सरपंच राजेंद्र व जयभगवान काला, उषा कुमारी, कोमल, पूजा व बलजीत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विकसित देश का लक्ष्य पाने को देश तेजी के साथ बढ़ रहा: कल्याण

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



**विकसित** भारत जन संवाद संकल्प यात्रा करनाल जिले के गांव सालवन में पहुंची। गांव की स्वागत कमेटी द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण व भाजपा के जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा की गरिमामयी उपस्थित रही। इस अवसर पर असंध के पूर्व विधायक बक्शीश सिंह विर्क व उपायुक्त अनीश यादव, एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा भी मौजूद रही।

कार्यक्रम में घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने अपने संबोधन में कहा कि हम सबके लिए बड़े ही गर्व की बात है कि नरेंद्र मोदी जी के 2047 तक विकसित भारत के सपने की यात्रा आज हमारे जिले में सालवन गांव की पवित्र भूमि से शुरुआत हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर विकास के रास्ते पर निरंतर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस यात्रा का उद्देश्य आमजन के लिए बनी सरकारी योजनाओं को धरातल पर पहुंचाते हुए उनको जागरुक करना है और अधिक से अधिक लोगों को विभिन्न योजनाओं को लाभ दिलवाना है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की हर योजना का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को मिले, इसके लिए सरकार हर सम्भव प्रयासरत है। कल्याण ने कहा मुख्यमंत्री ने गरीबों की भलाई के लिए फैमली आईडी की शुरुआत की, जिसके बाद हर गरीब व्यक्ति की पहचान हुई।

# कृषि मंत्री जेपी दलाल के बयान को लेकर लोगों में आक्रोश

पायनियर समाचार सेवा। कैथल



**जन संघर्ष** मंच हरियाणा के राज्य प्रधान कामरेड फूल सिंह ने मीडिया के नाम जारी बयान में हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल द्वारा भिवानी जिला के गांव गिगनाऊ में किसानों और उनकी बहू बेटियों के बारे में अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करते हुए घटिया बयानबाजी करने का कड़ा विरोध किया।

भाजपा के नेताओं द्वारा अमर्यादित भाषा इस्तेमाल करना उनकी तानाशाही पूर्ण और घृणित मानसिकता को दर्शाता है। मोदी व मनोहर सरकार का इतिहास है कि जब भी किसानों, मजदूरों ने सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध किया और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन किया तो उन्हें सरकार के मंत्रियों ने बदनाम किया। हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल द्वारा किसानों व उनकी बहू बेटियों के बारे में की गई अशोभनीय बातें किसी भी सूरत मे सहन नहीं की जा सकती हैं।

उन्होंने मांग की कि जेपी दलाल अपने अशोभनीय और शर्मनाक बयान के लिए देश के किसानों और महिलाओं से माफी मांगें। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री से इस प्रकार के किसान व महिलाओं का अपमान करने वाले मंत्री को मंत्री पद से हटाने की मांग भी की।

### ग्राम पंचायतों को लगा झटका

# सिंचाई विभाग ने नहरों की पटरी पक्का करने के लिए फीस बढ़ाई

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**हरियाणा** में सिंचाई विभाग ने ग्राम पंचायतों को झटका दे दिया है। गांवों से निकलने वाली नहरों व माइनरों के साथ बनी पटरियो को पक्का करने के लिए ग्राम पंचायतों को अब सिंचाई विभाग को एक लाख रुपए देकर एनओसी लेनी होगी। पहले यह एनओसी दस हजार रुपए में ही मिल जाती थी।

नहर या माइनर के साथ बनी पटरी सिंचाई विभाग के अधीन आती हैं। अगर ग्राम पंचायतें किसी किसान के खेत में जाने के लिए इसे पक्का करती हैं, तो अब उनको एक लाख रुपये देकर ही विभाग से एनओसी लेनी होगी। पहले 10 हजार में यह काम हो जाता था। सिंचाई विभाग की ओर से जो नहरें बनाई जाती हैं, उसके साथ ही लोगों के आने-जाने के लिए पटरियां भी बनाई जाती हैं। इन पटरियों के साथ ही किसानों के खेत लगे होते हैं और ग्राम पंचायतों पर कई बार यह दबाव बनता है कि मिट्टी वाली इन पटरियों को पक्का करवाया जाए, ताकि किसानों को अपने वाहनों पर आने जाने में कोई परेशानी न हो।

इसके लिए ग्राम पंचायतों को सिंचाई विभाग से इन पटरियों पर टाइलें बिछाने या इसे पक्का करने के लिए एनओसी लेनी पड़ती है। एनओसी मिलने के बाद ही ग्राम पंचायतें यहां पर नहर के साथ बनी मिट्टी की इन पटरियों को पक्का कर सकती हैं। ग्राम पंचायतों को यह एनओसी ग्राम पंचायत से होने वाली आमदनी से ही लेनी होती है। सरकारी बजट का प्रयोग इसके लिए नहीं किया जा सकता।

पंचायती विभाग के अनुसार, पहले नहरी पटरी को पक्का करने के लिए ग्राम पंचायतों को सिर्फ पांच से 10 हजार रुपये देकर सिंचाई विभाग से एनओसी मिल जाती थी। अब सिंचाई विभाग ने इसे बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया है। चूंकि ग्राम पंचायतों को अपने खुद की आमदनी से ही एनओसी लेनी पड़ती है। अब एक लाख रुपये देकर एनओसी लेना ग्राम पंचायतों के हाथ में नहीं है और नहरी पटरियों पर काम नहीं हो पा रहे हैं।

# अनुशासन में रहने और नेतृत्व का गुण प्रदान करते हैं खेल: बिक्रमजीत

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र /शाहाबाद

**हरियाणा** ओलंपिक एसोसिएशन के उपप्रधान लेफ्टिनेंट बिक्रमजीत सिंह ने कहा कि खेल, खिलाड़ियों को जहां संघर्ष करने के लिए प्रेरित करते हैं, वहीं उन्हें अनुशासन में रहने, ईमानदारी से खेलने व नेतृत्व का गुण भी प्रदान करते हैं। वे गुरुवार को सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहाबाद के प्रांगण में 27वें वार्षिक खेल महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर रहें थे। उन्होंने कहा कि खेलों से प्रेरणा लेकर व्यक्ति जीवन मे अपनी मुश्किलों पर फतेह हासिल कर सकता हैं।

इसलिए हमें खेल को हमेशा ईमानदारी और निष्ठा से खेलना चाहिए। उन्होने यह भी कहा कि खेल में एक खिलाड़ी की जीत, तो दूसरे की हार निश्चित है।इसलिए हारने पर दु:खी होने की बजाए, हमे जीत के लिए और मेहनत करनी चाहिए। इससे पहले खेल महोत्सव का शुभारंभ मुख्यातिथि लेफ्टिनेंट बिक्रमजीत सिंह ने ध्वजारोहण कर किया।प्राचार्य डॉ आर.एस.घुम्मन ने मुख्यातिथि व अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। खेलकूद उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में झण्डे लेकर मार्च पास्ट किया और अनुशासन में रह कर खेलने का संकल्प लिया।

इस दौरान मुख्यातिथि ने मार्च पास्ट की सलामी भी ली। प्राचार्य डॉ आर.एस.घुम्मन ने कहा कि बच्चों के जीवन मे जितना महत्व किताबों का है, उतना ही खेलकूद व अन्य गतिविधियों का भी होता है। खेल, बच्चों को स्वस्थ रखने में सहायक होते हैं क्योंकि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन व मस्तिष्क का निवास होता है। उपप्राचार्य वीरेंदर सिंह ने करतल ध्वनि के बीच स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। स्कूल मैनेजमेंट समिति ने मुख्यातिथि लेफ्टिनेंट बिक्रमजीत सिंह, अंतर्राष्ट्रीय गुरबाणी कथावाचक ज्ञानी साहिब सिंह, प्रसिद्ध शायर कुलवंत सिंह रफीक, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल, सभी अतिथियों और पत्रकारों को शाल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंच संचालन किरणदीप कौर और शैली ने किया। इस अवसर पर स्कूल प्रधान संतोष कौर घुम्मन, कोऑर्डिनेटर मनिंदर सिंह घुम्मन, मोनिका घुम्मन, स्कूल प्रबंधक मनोज भसीन, कॉलेज कोऑर्डिनेटर मुकेश दुआ व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथिगण।

**प्रतियोगिताओं के विजेता**

खिलाड़ियों ने हैंड बॉल रेस, बास्केट बाल रेस, सैक रेस, 400 मीटर रेस, स्लो साईकल रेस, बाल रस, मटकी रेस, 100 मीटर रेस, फ्लैग रेस, बैंगल रेस, लेमन रेस, मार्कर बाल रेस, जिग ज़ैग रेस आदि में भाग लिया। क्लास नर्सरी से बॉल रेस में रेहान, अवनी, यशवी ने गोल्ड, अंश, वंशिका ने सिल्वर और माहिर, टिया ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। क्लास एलकेजी से बैटन चेयर रेस में देवांश, सिधकप्रीत ने गोल्ड, निकुंज, कशवी ने सिल्वर, अनमोलदीप और अंजलि ने ब्रॉन्ज, क्लास यूकेजी मनकीरत, रियांशी ने गोल्ड, सिमरजीत, नमरीत ने सिल्वर, सहज, हरगुन ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। क्लास प्रथम से आरव, परी ने गोल्ड, एकम और आव्या हरी ने सिल्वर, शिनॉय, आदित्य हिमांशी ने ब्रॉन्ज, क्लॉस दूसरी से बाल रेस से हरमन, शामा ने गोल्ड, शिवम, जैसमिन ने सिल्वर, दिलप्रीत, जानवी ने ब्रॉन्ज, क्लास तीसरी से हर्डल और फ्लैग रेस में हरमन, मुस्कान ने गोल्ड जीता।

# नए साल के शुरुआत का जश्न मनाएं प्लेटिनम लव बैंड्स के साथ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**सर्दियों** और छुट्टियों के इस सीजन पीजीआई प्लेटिनम लव बैंड्स खासतौर पर शादियों के लिए डिजाइन किया गया एक्सक्लुजिव कलेक्शन लेकर आए हैं, जो रिश्तों को नई परिभाषा देगा। साल खत्म होने के अवसर पर कपल्स इन खास प्लेटिनम बैण्ड्स के साथ अपने हंसी-खुशी के पलों को फिर से तरोताजा कर सकते हैं।

माना जाता है कि 2 बिलियन साल पहले एक उल्कापिंड के टूटने से धरती में प्लेटिनम आया। यह कीमती धातु दुनिया भर में कुछ चुनिंदा स्थानों पर ही पाया जाता है और सोने की तुलना में 30 गुना दुर्लभ है। इसकी बेजोड़ क्षमता सुनिश्चित करती है कि इसमें कोई बदलाव न आए, यह अपनी सफेद प्राकृतिक चमक कभी नहीं खोता, और इसीलिए इसे कपल्स के अटूट प्यार की ताकत और क्षमता के समान माना जाता है। 95 फीसदी शुद्ध और दुर्लभ प्लेटिनम से बने प्लेटिनम लव बैंड्स प्यार का प्रतीक हैं।

आधुनिक मूल्यों के साथ कपल्स अपने जीवन की हर उपलब्धि को विशेष महत्व देते हुए ऐसे में प्लेटिनम लव बैंड्स कलेक्शन के साथ इस सीजन अपने रिश्तों का जश्न मनाने के लिए तैयार हो जाएं। इंपरफेक्टली परफेक्ट, ये प्लेटिनम लव बैण्ड्स एसिमिट्रिकल तरीके से डिजाइन किए गए हैं, जो आपको इंपरफेक्शन में भी खूबसूरती की तलाश में सक्षम बनाते हैं। दुर्लभ धातु प्लेटिनम से ने इन लव बैंड्स में जड़े हीरे इन्हें और भी खूबसूरत बना देते हैं। तो प्लेटिनम लव बैंड्स के साथ जश्न मनाने के लिए तैयार हो जाएं। ये लव बैंड्स असाधारण प्लेटिनम से बने ये लव बैंड प्यार की क्षमता का प्रतीक हैं। एम्ब्रेस ऑफ प्योरिटी यानि शुद्धता का प्रतीक यह आधुनिक डिजाइन का बेहतरीन संयोजन हैं। इनका सेंटर प्यार की सच्चाई का प्रतीक है। 95 फीसदी शुद्ध और दुर्लभ धातु प्लेटिनम से बने ये लव लैंड कीमती आभूषणों में शुद्धता के सर्वोच्च मानकों के साथ आते हैं। पीजीआई इंडिया की ओर से प्लेटिनम डेज ऑफ लव, प्लेटिनम लव बैंड्स का शानदार क्लेक्शन, जो भारत में सभी प्रमुख ज्वैलरी रीटेल स्टोर्स पर उपलब्ध हैं।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**कैथल।** विदेश भेजने के नाम पर 14 लाख रुपये ठगने के मामले में इकनॉमिक सैल के एएसआई शक्ति सिंह की टीम ने आरोपी गांव ढाबी जिला जींद निवासी राजेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव कुलतारण निवासी जयवीर की शिकायत के अनुसार उसकी राजेश उपरोक्त से जान पहचान फेसबुक के माध्यम से हुई थी। राजेश ने उसको बोला कि वह विदेश भेजने का काम करता है और मेरा दिल्ली में ओफिस है। मैं तुम्हे आस्ट्रेलिया भेज दूंगा। इसकी एवज में उसने 14 लाख रुपए मांगे। 26 अगस्त 2019 को उसने 6 लाख रुपये दे दिए तथा कुछ दिन बाद 8 लाख रुपये दे दिए। कुछ दिनों बाद उसने मैसेज और काल का जवाब देना बंद कर दिया। इस धोखाधड़ी बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया था।

# विस के शीतकालीन सत्र में सरकार को घेरने की तैयारी में विपक्ष

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**हरियाणा** में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी जुटे विपक्ष ने 15 दिसंबर से शुरू होने जा रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में प्रदेश की गठबंधन सरकार को घेरने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश में सरकार को घेरने के लिए विपक्ष ने मुद्दे तय करना शुरू कर दिया है। विपक्ष के रुख को देखते हुए विधानसभा का शीतकालीन सत्र हंगामेदार होने के आसार है।

विपक्ष गठबंधन सरकार को घेरने की रणनीति बनाने की कवायद में जुट गया है और कांग्रेस ने छह दिसंबर को विधायक दल की बैठक बुला ली है। स्वास्थ्य महकमे से जुड़े सवालों पर अभी पेंच फंसा है। प्रदेश के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अपने रुख पर कायम हैं और वह पिछले डेढ़ माह से अधिक समय से स्वास्थ्य विभाग की कोई फाइल नहीं देख रहे हैं। अगर सत्र से पहले विज की नाराजगी दूर नहीं की गई तो सदन में स्वास्थ्य विभाग को लेकर सरकार का घिरना तय है, क्योंकि विपक्षी दल लगातार स्वास्थ्य विभाग को लेकर अपने सवाल तैयार करने में जुट गए हैं। उधर सरकार भी विपक्ष के सवालों का माकूल जवाब देने के लिए रणनीति बनाने में जुटी हुई है। भाजपा विधायक दल की बैठक में मंत्रियों व विधायकों के साथ विपक्ष के हमलों का जवाब देने की योजना तैयार की जाएगी। पिछले दिनों मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा था कि उनकी अनिल विज के साथ बैठक हो चुकी है। इस विषय पर विस्तार में कई मुद्दों पर चर्चा की गई है। जल्द ही इस मामले का समाधान कर लिया जाएगा। लेकिन विवाद अभी खत्म नहीं हुआ है। विज की नाराजगी बरकरार है। सत्र से पहले मामला नहीं सुलझा तो तय है कि विज सदन में स्वास्थ्य विभाग के किसी सवाल का जवाब नहीं देंगे। अनिल विज मुख्यमंत्री कार्यालय के एक बड़े अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेने से नाराज हैं।

विधानसभा में यमुनानगर में जहरीली शराब से मौत का मामला गूंजेगा तो उचाना के राजकीय कन्या विद्यालय में छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न मामले में विपक्ष सरकार को घेरेगा। इसके साथ ही किसानों को बाढ़ के दौरान फसल का मुआवजा सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों पर विपक्ष सरकार को घेरने की रणनीति में जुटा हुआ है। कांग्रेस आगामी 6 दिसंबर को विधायक दल की बैठक में सदन में उठाए जाने वाले मुद्दों पर विचार-विर्मश करेगी। नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के आवास पर होने वाली कांग्रेस विधायक दल की बैठक में विधायकों द्वारा ध्यानाकर्षण एवं काम रोको प्रस्ताव को लेकर दिए जाने वाले मुद्दों पर भी चर्चा होगी। विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर शुक्रवार को शुरू होगा और 19 दिसंबर तक चलेगा। हालांकि दो दिन 16 दिसंबर शनिवार और 17 दिसंबर रविवार को अवकाश रहेगा। सदन की कार्यवाही सोमवार को सुबह 11 बजे शुरू होगी और मंगलवार तक जारी रहेगी। हालांकि सत्रावधि का अंतिम फैसला बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में लिया जाएगा।

# इजराइल-हमास युद्धः जंग फिर शुरू होने से आठ मिनट पहले बढ़ा सीजफायर

एजेंसी। येरूसलम

**इजराइल-हमास** के बीच सीजफायर खत्म होने से आठ मिनट पहले इसे एक दिन के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। इजराइल और कतर के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की। एक रिपोर्ट के मुताबिक, हमास ने गुरुवार आजाद होने वाले 10 बंधकों की लिस्ट दी है, जिसे इजराइल ने पास कर दिया है।

युद्ध विराम के तहत हमास हर दिन 10 बंधकों को छोड़ेगा। इसके बदले में इजराइल 30 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इजराइली सेना ने बताया कि सीजफायर की दूसरी शर्तों पर अब भी बातचीत जारी है। युद्ध विराम के छठे दिन हमास ने 5 बच्चों समेत कुल 16 लोगों को आजाद किया। पहले दो रूसी-इजराइली महिलाओं को रिहा किया गया। बाद में 10 इजराइली और 4 थाई नागरिकों को आजाद किया। आईडीएफ के मुताबिक, अब हमास के पास करीब 159 बंधक बचे हैं। बदले में इजराइल ने भी करीब 30 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया। इसमें 22 साल की फिलिस्तीनी एक्टिविस्ट अहद तमीमी भी शामिल थी, जिसने इजराइलियों का खून पीने



की धमकी दी थी।

हमास ने बताया है कि सात अक्टूबर को उसने बिबास परिवार के तीन सदस्यों को अगवा किया था। इनकी गाजा में इजराइल हमले के दौरान मौत हो गई है। मीडिया के अनुसार, हमास ने बिबास परिवार में 32 साल की शीरी बिबास को उसके दो बच्चों 4 साल के एरियल और 10 महीने के कफीर के साथ अगवा किया था। दोनों बच्चों के पिता को भी बाद में बंधक बनाया गया।

टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, हमास ने बताया कि उसने बिबास परिवार को दूसरे आतंकी संगठन के हवाले कर दिया था। उन्हें खान यूनिस में बंधक बनाकर रखा गया था। हालांकि, इजराइली सेना ने बिबास परिवार की मौत की पुष्टि नहीं की है। उन्होंने परिवार के दूसरे सदस्यों को जानकारी दी है कि मामले में जांच की जा रही है।

मीडिया के मुताबिक, साइकोलॉजिकल वॉरफेयर के तहत हमास पहले भी बंधकों के मारे जाने से जुड़े दावे कर चुका है।

### येरूशलम में गोलीबारी, तीन की मौत

**येरूशलम** में एक बस स्टॉप के पास गोलीबारी हुई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई। दो लोगों ने अंधाधुंध गोलियां बरसाना शुरू कर दिया। मौके पर तीन लोगों की मौत हो गई। छह लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

### लोगों की राय लेगी आम आदमी पार्टी

# गिरफ्तार होने पर केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए या नहीं

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता गोपाल राय ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी एक से 20 दिसंबर के बीच हस्ताक्षर अभियान चलाएगी ताकि लोगों की प्रतिक्रिया ली जा सके कि भाजपा की साजिशै के तहत गिरफ्तार किए जाने की स्थिति में क्या अरविंद केजरीवाल को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

राय ने आरोप लगाया कि भाजपा ने आप को खत्म करने की उम्मीद से केजरीवाल को फर्जी शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार करने का षड्यंत्र रचा है। राय पार्टी सांसद राघव चड्ढा के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। राय ने कहा कि शुक्रवार से मैं भी पार्टी के स्वयंसेवक दिल्ली के सभी 2,600 मतदान केंद्रों पर जाएंगे और लोगों के हस्ताक्षर लेते हुए उनकी राय पूछी जाएगी कि अगर केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया तो क्या उन्हें मुख्यमंत्री का पद छोड़ देना चाहिए।

# नारी, युवा, किसान और गरीब हैं सबसे बड़ी जातियांः पीएम मोदी

### देश में जन औषधि केंद्रों की संख्या 10,000 से बढ़ाकर 25,000 करने की परियोजना की शुरुआत की

एजेंसी। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि विकसित भारत का संकल्प नारी, युवा, किसान और गरीब के चार अमृत स्तंभों पर टिका है और यही चार उनके लिए सबसे बड़ी जातियां हैं जिनका उत्थान ही भारत को विकसित बनाएगा। ये चारों जातियां जब सारी समस्याओं से मुक्त होंगी और सशक्त होंगी तो स्वाभाविक रूप से देश की हर जाति सशक्त होगी, पूरा देश सशक्त होगा।

प्रधानमंत्री ने यह दावा भी किया कि 10 साल तक उनके काम को देखने के बाद लोगों को उनकी सरकार पर अपार विश्वास है। उन्होंने पिछली सरकारों पर खुद को नागरिकों का माई-बाप मानने और वोट बैंक को ध्यान में रखकर काम करने का आरोप भी लगाया।

जाति को लेकर प्रधानमंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है जब आगामी लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दल जाति आधारित जनगणना को मुद्दा बनाने की लगातार कोशिश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद किया और प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र के साथ ही देश में जन औषधि केंद्रों की संख्या 10,000 से बढ़ाकर 25,000 करने की परियोजना की शुरुआत की। उन्होंने झारखंड के देवघर में 10,000वें जन औषधि केंद्र को जनता के लिए समर्पित भी किया। मोदी ने कहा, विकसित भारत का संकल्प चार अमृत स्तंभों पर टिका है। ये अमृत स्तंभ हैं- हमारी नारीशक्ति, हमारी युवा शक्ति, हमारे किसान और हमारे गरीब परिवार। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- गरीब। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- युवा।

मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- महिलाएं। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- किसान। उन्होंने कहा कि इन चार जातियों का उत्थान ही भारत को विकसित बनाएगा और अगर इन चारों जातियों का उत्थान हो जाएगा तो इसका मतलब है कि सबका उत्थान हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस देश का कोई भी गरीब चाहे वह जन्म से कुछ भी हो, उसका जीवन स्तर सुधारना और इसी प्रकार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर देना ही उनका लक्ष्य है। विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे।

### मोदी पर जनता का विश्वास

**लोग** अब इस विकास रथ को मोदी की गारंटी के कार्ड वाली गाड़ी कहने लगे हैं। आपने इसे मोदी की गारंटी वाली गाड़ी बना दिया है। मुझे यह जानकर अच्छा लगा कि आपको मोदी पर इतना विश्वास है। मैं भी आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपको दी हुई सभी गारंटियों को मैं पूरा करूंगा। प्रधानमंत्री ने कहा, जहां पर दूसरों से उम्मीद खत्म हो जाती है, वहीं से मोदी की गारंटी शुरू हो जाती है। इसलिए मोदी की गारंटी वाली गाड़ी की भी धूम मची हुई है। विकसित भारत का संकल्प मोदी का या किसी सरकार का नहीं है। यह सबको साथ लेकर सबके सपनों को साकार करने का संकल्प है।

### इस साल 188 अतिरिक्त इंदिरा कैंटीन शुरू की जाएंगी : सिद्धरमैया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बृहस्पतिवार को कहा कि आम जनता के लिए इस साल 188 अतिरिक्त इंदिरा कैंटीन शुरू की जाएंगी। राज्य सरकार द्वारा संचालित इंदिरा कैंटीन में लोगों को रियायती दरों पर भोजन उपलब्ध कराया जाता है।

इंदिरा कैंटीन परियोजना मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जो शहर में रहने वाले गरीब लोगों की सुविधा के लिए शुरू किया गया था। इंदिरा कैंटीन में पांच रुपए में नाश्ता और 10 रुपए में दोपहरारात का भोजन परोसा जाता है। सिद्धरमैया ने एक सवाल के जवाब में कहा, इससे पहले, हमने बेंगलुरु में 197 इंदिरा कैंटीन शुरू की थीं। इस बार इन्हें बेंगलुरु के 225 वार्डों में शुरू किया जाएगा। इसके अलावा जहां जरूरत होगी, वहां कैंटीन शुरू की जाएगी। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि जहां जगह की कमी होगी वहां मोबाइल कैंटीन स्थापित की जाएंगी और जहां संभव होगा, वहां कैंटीन के लिए स्थाई भवन बनाए जाएंगे।

# सरकार ने संसद सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई

### संसद का शीतकालीन सत्र चार दिसंबर से शुरू होगा

एजेंसी। नई दिल्ली



**सरकार** ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले शनिवार को लोकसभा और राज्यसभा में विभिन्न दलों के नेताओं की बैठक बुलाई है। संसद का शीतकालीन सत्र चार दिसंबर से शुरू होगा और इसका 22 दिसंबर तक चलना प्रस्तावित है। इस दौरान 15 बैठकें होंगी जिनमें कुछ महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा की जा सकती है।

इनमें ब्रिटिश कालीन तीन अपराध कानूनों - भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम को बदलने के लिए लाए गए विधेयक भी शामिल हैं। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी शनिवार को बैठक बुलाएंगे जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल समेत वरिष्ठ नेता भाग ले सकते हैं। इस समय संसद में 37 विधेयक लंबित हैं जिनमें से 12 चर्चा और पारित करने के लिए सूचीबद्ध हैं और सात विधेयक पेश किए जाने, चर्चा और पारित करने के लिए सूचीबद्ध हैं।

सरकार ने वर्ष 2023-24 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों के पहले बैच को भी पेश करने की योजना बनाई है। इसी सत्र में तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ पैसे लेकर सवाल पूछने के आरोपों पर आचार समिति की रिपोर्ट लोकसभा में पेश की जाएगी। समिति की उन्हें निष्कासित करने की सिफारिश तभी प्रभाव में आ सकती है, जब सदन रिपोर्ट को स्वीकार करेगा।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित एक अन्य महत्वपूर्ण विधेयक भी संसद में लंबित है। इसे मॉनसून सत्र में पेश किया गया था, लेकिन सरकार ने विपक्षी सदस्यों और पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्तों के विरोध के बीच संसद के विशेष सत्र में इसे पारित करने पर जोर नहीं दिया था।

### कुकर्म के दोषी को 20 साल का कारावास

**चित्रकूट ।** चित्रकूट जिले की एक विशेष अदालत ने दो नाबालिग भाइयों से कुकर्म करने के दोषी करार दिए गए एक युवक को बृहस्पतिवार को 20 साल कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) तेज प्रताप सिंह ने बताया कि दो नाबालिग भाइयों के साथ कुकर्म करने का दोष सिद्ध हो जाने पर अपर जिला एवं सत्र न्यायालय (पॉक्सो) के विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पांडेय ने दोषी लाली निषाद को बृहस्पतिवार को 20 साल कारावास और 10 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

# बॉयफ्रेंड का फोन खोलने पर मिलीं 13 हजार महिलाओं की नग्न तस्वीरें

एजेंसी। बेंगलुरु

**बेंगलुरु** से मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। एक निजी कंपनी के 25 वर्षीय कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। उस पर आरोप है कि उसने अपनी प्रेमिका के साथ-साथ अपने संग काम करने वाली महिला सहकर्मियों की तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ की।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि आदित्य संतोष ने 13 हजार से अधिक महिलाओं की नग्न तस्वीरें अपने फोन में संभाल कर रखी थीं। उन्होंने बताया कि आरोपी ने अपनी महिला सहकर्मियों की तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ की। शख्स के खिलाफ कंपनी के वकील की ओर से 23 नवंबर को शिकायत दी गई थी। इसी आधार पर बंगलूरू में साइबर अपराध पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि संतोष पिछले चार महीनों से अपनी महिला सहकर्मी के साथ रिश्ते में था। उसने कथित तौर पर अपने फोन पर कुछ निजी पलों को रिकॉर्ड कर लिया था।

हाल ही में महिला ने चुपचाप से इन तस्वीरों को हटाने के लिए उसका फोन लिया और जब गैलरी खोली तो वह दंग रह गई। उसने देखा कि फोन में कई महिलाओं की नग्न तस्वीरें थीं और अन्य महिला सहकर्मियों की तस्वीरों के साथ भी छेड़छाड़ की गई थी। इसके बाद महिला ने कार्यालय के कर्मचारियों से संपर्क किया और उन्हें इसके बारे में बताया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उसने अपनी खुशी के लिए तस्वीरों से छेड़छाड़ की। पुलिस ने कहा कि संतोष पिछले पांच महीनों से फर्म में ग्राहक सेवा एजेंट के रूप में काम कर रहा था। इस बात की जांच कर रही है कि क्या उसने इनमें से कोई तस्वीर किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तो पोस्ट नहीं की है।

# कन्नूर विवि के कुलपति के रूप में रवींद्रन की पुनर्नियुक्ति का फैसला रद्द

### सुप्रीम कोर्ट ने लिया फैसला, मामले में राज्य सरकार के अनुचित हस्तक्षेप की आलोचना की



एजेंसी। नई दिल्ली

**केरल** सरकार को बड़ा झटका देते हुए उच्चतम न्यायालय ने गोपीनाथ रवींद्रन को उनकी सेवानिवृत्ति के बाद कन्नूर विश्वविद्यालय का दोबारा कुलपति नियुक्त करने के केरल सरकार के फैसले को बृहस्पतिवार को रद्द कर दिया और मामले में राज्य सरकार के अनुचित हस्तक्षेप की आलोचना की।

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने रवींद्रन को पद पर दोबारा नियुक्त करने के कुलाधिपति और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के आदेश को गलत पाया। पीठ ने पुनर्नियुक्ति को बरकरार रखने वाले केरल उच्च न्यायालय की एकल और खंडपीठ के फैसले को रद्द कर दिया। राज्यपाल किसी राज्य में विश्वविद्यालयों के पदेन कुलाधिपति होते हैं और कुलाधिपति के रूप में सभी विश्वविद्यालय मामलों पर निर्णय लेने में मंत्रिपरिषद से स्वतंत्र रूप से कार्य करते हैं। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। पीठ ने कहा, हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि भले ही प्रतिवादी संख्या 4 (रवींद्रन) को कुलपति के पद पर फिर से नियुक्त करने की अधिसूचना कुलाधिपति (राज्यपाल) द्वारा जारी की गई थी, लेकिन पुनर्नियुक्ति का निर्णय बाहरी विचारों से प्रभावित था या दूसरे शब्दों में कहें तो राज्य सरकार के अनुचित हस्तक्षेप से ऐसा किया गया। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा, उच्च न्यायालय द्वारा 23 फरवरी, 2022 को दिए गए निर्णय और पारित आदेश को रद्द किया जाता है और इसके परिणामस्वरूप प्रतिवादी संख्या 4 (रवींद्रन) को कन्नूर विवि के कुलपति के रूप में फिर से नियुक्त करने से संबंधित 23 नवंबर, 2021 की अधिसूचना को रद्द किया जाता है।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने की एनडीए के 145वें पाठ्यक्रम पासिंग आउट परेड की समीक्षा

एजेंसी। मुंबई

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू कई कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए महाराष्ट्र की चार दिवसीय यात्रा पर आई हुई हैं। उन्होंने गुरुवार सुबह पुणे के खडकवासला में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के 145वें पाठ्यक्रम की 'पासिंग आउट परेड' की समीक्षा की। इस दौरान वह आगामी 5वीं बटालियन की एक इमारत की आधारशिला भी रखेंगी।

राष्ट्रपति भवन के अनुसार, एक दिसंबर को पुणे में मुर्मू सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज, पुणे को 'प्रेसिडेंट्स कलर' प्रदान करेंगी। राष्ट्रपति



डिजिटल तरीके से 'कम्प्यूटेशनल मेडिसिन' के लिए सशस्त्र बल केंद्र 'प्रजना' का भी उद्घाटन करेंगी। उसी दिन नागपुर में मुर्मू सरकारी मेडिकल कॉलेज, नागपुर के प्लेटिनम जुबली समारोह का उद्घाटन करेंगी। वहीं, दो दिसंबर को राष्ट्रपति नागपुर में राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय के 111वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। महाराष्ट्र में लगातार बारिश हो रही है। ऐसे में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता संजय राउत ने राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पांच दिन हो गए हैं, कहीं बारिश तो कही ओले पड़ रहे हैं। महाराष्ट्र के कई जिलों में भारी नुकसान हुआ है। महाराष्ट्र की स्थिति गंभीर है। उन्होंने कहा कि जब आसमान से संकट गिर रहा है तो हमारे सीएम और डिप्टी सीएम प्रचार में व्यस्त हो गए। कोई छत्तीसगढ़ गया है, कोई तेलंगाना गया है जैसे कि वे नहीं जाएंगे तो वहां चुनाव नहीं होगा।

### प्रियंका चोपड़ा ने पुरस्कार जीतने पर वीर दास को बधाई दी

**मुंबई।** हास्य कलाकार वीर दास ने अपनी अंतरराष्ट्रीय एमी पुरस्कार जीत पर मिले शुभकामना संदेश के लिए अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस को धन्यवाद दिया और दुनिया भर में भारतीय प्रतिभाओं के लिए दरवाजे खोलने के वास्ते उनकी प्रशंसा की। दास सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी श्रेणी में अपने नेटफ्लिक्स स्टैंड-अप वीर दास: लैंडिंग के लिए अंतरराष्ट्रीय एमी जीतने वाले पहले भारतीय बने। उन्हें 20 नवंबर को यह पुरस्कार मिला। फिल्म निर्माण कंपनी पर्पल पेबल पिक्चर्स की संस्थापक प्रियंका चोपड़ा जोनस द्वारा भेजे गए बधाई संदेश और फूलों के गुलदस्ते की तस्वीर साझा की।

# मायावती ने अगले लोकसभा चुनाव में अपने बलबूते सत्ता हासिल करने का आह्वान किया

एजेंसी। लखनऊ

**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव अपने बलबूते, पूरे दमखम से लड़कर सत्ता हासिल करने का आह्वान करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि अगला आम चुनाव दिलचस्प और संघर्षपूर्ण साबित होगा जिसमें बसपा की भी अहम भूमिका होगी।

बसपा प्रमुख ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में पार्टी की उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड इकाइयों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरे दमखम और ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभाएं ताकि लोकसभा चुनाव में बेहतर नतीजे हासिल कर सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की सरकार बनाई जा सके। मायावती ने देश की सियासी स्थिति का जिक्र करते हुए कहा, केंद्र की और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्य सरकारों की संकीर्ण, जातिवादी तथा जनविरोधी नीतियों एवं कार्यप्रणाली की वजह से राजनीतिक हालात तेजी से बदल रहे हैं। लोग किसी एक पार्टी का वर्चस्व नहीं चाहते बल्कि वह बहुकोणीय संघर्ष का रास्ता चुनने को आतुर नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन हालात में अगला लोकसभा चुनाव संघर्षपूर्ण, व्यापक जनहित एवं देशहित में होने की प्रबल संभावना है जिसमें बसपा की भी अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा ऐसे में पार्टी को समय-समय पर दिए जा रहे जरूरी दिशा-निर्देशों पर ईमानदारी व निष्ठापूर्वक मेहनत करके अच्छा नतीजा हासिल किया जा सकता है। मायावती ने कहा कि चुनाव में अच्छे नतीजे मिलने से बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर के आत्मसम्मान व स्वाभिमानी आंदोलन को केवल उत्तर प्रदेश में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में मज़बूती मिलेगी।

# सड़कें सिर्फ स्थानीय निवासियों के लिए नहीं, इन पर सभी का अधिकारः कर्नाटक हाईकोर्ट

### आम जनता को सड़क का इस्तेमाल करने से नहीं रोका जा सकता



एजेंसी। बेंगलुरु

**कर्नाटक** हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि किसी लेआउट के डेवलेपर और जमीन के मालिकों का जमीन पर नियंत्रण छोड़ने के बाद वहां बनी सड़कों पर कोई अधिकार नहीं होगा। कर्नाटक हाईकोर्ट ने एकल जज वाली पीठ के फैसले को बरकरार रखते हुए यह आदेश दिया। एकल जज पीठ ने 29 नवंबर 2022 को दिए अपने फैसले में कहा था कि गेटेड कम्युनिटी का कोई कॉन्सेप्ट नहीं है और जमीन का डेवलपर आम जनता को सड़क का इस्तेमाल करने से नहीं रोक सकता।

उपकार रेजीडेंसेस ने कर्नाटक हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की। यह याचिका श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वरा टावर्स के पब्बा रेड्डी कोडांडरामी रेड्डी के खिलाफ दायर की गई थी, जिसमें जमीन के मंजूर लेआउट में जनता के प्रवेश और निकास देने की मांग की गई थी। रेड्डी का कहना है कि यह एक गेटेड कम्युनिटी है और लेआउट में मौजूद सड़क का इस्तेमाल सिर्फ सोसाइटी के लोग ही कर सकते हैं। एकल जज पीठ ने अपने आदेश में सड़क को आम जनता के लिए खोलने का आदेश दिया। इस फैसले के खिलाफ रेड्डी ने डिविजन बेंच में अपील की। अब मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी वाराले और जस्टिस कृष्णा एस दीक्षित की पीठ ने भी एकल जज पीठ के फैसले को बरकरार रखा है।

अपील को खारिज करते हुए खंडपीठ ने कहा कि जब लेआउट को मंजूरी दी गई तो उसमें शर्त थी कि लेआउट में मौजूद सड़कों का रखरखाव नगर निगम द्वारा किया जाएगा और ये सड़कें सभी आम नागरिकों के इस्तेमाल के लिए होगी। हालांकि कुछ मामलों में रियायत दी जा सकती है लेकिन एक बार सड़कें नगर निगम के नियंत्रण में आएंगी तो फिर डेवलपर या जमीन के मालिक के पास कोई अधिकार नहीं होगा कि वह आम लोगों को सड़कों के इस्तेमाल के लिए रोक सकें।

# आईएसएस में भेजने से पहले यात्री को प्रशिक्षित करेगा नासा



एजेंसी। बेंगलुरू

**अमेरिकी** अंतरिक्ष एजेंसी नासा की एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) भेजने की पेशकश के साथ नासा प्रशासक बिल नेल्सन ने कहा कि नासा इसके लिए प्रशिक्षण भी देगी। यूआर राव उपग्रह केंद्र (यूआरएससी) में नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) उपग्रह से जुड़े परीक्षण में आए नेल्सन ने यह जानकारी दी।

नेल्सन एक हफ्ते के भारत दौरे पर मंगलवार को ही पहुंचे थे। उन्होंने विश्वस्वैरया औद्योगिक व तकनीकी संग्रहालय में विद्यार्थियों से बातचीत की। कहा,




नासा और इसरो के साथ किए जा रहे काम पूरी दुनिया में आर्टिमिस पीढ़ी (नई पीढ़ी) के नागरिकों के लिए कई संभावनाएं पैदा करेंगे। निसार इसका उदाहरण है। यह उपग्रह हर 12 दिन में पृथ्वी को स्कैन कर सकेगा, यहां आ रहे भौगोलिक परिवर्तनों से पूरी दुनिया को वाकिफ रखेगा। उन्होंने बताया कि निसार में दो अलग रडार लगे हैं, एक को अमेरिका और एक को भारत ने बनाया है। भारतीय को अंतरिक्ष में भेजने की योजना को नेल्सन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच समझौते के तहत बना प्रस्ताव बताया। कहा, मिशन साकार होने में एक साल लगेगा। नासा प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह मिशन कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित होगा। इसके लिए फाल्कन नौ रॉकेट और ड्रैगन अंतरिक्ष यान उपयोग होंगे। इस बारे में और विस्तृत जानकारी के लिए इसरो से बात की जा सकती है।

### दुनिया को एक करता है अंतरिक्ष

**नेल्सन** ने दुनिया को एकजुट करने के लिए अंतरिक्ष को प्रमुख जरिया बताया। कहा, अंतरिक्ष से पृथ्वी पर कोई नस्ल, धर्म, विभाजन नजर नहीं आते, केवल रंग-बिरंगी धरती दिखती है। कहा, साथ काम करने से ज्यादा अच्छे परिणाम मिलते हैं। शीत युद्ध के बावजूद रूस और अमेरिका ने अंतरिक्ष में मिलकर काम किया। भारत के चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग को एक बार फिर सराहते हुए नेल्सन ने बताया कि अमेरिका भी 2024 में ऐसे ही मिशन की योजना बना रहा है। इस मिशन व्यावसायिक लैंडर चंद्रमा पर उतारे जाएंगे। भारत ने ऐसा सबसे पहले किया, उसे इसका श्रेय मिलना चाहिए।

### गगनयान मिशन बेहतर बना सकेंगे

**भारतीय** अंतरिक्ष यात्री को अमेरिकी मिशन के जरिये आईएसएस पर भेजने के नासा के प्रस्ताव पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि हम चाहेंगे कि मिशन को कुछ इस प्रकार से अंजाम दें कि इससे हमें लाभ मिले। साथ ही चाहेंगे कि हमारे अंतरिक्ष यात्रियों, चिकित्सा-दल, कंट्रोल दल आदि को भी अमेरिकी केंद्रों पर प्रशिक्षण मिले। आईएसएस के लिए अंतरिक्ष उड़ान का अनुभव मिले। यह सब हमारे गगनयान कार्यक्रम को बेहतर बनाने में मदद करेगा।

# डीप फेक वीडियो बनाकर बुजुर्ग को प्रताड़ित कर ठगा

● ब्लैकमेलिंग से परेशान पूर्व आईपीएस अधिकारी आत्महत्या के कगार पर पहुंचा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**गाजियाबाद** में साइबर ठगों द्वारा भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी का डीप फेक वीडियो इस्तेमाल कर 76 साल के एक बुजुर्ग व्यक्ति को प्रताड़ित करने और उसे आत्महत्या की कगार पर पहुंचाने का मामला सामने आया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है। कवि नगर के सहायक पुलिस आयुक्त अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि 76 वर्षीय ने करीब एक महीना पहले एक स्मार्टफोन खरीदा था और उस पर अपनी फेसबुक प्रोफाइल बनाई थी। उन्हें 20 अक्टूबर को एक वीडियो कॉल आई थी जिसका उन्होंने जवाब दिया था। कॉल करने वाली महिला उस समय नग्न थी। श्रीवास्तव ने बताया कि कॉल खत्म करने के बाद से ही बुजुर्ग के लिए मुश्किलें खड़ी हो गईं। उन्हें उस नग्न महिला के साथ उनका चेहरा लगे व्यक्ति की तस्वीरें भेजी जाने लगीं।

बाद में उन्हें एक वीडियो कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने अपना परिचय दिल्ली के द्वारका में तैनात वरिष्ठ पुलिस अफसर के रूप में दिया और उनसे कहा कि उन्हें एक महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में अभियुक्त बनाया जा रहा है। श्रीवास्तव ने शिकायत के हवाले से बताया कि इस कॉल से बहुत घबरा गए और कथित पुलिस अफसर द्वारा दिए गए बैंक खाते में 24 हजार रुपए जमा कर दिए। उसके बाद 50 हजार रुपए और दिए। मगर धन की मांग और बढ़ती गई। उन्होंने बताया कि लोकलाज के डर और धन का इंतजाम नहीं कर पाने की वजह से शर्मा ने आत्महत्या का इरादा कर लिया। हालांकि उन्होंने इस बारे में अपने परिवार के सदस्यों को बताया, जिन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी।

सहायक पुलिस आयुक्त ने कहा, जांच के दौरान हमें पता चला कि एक सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी का चेहरा लगाकर डीप फेक तकनीक के जरिए बनाया गया वीडियो बुजुर्ग को द्वारका में तैनात वरिष्ठ पुलिस अफसर के तौर पर दिखाया गया था। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। डीप फेक एक ऐसी तकनीक है जिसके जरिए किसी व्यक्ति का चेहरा किसी अन्य के शरीर पर लगाकर जाली वीडियो तैयार किया जाता है।

इस तकनीक के जरिए बनाए गए वीडियो से आम व्यक्ति के लिए यह जान पाना बहुत मुश्किल होता है कि वह वीडियो जाली है। हाल ही में दक्षिण भारतीय फिल्मों की अभिनेत्री रश्मिका मंधाना का भी ऐसा ही वीडियो वायरल हुआ था। श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसा लगता है कि अभियुक्तों ने सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी प्रेम प्रकाश का कोई पुराना वीडियो इस्तेमाल करके उसकी आवाज और पाश्र्व ध्वनि को बदल दिया था।

बारीकी से जांच करने पर पता लगा कि वीडियो में सुनाई दे रही आवाज और होठों की हरकत मेल नहीं खा रही है।

ऐसे में इसे डीप फेक वीडियो कहा जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस मामले में गत 21 नवंबर को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। गाजियाबाद पुलिस ने मामले की जांच में मदद के लिए मेटा कम्पनी को भी पत्र लिखा है। साथ ही डीप फेक वीडियो को फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है।

## दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत

**गाजियाबाद।** मसूरी थाना क्षेत्र अंतर्गत दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर हवा हवाई होटल के पास हुए हादसे के दौरान जहां दो दोस्तों की मौत हो गई वहीं उनका तीसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा उस समय हुआ कि जब वो तीनों एक ही बाइक पर मेरठ की और से गाजियाबाद की तरफ आ रहे थे। इस संदर्भ में एसीपी मसूरी नरेश कुमार सिंह ने बताया कि उक्त हादसे की सूचना मिलते ही एसएचओ मसूरी नरेश कुमार शर्मा पुलिस टीम के साथ दुर्घटनास्थल पर पहुंच गये। उसके बाद एसएचओ ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाकर घायल युवक को सरकारी अस्पताल में भर्ती करवा दिया। श्री सिंह ने बताया कि जिन युवकों की मौत हुई है उनके नाम राहुल निवासी बिसनौली बादलपुर व शिवनन्दन निवासी बम्हैटा वेब सिटी हैं। जबकि घायल युवक का नाम सागर निवासी डेरी मच्छा गौतमबुद्धनगर है।

## संक्षिप्त समाचार



अपने समधी को गोली मारकर हत्या करने वाला पुलिस की गिरफ्त में।

### लूट के मामलों में वांछित चार गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सेक्टर 63 पुलिस ने सुबह को एक सूचना के आधार पर चार शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने विभिन्न जगहों से लूटे हुए 18 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त होने वाली दो हाई स्पीड मोटरसाइकिल, अवैध हथियार आदि बरामद किया है। थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि बहलोलपुर गांव के पास से आज सुबह को पुलिस ने अमन पुत्र मेवाराम, सौरव शर्मा पुत्र पवन शर्मा, कमरुद्दीन पुत्र सलीम, पवन पुत्र मेवाराम को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनकी निशान देही पर पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न जगहों से लूटे हुए 18 मोबाइल फोन, दो देसी तमंचा तथा दो चाकू बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार बदमाशों ने लूटपाट की कई वारदातें करनी स्वीकार की है।

### सलाम नमस्ते में हुनर टॉकीज का आयोजन

**नोएडा।** आईएमएस नोएडा के सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते में वोकल फॉर लोकल अभियान के तहत हुनर टॉकीज का आयोजन हुआ। बृहस्पतिवार को सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बतौर अतिथि वेरी-वेरी ग्रेन की को-फाउंडर रुचि गोयल ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। वहीं कार्यक्रम के दौरान संस्थान की छात्राओं ने भी अपने हुनर से रूबरू कराया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सलाम नमस्ते की स्टेशन हेड बर्षा छबारिया ने बताया कि हुनर टॉकीज हुनरमंद लोगों को पहचान दिलाने का उचित मंच है। ऐसे लोग जिनमें कुछ करने का जज्बा तो है, लेकिन किसी कारण वश उन्हें अपनी पहचान नहीं मिल पायी वे सभी रेडियो कार्यक्रम के साथ जुड़कर अपनी कहानी रेडियो की जुबानी लोगों तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि 6 नवंबर से शुरू इस कार्यक्रम में अब तक 30 से अधिक स्थानीय हुनरमंद लोगों को रेडियो के माध्यम से संयुक्त मंच प्रदान किया गया।

### डाक्टर बीपी त्यागी मामले में दी आंदोलन की चेतावनी

**गाजियाबाद।** पिछले दिनों पुरबिया समाज के लोगों ने चिकित्सक बीपी त्यागी का पुतला जलाया था। दरअसल पुरबिया समाज डाक्टर बीपी त्यागी की छठ पूजा को लेकर की गई बयानबाजी से नाराज चल रहा है। इस पर राजनीति तेज हो गई है। आज राष्ट्रीय जनसत्ता जनता दल ने डाक्टर बीपी त्यागी के समर्थन की घोषणा की। दल के अध्यक्ष श्रीकांत त्यागी ने कहा कि अगर पुतला जलाने वालों ने 15 दिन के अंदर माफी नहीं मांगी और उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। दल के लोग पुलिस कमिश्नर और डीएम आवास का घेराव करेंगे।

# लग्जरी कारों में हूटर बजाकर स्टंटबाजी करते निकले बाराती

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** में रईसजादों की हरकतों पर जरा भी लगाम नहीं लग पा रहा है। नोएडा की सड़क पर लग्जरी कारों में लगे हूटर को बजाकर स्टंट बाजी करते हुए कुछ लोगों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोगों ने इस वीडियो को गौतमबुद्धनगर ट्रैफिक पुलिस को टेक कर कार्रवाई की मांग की है। यह वीडियो थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के एफएनजी का बताया जा रहा है।

आपको बता दें कि पिछले दिनों नोएडा कमिश्नरेट पुलिस ने शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए जा रहे बारातियों द्वारा चलती कारों से नोट लुटाने तथा स्टंट करने के मामले में कड़ी कार्रवाई की थी। इस मामले में पुलिस ने कई कारों को सीज कर उन पर लाखों रुपये का जुर्माना लगाया था। ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कुछ बाराती कारों की खिड़की से लटक कर स्टंट करते हुए दिख रहे हैं। साथ ही इन कारों में तेज हूटर बजाया जा रहा है।

स्टंट बाजी की इस घटना को किसी व्यक्ति ने अपने कैमरे में कैद कर लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। यह वीडियो वायरल होते ही लोग इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। ज्यादातर लोगों का कहना है कि नियम कानून की धज्जियां उड़ाने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# ग्रेटर नोएडा में प्राधिकरण ने निकाले 30 करोड़ के टेंडर

● सीईओ एनजी रवि कुमार ने निर्माण व अन्य कार्यों को तेज गति से कराने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**ग्रेटर** नोएडा प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा शहर के विकास के विकास को पंख लगाने जा रहा है। शहर में विकास एक्सप्रेस दौड़ाने के लिए प्राधिकरण ने रोड, सीवर, नाली व जलापूर्ति से जुड़े 13 कार्यों के लिए टेंडर निकाले हैं। एक माह में टेंडर प्रक्रिया को पूरा कर ये कार्य शुरू कराए जाएंगे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडा में निर्माण व अनुरक्षण के कार्यों को तीव्र गति से कराने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में प्राधिकरण के परियोजना विभाग ने कई कार्यों के लिए टेंडर निकाल दिए हैं। प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि सेक्टर ईकोटेक वन एक्सटेंशन तथा कासना 06 प्रतिशत आबादी से उत्सर्जित होने वाले सीवेज को पंपिग कर एसटीपी तक पहुंचाने के लिए पंपिंग स्टेशन का निर्माण, अनुरक्षण एवं संचालन करने के लिए 4.26 करोड़ रुपये के टेंडर जारी किए हैं।

ग्रेटर नोएडा के जोन एक के सेक्टरों व गांवों, मसलन अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा, नॉलेज पार्क वन, टू, थ्री, तुगलपुर, रामपुर, नवादा आदि में तीन साल तक सीवरेज सिस्टम के रखरखाव व संचालन के लिए 5.96 करोड़ रुपये के टेंडर जारी किए गए हैं सेक्टर म्यू टू, ज्यू टू, ओमीक्रॉन वन ए, ग्राम घोड़ी-बछेड़ा और इकोटेक 9, 10, 11 व ग्राम, सिरसा, लडपुरा मायचा तथा सादोपुर व बादलपुर के आंतरिक सीवरेज सिस्टम का तीन वर्ष तक अनुरक्षण कार्य करने के लिए 5.32 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया गया है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर टेकजोन 4 व सेक्टर एक में जलापूर्ति वितरण लाइन उपलब्ध कराने व बिछाने के लिए लगभग 1.67 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किए गए हैं। इस तरह कुल 13 कार्यों के लिए लगभग 30 करोड़ रुपये के टेंडर जारी किए गए हैं। एक माह में टेंडर प्रक्रिया पूरा कर नए साल से शुरुआत करने की तैयारी है।

# ओखला में बन रहा एशिया का सबसे बड़ा वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट

● जल मंत्री ने किया निरीक्षण, परियोजना में में देरी पर अधिकारियों को लगाई फटकार

## 564 एमएलडी क्षमता वाला यह संयंत्र यमुना को साफ करने में गेम चेंजर साबित होगा : आतिशी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



ओखला में बनाये जा रहे वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट मॉडल से जानकारी लेती मंत्री आतिशी।

**ओखला** में एशिया का सबसे बड़ा और दुनिया के चौथे नंबर का वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूडब्ल्यूटीपी) निर्माणाधीन है। इसमें रोजाना 56 करोड़ 40 लाख लीटर सीवेज (564 एमएलडी गंदे पानी का शोधन) को साफ किया जा सकेगा। परियोजना अपने अंतिम चरण में चल रही है, इसका निरीक्षण करने के लिए जल मंत्री आतिशी ने गुरुवार को इस प्लांट का दौरा किया। परियोजना में देरी को लेकर जलमंत्री आतिशी ने अधिकारियों को फटकार लगाई और निर्देश दिये कि इस साल के अंत तक संयंत्र को शुरू कर दिया जाए। आतिशी ने कहा कि, 564 एमएलडी क्षमता वाला यह संयंत्र यमुना नदी को साफ करने की दिशा में गेम चेंजर साबित होने वाला है। इस प्लांट के शुरू होने के बाद प्रतिदिन करोड़ों लीटर सीवर को सीधे यमुना में छोड़ने के बजाय उसे शोधित करके छोड़ा जाएगा। इस प्लांट के चालू होने के बाद गंदे पानी के बायोलॉजिकल ऑक्सीडेशन डिमांड (बीओडी) स्तर को शोधित कर 10 तक लाया जा सकेगा। प्लांट से उपचारित पानी न केवल यमुना को साफ करने में मदद करेगा, बल्कि बागवानी सहित अन्य चीजों के लिए भी उपयोगी बनेगा।

जलमंत्री ने पाया कि परियोजना अपने तय समय सीमा से पीछे चल रहा है, इसपर अधिकारियो को निर्देश देते हुए जल मंत्री ने कहा कि, नए टाइमलाइन के साथ साल के अंत तक बचा हुआ काम पूरा किया जाए, और हर सोमवार को उन्हें इसकी प्रगति रिपोर्ट सौंपी जाए। उन्होंने कहा कि, यमुना को साफ करने की दिशा में ये प्लांट बेहद महत्वपूर्ण है, ऐसे में इसके निर्माण में अब एक दिन की भी देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि, यमुना की साफ करना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा है यमुना साफ होगी तो यमुना साफ होकर रहेगी, और इस दिशा में युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। अधिकारियों ने जल मंत्री को जानकारी साझा करते हुए कहा कि, इस प्लांट में सेंट्रल दिल्ली (मुख्यत एनडीएमसी क्षेत्र), साउथ दिल्ली के अधिकांश हिस्सों का सीवेज आएगा।

यहां यूवी सहित अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए, सीवज के पानी को शोधित किया जाएगा और बायोलॉजिकल ऑक्सीडेशन डिमांड स्तर को शोधित कर 10 तक लाया जाएगा। उसके बाद ही साफ पानी को यमुना में छोड़ा जाएगा।

### शोधित पानी का इस्तेमाल बागवानी के लिए होगा

**प्लांट** के जरिए 40 लाख लोगों को लाभ मिलेगा क्योंकि यह दिल्ली की एक बहुत बड़ी आबादी वाले क्षेत्र के सीवेज को ट्रीट करने का काम करेगा। ये प्लांट एशिया का सबसे बड़ा सीवज ट्रीटमेंट प्लांट है, जो अकेले दिल्ली के 15 से 20 फीसदी सीवेज को शोधित करेगा। शोधित होने के बाद पानी का बीओडी इस स्तर पर पहुँचेगा जिसका इस्तेमाल बागवानी सहित विभिन्न कार्यों में किया जा सकेगा। यह प्लांट ग्रीन एनर्जी के जरिए ऊर्जा की अपनी आधी जरूरतों को खुद से पूरा कर सकेगा। प्लांट में सीवेज के गाद से निकलने वाले बायो-गैस के जरिए 4.8 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा सकेगा। साथ ही गाद से वेस्ट टू एनर्जी प्लांट को भी चलाया जा सकेगा।

## पिज्जा हट की दुकान चलाने वाले को बदमाशों ने पीटा

**नोएडा।** कस्बा दनकौर में पिज़्ज़ा हट की दुकान चलाने वाले दुकानदार को मारपीट कर घायल कर दिया।

दुकानदार का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने आरोपियों द्वारा दुकान पर बैठे युवक-युवती से मारपीट का विरोध करते हुए बीच बचाव किया था। पीड़ित दुकानदार ने चार लोगों के खिलाफ थाना दनकौर में मुकदमा दर्ज कराया है। प्रवीण ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह कस्बे में पिज़्ज़ा हट के नाम से दुकान चलाता है। उसकी दुकान पर सुंदर, बंटी, बिट्टू व अन्नु पहुंचे। इन लोगों ने दुकान पर बैठे युवक-युवती के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की।

# जेपी नड्डा ने ग्रेनो में किया लाभार्थियों से संवाद

● गौतमबुद्धनगर पहुंचे भाजपा अध्यक्ष, डीएनडी पुल पर भव्य स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गौतम बुद्ध नगर पहुंचे। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उनका डीएनडी पुल पर भव्य स्वागत किया।

इस दौरान गौतम बुध नगर के सांसद तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा, नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता सहित भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। उसके बाद ग्रेटर नोएडा के दनकौर में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हिस्सा लिया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के दौरान लाभार्थियों से संवाद किया। उसके बाद जेपी नड्डा जिले की जनता के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार और योगी सरकार की उपलब्धियां को गिनवाया। उन्होंने जिले की जनता के साथ आमने-सामने बैठकर बातचीत की। ग्रेटर नोएडा में जेपी नड्डा ने कहा कि 15 नवंबर को प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड के खूंटी से जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का शुभारंभ किया था।

इस संकल्प यात्रा का लक्ष्य भारत के ज्यादा से ज्यादा पंचायत, गांव और नागरिकों तक पहुंचना है। इस यात्रा में लगभग 2.55 लाख पंचायतों तक हम पहुंचेंगे।

# नोएडा में बनेंगे मोबाइल, हजारों युवाओं को मिलेगा रोजगार

● डक्सन टेक्नोलॉजी प्रा. लि. की नई इकाई का केंद्रीय मंत्री ने किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**केंद्रीय** रेल, संचार और इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिक मंत्री अश्चिनी वैष्णव ने गुरुवार को नोएडा के सेक्टर-68 में डिक्सन टेक्नोलॉजी प्रा. लि. की नई इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्करिंग इकाई का विद्युत विधिवत उद्घाटन किया।

नई मैन्युफैक्चरिंग इकाई इलेक्ट्रानिक उत्पादों के साथ साथ स्मार्ट फोन का उत्पादन करती है। इस इकाई की शुरूआत होने से नोएडा में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने इस अवसर पर कहा कि आज भारत में इस्तेमाल किए जाने वाले स्मार्ट फोन 99 प्रतिशत से ज्यादा स्थानीय स्तर पर निर्मित हो रहे हैं। मोबाइल विनिर्माण उद्योग 44 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि अब नोएडा में सबसे ज्यादा मोबाइल फोन बनेंगे। आपको बता दें कि नोएडा में आज से शुरु हुई इस नई इकाई की उत्पादन क्षमता 25 मिलियन वार्षिक मोबाइल उत्पादन करने की है। यह यूनिट 2.7 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में बनाई गई है। इसको विकसित करने में 256 करोड रुपये का निवेश किया गया है इस मौके पर अध्यक्ष और निदेशक, डिक्शन टेक्नोलॉजी सुनील वाचानी तथा प्रबंध निदेशक एवं वाइस चेयरमैन अतुल लाल समेत कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## भांजी की शादी में मामा को मारा चाकू

**नोएडा** । यूपी के ग्रेटर नोएडा में भांजी की शादी में भात देकर घर वापस लौट रहे एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की और चाकू मारकर घायल कर दिया। पीड़ित का आरोपियों से बाइक हटाने को लेकर विवाद हुआ था। अशोक शर्मा अपनी भांजी की शादी में भात देने के लिए मुठयानी गांव में गए थे। इस दौरान बाइक निकालने को लेकर उनका बारात में आए नकुल, आकाश, रोहतास आदि से विवाद हो गया। उन्हें नकुल, आकाश, बबलू व कुछ अन्य लोगों ने रोक लिया। आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की।

# कार सवारों ने बाइक सवार को चाकू से गोद डाला

**नोएडा।** सड़कों पर जा रहे वाहनों का किसी कारण से एकाएक टकरा जाना या गाड़ियों का सट जाना, खरोच लग जाना एक आम बात है, लेकिन अक्सर गाड़ी चालक यह नहीं समझने को तैयार नहीं होते कि जानबूझकर कोई ऐसा नहीं करता है। जैसे ही ऐसी घटना हो जाती है लोग एक दूसरे को मरने मारने को तैयार हो जाते हैं। इसी तरह की एक घटना जारचा कोतवाली एरिया के गुलावठी के पास हुई, जिस रोडरेज की घटना में जमकर बवाल हुआ। कार सवार तीन युवकों ने बाइक सवार को चाकू से गोद दिया। घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अभी तक पुलिस किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी हैं। जारचा कोतवाली पुलिस के मुताबिक, अशोक शर्मा मुठियानी गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। देर रात शादी में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे। जब ये गुलावठी के पास पहुंचे। उसी दौरान उनकी बाइक एक कार से टकरा गई। आरोप है कि उसी दौरान कार सवार युवकों ने उनपर चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। जारचा कोतवाली प्रभारी का कहना है कि शादी समारोह से लौटते समय कार व बाइक को निकालने को लेकर हुए विवाद में पूर्व से परिचित लोगों द्वारा पीड़ित पर चाकू से हमला किया गया। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ऊर्जा संरक्षण के लिए साहिबाबाद स्टेशन को प्लेटिनम रेटिंग

## एनसीआरटीसी ने अपनी कुल ऊर्जा आवश्यकता का 70 प्रतिशत हिस्सा नवीकरणीय स्रोतों को पूरा करने के लिए रखा

नमो भारत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




**अब** साहिबाबाद रेलवे स्टेशन के ताज में एक और हीरा लग गया है। इस स्टेशन के लिए प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट अवार्ड की सर्वोच्च रेटिंग, प्लेटिनम रेटिंग से सम्मानित किया गया है। यह प्लेटिनम रेटिंग इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल द्वारा चेन्नई में आयोजित ग्रीन बिल्डिंग कांग्रेस 2023 में दी गई।

पर्यावरण संरक्षण की ओर कदम बढ़ाते हुए एनसीआरटीसी ने आरआरटीएस परियोजना के अंतर्गत कई पर्यावरण-अनुकूल पहल की हैं। इसी श्रृंखला में, डिपो, स्टेशन, रिसीविंग सबस्टेशन (आरएसएस) और आवासीय परिसरों सहित सभी प्रमुख प्रतिष्ठानों को आईजीबीसी के साथ पंजीकृत किया गया है, जो उच्चतम पर्यावरणीय स्थिरता मानकों को बनाए रखने के एनसीआरटीसी के मिशन के अनुकूल है। यह अवार्ड एनसीआरटीसी की स्थापना के बाद से ही सतत विकास के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एनसीआरटीसी निरंतर पर्यावरण-अनुकूल प्रक्रियाओं को अपनाता रहा है। प्री-डिज़ाइन चरण से शुरू होकर, निर्माण के प्रत्येक चरण में निम्न कार्बन उत्सर्जन को सुनिश्चित करना संस्था की प्राथमिकता रही है।

फ्लाई ऐश ईंटों का उपयोग, कंस्ट्रक्शन और डिमोलिशन वेस्ट का प्रभावी निपटान, हवादार और आरामदायक बिल्डिंग इंटीरियर का निर्माण, ऊर्जा-कुशल डिजाइन, वर्षा जल संचयन प्रणालियों का कार्यान्वयन और सौर ऊर्जा का व्यापक उपयोग जैसी तमाम पहल, सतत विकास के प्रति एनसीआरटीसी की प्रतिबद्धता की उदाहरण हैं।

साहिबाबाद और गाजियाबाद आरएसएस के साथ-साथ वायाडक्ट के नीचे के स्थान में विस्तृत लैंडस्केपिंग के प्रयास, उस समग्र दृष्टिकोण में योगदान करते हैं जो परियोजना के निर्माण और परिचालन चरणों के दौरान ऊर्जा की खपत और कार्बन फुटप्रिंट को काफी कम कर देता है। एनसीआरटीसी का लक्ष्य है कि अपनी कुल ऊर्जा आवश्यकता का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा नवीकरणीय स्रोतों द्वारा पूरा किया जाए। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए संस्था ने एक सौर नीति अपनाई है, जिसका लक्ष्य स्टेशनों, डिपो और अन्य भवनों की छतों पर लगभग 11 मेगावाट की अधिकतम घरेलू सौर ऊर्जा उत्पन्न करना है। इसके अलावा, यह ट्रैक्शन उद्देश्यों के लिए नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए ऊर्जा मिश्रण को भी अनुकूलित करेगा। आईजीबीसी द्वारा प्रदान की गई यह प्रतिष्ठित प्लेटिनम रेटिंग एनसीआरटीसी के सतत विकास के प्रति दृढ़ समर्पण को दिखाती है, जो वैश्विक पर्यावरण संरक्षण लक्ष्यों के अनुरूप हरित और सतत भविष्य बनाने की दिशा में एक माइलस्टोन है।

2001 में स्थापित, आईजीबीसी, सीआईआई का एक स्वायत्त गैर-लाभकारी निकाय है, जो सक्रिय रूप से सतत प्रयासों को प्रोत्साहित करता है और कार्बन उत्सर्जन के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए कार्यरत है। सर्वोत्तम अंतरराष्ट्रीय प्रक्रियाओं का उपयोग करते हुए, आईजीबीसी कार्यालयों, इमारतों, कारखानों और मास रैपिड ट्रांसिट सिस्टम्स सहित विभिन्न श्रेणियों को रेटिंग प्रदान करता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण में सहयोग मिलता है। एनसीआरटीसी भारत में शहरी परिवहन में क्रांतिकारी बदलाव लाने के अपने दृष्टिकोण पर दृढ़ है और इस परिवर्तनकारी यात्रा के प्रमुख स्तंभों के रूप में सतत विकास और नवाचार पर जोर देता है।

# तेलंगाना: सीएम चंद्रशेखर राव समेत कई दिग्गजों ने किया मतदान

एजेंसी। हैदराबाद

**तेलंगाना** के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और उनकी पत्नी शोभा ने बृहस्पतिवार को सिद्दीपेट जिले के चिनरामाडाका गांव में मतदान किया। मुख्यमंत्री ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए 28 नवंबर तक चले प्रचार अभियान के दौरान भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के लिए 96 जनसभाओं को संबोधित किया।

इससे पहले प्रदेश भाजपा अध्यक्ष जी किशन रेड्डी, बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव, उनकी बहन और विधान परिषद सदस्य के. कविता, एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी सुबह सात बजे शुरू हुए मतदान में सबसे पहले अपने मताधिकार का उपयोग करने वाले नेताओं में शामिल रहे। राज्य की 106 विधानसभाओं में मतदान शाम पांच बजे तक चला। वहीं, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित 13 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान देर शाम तक होता हुआ दिखा।

**106 विधानसभाओं में शाम पांच बजे तक हुआ मतदान**

**कई बूथों पर देर शाम तक दिखीं लंबी लाइनें**






## तेलंगाना: मतदान केंद्र पर ही भिड़े बीजेपी-बीआरएस कार्यकर्ता

एजेंसी। हैदराबाद

**तेलंगाना** में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान जारी है। बीआरएस कार्यकर्ताओं का आरोप है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रेवंत रेड्डी के भाई कोंडल रेड्डी कामारेड्डी इलाके में विभिन्न बूथों का दौरा कर रहे हैं, जबकि वह उन बूथों के मतदाता भी नहीं हैं। बीआरएस ने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से करने की बात कही है। वहीं, कोंडल रेड्डी का कहना है कि बीआरएस कार्यकर्ताओं ने उन पर हमले की कोशिश की। कोंडल रेड्डी ने भी पुलिस से शिकायत की है।

कोंडल रेड्डी ने बताया कि मैं एक सामान्य एजेंट हूं और मैं बूथ गया था लेकिन बीआरएस कार्यकर्ताओं ने मुझे रोका और मुझ पर हमले का प्रयास किया गया। उनके (बीआरएस) वाहन पिछले 2-3 घंटे से मेरा पीछा कर रहे हैं और मुझे रोकने की कोशिश कर रहे हैं। कोंडल रेड्डी ने बताया कि उन्होंने इसकी शिकायत एसपी से की है। वहीं बीआरएस कार्यकर्ताओं का कहना है कि कोंडल रेड्डी फर्जी पास के साथ घूम रहे हैं और रिटर्निंग अफसर से बात कर रहे हैं। उनके साथ 20 अन्य लोग हैं और वह विभिन्न पोलिंग बूथों पर जा चुके हैं लेकिन पुलिस उन्हें कुछ नहीं कह रही। वह गुंडागर्दी कर रहे हैं। उनके कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया लेकिन 10 मिनट बाद ही उन्हें छोड़ दिया गया। हम इसकी शिकायत चुनाव आयोग से करेंगे।



### जनगांव विधानसभा सीट पर कार्यकताओं ने एक-दूसरे से की मारपीट, पुलिस ने संभाला

**वहीं** तेलंगाना की जनगांव विधानसभा सीट पर भाजपा और बीआरएस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। हालांकि पुलिस ने किसी तरह हालात को नियंत्रित कर लिया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को थप्पड़ मारते दिख रहा है। साथ ही उसने व्यक्ति का कॉलर भी पकड़ लिया लेकिन मौके पर मौजूद एक पुलिसकर्मी ने हालात को किसी तरह से नियंत्रित किया।



## 16 जनवरी को खत्म होगा तेलंगाना विधानसभा का कार्यकाल

एजेंसी। हैदराबाद

**तेलंगाना** विधानसभा का कार्यकाल 16 जनवरी 2024 को खत्म होने वाला है। यहां पिछली बार दिसंबर 2018 में विधानसभा चुनाव हुए थे और तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) ने सरकार बनाई थी। चंद्रशेखर राव दूसरी बार सीएम बने थे। टीआरएस का नाम अब बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) हो गया है। इस बार के चुनाव में सत्तारूढ़ बीआरएस, कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है। साल 2018 में बीआरएस को 88, कांग्रेस को 19 सीटें मिली थीं। वहीं, भाजपा के खाते में केवल एक सीट आई थी।ने में तत्कालीन कांग्रेस सरकार का अहम योगदान था, लेकिन उसके बाद वहां कभी सत्ता में नहीं आ सकी।

### प्रदेश की पांच सीटों पर राजनीति गर्म

**मुख्यमंत्री केसीआर दो जगह से मैदान में:** बीआरएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष केसीआर लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने के लिए मैदान में हैं। वे गजवेल और कामारेड्डी दो विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों ही सीटों पर उनके खिलाफ मजबूत प्रत्याशी मैदान में हैं। गजवेल में भाजपा ने उनके खिलाफ ईटाला राजेंद्र को उतारा है। वहीं, कामारेड्डी क्षेत्र से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी चुनावी मैदान में हैं।

**भाजपा ने तीन सांसदों को मैदान में उतारा:** भाजपा ने तेलंगाना में अपने सहयोगी जनसेना के साथ सभी 119 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी ने राज्य के चुनाव में तीन सांसदों को चुनावी मैदान में उतारा है। करीमनगर सीट से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद बंदी संजय कुमार, बोथ से सांसद सोयाम बापू और कोरुतला से सांसद अरविंद धर्मपुरी को बीजेपी ने अपना उम्मीदवार बनाया है।

इससे पहले पार्टी ने एमपी-राजस्थान में भी इसी तरह का प्रयोग कर कई मौजूदा सांसदों को चुनाव मैदान में उतार चुकी है। इसके अलावा राज्य में भाजपा के इकलौते विधायक टी राजा सिंह को भी टिकट मिला है। पार्टी ने उन्हें अगस्त 2022 में सस्पेंड कर दिया था। उन्होंने पैगंबर मोहम्मद को लेकर एक विवादित टिप्पणी की थी। टी राजा गौशमहल से विधायक हैं। भाजपा ने इसी सीट से उन्हें फिर से उम्मीदवार बनाया है। इस पर एआईएमआईएम चीफ ओवैसी ने कहा था कि बीजेपी में नफरत फैलाने वालों को जल्दी प्रमोशन मिलता है। यकीन है नुपूर शर्मा को भी पीएम से आशीर्वाद मिलेगा।

**कांग्रेस ने भी तीनों सांसदों को उम्मीदवार बनाया:** कांग्रेस ने 119 में से 118 सीटों में अपने उम्मीदवार घोषित किए हैं। पार्टी ने अपने तीनों मौजूदा सांसदों को चुनावी मैदान में उतारा है। मल्काजगिरी के सांसद ए.रेवंत रेड्डी को कोडंडल से, भोंगिर के सांसद कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी को नलगोंडा से और नलगोंडा के सांसद एन. उत्तम कुमार रेड्डी को हुजूरनगर से मैदान में उतारा है।

**ओवैसी की पार्टी ने 9 सीटों पर उतारे उम्मीदवार:** हैदराबाद जिले में लोकसभा हो या विधानसभा चुनाव की सियासत ओवैसी के इर्द-गिर्द घूमती है। ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम नौ सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि बाकी सीटों पर बीआरएस को समर्थन दिया है। पिछले चुनाव में एआईएमआईएम ने सात सीटें जीती थीं।

**2018 चुनाव में बीजेपी को मिली थी सिर्फ एक सीट:** तेलंगाना में 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी को सिर्फ एक सीट मिली थी। मौजूदा मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की पार्टी टीआरएस (2022 में पार्टी का नाम तेलंगाना राष्ट्र समिति से बदलकर भारत राष्ट्र समिति कर दिया गया) को सबसे ज्यादा 88 सीट मिली थीं। वहीं कांग्रेस के खाते में 19 सीटें आईं। मौजूदा स्थिति की बात करें तो सत्ताधारी पार्टी के पास इस वक्त 119 विधानसभा सीटों में से 101 विधायक हैं। वहीं असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमएआईएम के पास 7 विधायक हैं, जबकि कांग्रेस के पास पांच, भाजपा के पास तीन, आईएफबी के पास एक, एक नॉमिनेटेड और एक निर्दलीय विधायक हैं।



### राज्य की 45 विधानसभा सीटों पर मुस्लिमों का प्रभाव

**तेलंगाना** की कुल 3.17 करोड़ आबादी में 13 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता हैं। राज्य की 119 विधानसभा सीटों में करीब 45 विधानसभा सीटों पर मुस्लिमों का खासा प्रभाव है। इनमें से हैदराबाद की 10 सीटों पर 30 से 50 फीसदी के बीच मुस्लिम हैं, जबकि 20 सीटों पर 15 फीसदी से 30 फीसदी के बीच हैं। इसके अलावा 15 सीटों पर 10 से 15 फीसदी के बीच मुस्लिम वोटर्स हैं। 119 में कांग्रेस ने छह और बीआरएस ने चार मुस्लिमों को उतारा है। साल 2018 में हुए चुनाव में 1821 उम्मीदवार मैदान में थे। इसमें महिला प्रत्याशियों की संख्या 140 थी। इनमें भी 99 उम्मीदवार जनरल, जबकि 26 एससी और 15 एसटी कैटेगरी से थीं। लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में 140 में से केवल छह महिला कैंडिडेट को जीत मिली थी।

### 10 साल से सीएम हैं के. चंद्रशेखर राव

**दो** जून 2014 को तेलंगाना का गठन हुआ था। तब से एक दशक में यहां दो विधानसभा चुनाव हो चुके हैं और 10 साल से सीएम के. चंद्रशेखर राव की अगुवाई वाली पार्टी बीआरएस (पहले टीआरएस) सत्ता में है। राज्य को बनाने में तत्कालीन कांग्रेस सरकार का अहम योगदान था, लेकिन उसके बाद वहां कभी सत्ता में नहीं आ सकी।

## केंद्र की सत्ता में आए तो स्वास्थ्य बीमा योजना पूरे देश में लागू करेंगे: राहुल गांधी

एजेंसी। वायनाड (केरल)

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने राजस्थान सरकार द्वारा गरीबों के लिए शुरू किए गए स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम की तारीफ करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि यदि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद उनकी पार्टी केंद्र की सत्ता में आई तो पूरे देश में ऐसी योजना लागू की जाएगी।

गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड के सुल्तान बथेरी में स्थित एक निजी अस्पताल के नए खंड के उद्घाटन के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने इस मौके पर राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र के पुन: मूल्यांकन की जरूरत रेखांकित की। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार को, गरीबों को बुनियादी गारंटी के तौर पर किफायती स्वास्थ्य सुविधाएं देने को प्राथमिकता देनी चाहिए। राहुल गांधी ने कहा, मुझे लगता है कि हमें स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र के बारे में सोचने के अपने तरीके पर राष्ट्रीय स्तर पर पुनर्विचार करना होगा और मेरा मानना है कि देश की सरकार को जिस एक गारंटी के बारे में सोचना चाहिए, वह वास्तव में कम मूल्य पर, विशेष रूप से गरीबों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने के बारे में हो।

कांग्रेस ने राजस्थान में अपनी चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की तारीफ करते हुए इसे पूरे देश के लिए मॉडल बताया है। पार्टी का कहना है कि इसके तहत मेडिकल कवरेज 50 लाख रुपए तक बढ़ाने से गरीबों और मध्यम वर्ग दोनों को लाभ मिलेगा।

## आयोग को इन चुनावों में कई बार कसनी पड़ी नकेल

### 1760 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती

एजेंसी। नई दिल्ली

**निर्वाचन** आयोग ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में सभी पार्टियों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए कई मौकों पर सख्ती बरती। अधिकारियों ने इस दौरान मुफ्त में बांटी जाने वाली बहुत सी चीजें, ड्रग, नकदी और शराब जब्त की जिनकी कीमत 1766 करोड़ से अधिक है तथा इनका इस्तेमाल मतदाताओं को लुभाने के लिए किया जाना था।

स्थानीय चुनाव मशीनरी की शिकायतों और सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आयोग ने कई प्रमुख नेताओं को कारण बताओ नोटिस और सलाह जारी की कि वे आचार संहिता के प्रावधानों का पालन करें। तेलंगाना के वित्त मंत्री हरीश राव द्वारा रायथु बंधु योजना के तहत किस्त जारी करने के बारे में घोषणा किए जाने को आचार संहिता का उल्लंघन माना गया। आयोग ने प्रदेश में रबी फसलों के लिए किसानों को वित्तीय सहायता के वितरण के लिए तेलंगाना सरकार को दी गई अनुमति वापस ले ली। निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकार को कुछ शर्तों के आधार पर आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान रबी फसलों के लिए किस्त का भुगतान करने की मंजूरी दे दी थी। आयोग ने सरकार से पांच दिसंबर तक इन पांच राज्यों में योजनाओं और पहलों पर अपने व्यापक संपर्क कार्यक्रम, प्रस्तावित विकसित भारत संकल्प यात्रा को रोकने के लिए भी कहा था। सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया था कि आदर्श आचार संहिता लागू होने तक यात्रा चुनाव वाले राज्यों को कवर नहीं करेगी। प्रतिद्वंद्वी दलों की शिकायतों के आधार पर आयोग ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, उनकी बहन और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख तथा तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को नोटिस जारी किया। बाद में उन्हें एक परामर्श जारी किया गया और आदर्श आचार संहिता का अक्षरश: पालन करने को कहा गया।




### कर्नाटक सरकार से भी मांगा था स्पष्टीकरण

**चुनाव** आयोग ने तेलंगाना के अखबारों में अपनी उपलब्धियों का प्रचार करने वाले विज्ञापनों पर कर्नाटक की कांग्रेस सरकार से स्पष्टीकरण मांगा था। कर्नाटक के मुख्य सचिव को लिखे पत्र में आयोग ने कहा कि प्रदेश सरकार ने विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए उससे पूर्व मंजूरी नहीं ली, जो चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। चुनाव आयोग के अनुसार, मिजोरम, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में चुनाव अवधि के दौरान 1766 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती की गई जो 2018 विधानसभा चुनावों की तुलना में सात गुना अधिक थी। आयोग ने कहा कि पहली बार इस्तेमाल की गई चुनाव जब्ती प्रबंधन प्रणाली ने प्रवर्तन एजेंसियों के बीच समन्वय की सुविधा प्रदान की।

## वामपंथी उग्रवाद प्रभावित सीटों पर शाम चार बजे तक पड़े वोट

एजेंसी। हैदराबाद



**तेलंगाना** की वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित 13 विधानसभा सीटों पर बृहस्पतिवार शाम चार बजे मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राज्य की सभी 119 विधानसभा सीटों पर दोपहर तीन बजे तक 51.89 प्रतिशत वोट पड़े। वामपंथी उग्रवाद प्रभावित सीटों पर मतदान शाम चार बजे समाप्त होना था, लेकिन जो लोग मतदान समाप्ति के समय कतार में थे, उन्हें अपना वोट डालने की अनुमति दी गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन इलाकों में कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विकास राज ने संवाददाताओं को बताया कि एक-दो स्थानों पर मामूली झड़पों को छोड़कर सभी केंद्रों पर मतदान किसी भी समस्या के बिना संपन्न हुआ। राज्य के 119 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे मतदान प्रारंभ हुआ। विधानसभा की 106 सीटों पर मतदान शाम पांच बजे संपन्न होगा और तब यदि मतदान केंद्र में लोग कतारबद्ध हैं तो उन्हें बाद तक मतदान की अनुमति होगी।



## ड्रिंकप्राइम: भारतीय शहरों में सुरक्षित पेयजल पहुंचाने में क्रांतिकारी बदलाव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**विजेंदर** रेड्डी मुथ्याला, सह-संस्थापक और सीईओ और मानस रंजन होता सह-संस्थापक और सीओओ कंपनी के रोडमैप और शहरी भारत की पानी की खपत पर इसके प्रभाव पर गहराई से प्रकाश डालते हैं।

**अगले तीन वर्षों के लिए ड्रिंकप्राइम की विस्तार योजनाएं क्या हैं और प्रौद्योगिकी और बाजार पहुंच के मामले में कैसे आगे बढ़ने का इरादा रखते हैं?**

अगले तीन वर्षों के लिए ड्रिंकप्राइम की विस्तार योजनाओं में भौगोलिक आउटरीच और उपयोगकर्ता आधार विस्तार शामिल है। हमारा लक्ष्य मौजूदा मांग को पूरा करते हुए नए भारतीय शहरों में सेवाएं विस्तारित करना है। एआई और आईओटी प्रौद्योगिकियों की कुशल मांग पूर्ति और निर्बाध विस्तार की सुविधा प्रदान करेंगी।

**क्या आप दिल्ली में ड्रिंकप्राइम के ग्राहक आधार की वृद्धि पर जानकारी साझा कर सकते हैं? इस वृद्धि में किन रणनीतियों ने योगदान दिया है?**

ड्रिंकप्राइम की दिल्ली ग्राहक आधार वृद्धि प्रभावी रणनीतियों से उपजी हैं जो पारंपरिक जल शोधक की कमियों को उजागर करती है और हमारी सेवाओं के फायदों पर जोर देती है। जागरूकता अभियानों और शैक्षिक प्रयासों ने मूल्य प्रस्ताव को सफलतापूर्वक व्यक्त किया है, जिससे ग्राहकों की संख्या में वृद्धि हुई है।

**दिल्ली में ड्रिंकप्राइम की उपस्थिति के साथ आपको इस बाजार में किन चुनौतियों सामना करना पड़ा है व क्या अवसर आए है?**

दिल्ली के हलचल भरे शहर में ड्रिंकप्राइम का प्रवेश अद्वितीय चुनौतियों और आशाजनक अवसरों दोनों के साथ हुआ है। शहर के विविध जल परिदृश्य है जो विभिनन्न इलाकों में पानी की गुणवत्ता में उतार-चढ़ाव है। इस उतार-चढ़ाव ने शुरू में एक चुनौती पेश की। इस अहसास ने हमें प्रत्येक क्षेत्र में प्रचलित विशिष्ट जल गुणवत्ता के मुद्दों को प्राप्त करने के लिए अपने जल शुद्धिकरण समाधानों को तैयार करते हुए एक अधिक सूक्ष्म रणनीति अपनाने के लिए प्रेरित किया।

**वॉटर प्यूरीफायर के साथ ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए ड्रिंकप्राइम एआई और आईओटी का उपयोग कैसे करता है?**

ड्रिंकप्राइम विभिन्न क्षेत्रों में पानी की गुणवत्ता की निगरानी के लिए एआई-संचालित डेटा एनालिटिक्स का लाभ उठाता है। बेंगलुरु, दिल्ली एनसीआर और हैदराबाद में घरों से पानी के नमूने एकत्र करने और उनका विश्लेषण करने से, हम प्रत्येक क्षेत्र के सामने आने वाली विशिष्ट जल गुणवत्ता चुनौतियों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त करते हैं। यह डेटा-संचालित दृष्टिकोण हमें प्रत्येक क्षेत्र की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हमारे शुद्धिकरण समाधानों को तैयार करने में सक्षम बनाता है। जिससे यह सुनिश्चित होता है कि ग्राहकों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल प्राप्त हो।

**भारत में सदस्यता-आधारित जल सेवाओं में वृद्धि के कारण क्या हुआ है और ड्रिंकप्राइम इस विकसित बाजार में खुद को कैसे स्थापित कर रहा है?**

भारत की बढ़ती शहरी आबादी में युवा पेशेवरों, जोड़ों और छोटे परिवारों की बड़ी संख्या है। इसने सुविधाजनक और किफायती पेयजल समाधानों की मांग को बढ़ा दिया है। हमने निम्नलिखित प्रमुख विभेदकों पर ध्यान केंद्रित करके विस्तारित सदस्यता-आधारित जल सेवा बाजार का लाभ उठाने के लिए रणनीतिक रूप से खुद को तैयार किया है। अनुकूलित जल शोधन समाधान, डेटा-संचालित नवाचार और निर्बाध ग्राहक अनुभव।

**क्या आप औसत भारतीय उपभोक्ता को जल शोधक के स्वामित्व पर सदस्यता के लाभों के बारे में विस्तार से बता सकते हैं?**

वाटर प्यूरीफायर खरीदने के बजाय सदस्यता लेने से औसत भारतीय उपभोक्ता को कई तरह के लाभ मिलते हैं, जो उन्हें वाटर प्यूरीफायर खरीदने और रखने की तुलना में अधिक आकर्षक विकल्प देते है।

**सामर्थ्य:** सदस्यता सेवाएं जल शोधक यानी वाटर फिल्टर को खरीदने की अग्रिम लागत को समाप्त कर देती हैं, जिससे वे बजट के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं के लिए अधिक सुलभ हो जाती हैं।

**सुविधा:** अधिकांश ब्रांड जो सब्सक्रिप्शन पर वॉटर प्यूरीफायर पेश करते हैं, मुफ्त इंस्टॉलेशन, रखरखाव और फिल्टर प्रतिस्थापन की पेशकश करते हैं। ड्रिंकप्राइम के साथ हम ये सभी और मुफ्त स्थानांतरण सेवाएं प्रदान करते हैं।

**अनुकूलित समाधान:** ड्रिंकप्राइम जो एक सब्सक्रिप्शन मॉडल पर भी काम करता है। इसको एक विशेष क्षेत्र के पानी की गुणवत्ता के मुद्दों को संबोधित करने के लिए अनुकूलित किया गया है। जो सभी ग्राहकों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करता है।

**पारंपरिक से इंटरनेट ऑफ थिंग्स यानी आईओटी-सक्षम प्रणालियों तक जल शोधक यानी वाटर फिल्टर का विकास क्या रहा है। और इस परिवर्तन में ड्रिंक प्राइम ने क्या भूमिका निभाई है?**

बाजार में पारंपरिक जल शोधक आमतौर पर जल निस्पंदन के लिए एक आकार-सभी के लिए उपयुक्त दृष्टिकोण का पालन करते हैं। उन्हें अक्सर नियमित रखरखाव और फिल्टर बदलने की आवश्यकता होती है। जो उपयोगकर्ताओं के लिए असुविधाजनक और समय लेने वाला हो सकता है। इंटरनेट ऑफ थिंग्स आईओटी-सक्षम जल शोधक जल शोधन प्रणालियों की अगली पीढ़ी की हैं। जो इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) के साथ एकीकृत हैं। ड्रिंकप्राइम में हम बिल्कुल यही करते हैं। हमारे वॉटर प्यूरिफायर को आईओटी तकनीक के साथ सहजता से एकीकृत किया गया है, जो ग्राहकों को सुविधाजनक और परेशानी मुक्त पेयजल अनुभव प्रदान करता है। ड्रिंकप्राइम मोबाइल ऐप के माध्यम से उपयोगकर्ता यह कार्य कर सकते हैं।

- उनके वाटर फिल्टर को रिचार्ज करें
- उनके पानी की खपत की निगरानी करें
- उनकी सदस्यता योजनाओं को समायोजित करें
- जल्दी से ड्रिंकप्राइम की सहायता टीम तक पहुंचें




## चीनी बच्चों में निमोनिया की रहस्यमय लहर के पीछे वजह क्या है?

**वैज्ञानिकों को श्वसन रोग में वृद्धि की उम्मीद थी, लेकिन चीन में जो हो रहा है, वह असामान्य है**

**चीनी** बच्चों में निमोनिया सहित श्वसन संबंधी बीमारियों में तेजी से वृद्धि हो रही है। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का कहना है कि अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या में बढ़ोतरी के पीछे कोई नई बीमारी न हो कर यह एक सामान्य शीतकालीन संक्रमण है। ध्यान रहे कि 2020 में महामारी शुरू होने के बाद से पहली बार चीन में किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं है।

यही कारण है कि विशेषज्ञों ने इस सर्दी में संक्रमण बढ़ने की आशंका जताई थी। हालांकि 2020 की महामारी के विज्ञानियों का कहना है कि चीन में निमोनिया का उच्च प्रसार अवश्य असामान्य है। वहीं दूसरी ओर जब अन्य देशों में कोविड-19 प्रतिबंधों में ढील दी गई थी तब इन्फ्लूएंजा और रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस (आरएसवी) के कारण बीमारी में बढ़ोतरी देखी गई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पिछले सप्ताह चीन के स्वास्थ्य अधिकारियों से प्रयोगशाला के परिणामों और श्वसन संबंधी बीमारियों के प्रसार के हालिया रुझानों के आंकड़े देने का अनुरोध किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार गत 23 नवंबर के एक बयान में डब्ल्यूएचओ ने कहा कि चीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने अक्टूबर के बाद से अस्पताल में भर्ती होने की संख्या में वृद्धि के लिए एडेनोवायरस, इन्फ्लूएंजा वायरस और आरएसवी जैसे ज्ञात रोगजनकों को जिम्मेदार ठहराया है, जो केवल हल्के, सर्दी जैसे लक्षणों का कारण बनते हैं। हालांकि, मई के बाद से, विशेष रूप से बीजिंग जैसे उत्तरी शहरों में अस्पताल में भर्ती होने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि मुख्य रूप से माइकोप्लाज्मा निमोनिया के कारण हुई है। यह एक जीवाणु है और यह फेफड़ों को संक्रमित करता है। यह वॉकिंग निमोनिया का एक सामान्य कारण है। यह बीमारी का एक रूप है जो आमतौर पर अपेक्षाकृत हल्का होता है। और इसमें बिस्तर पर आराम करने या अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती है, लेकिन इस साल यह बच्चों को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है।

-साभार-डीटीई

## संक्षिप्त समाचार

### युगांडा टी-20 विश्वकप के लिए क्वालीफाई

**विंडहोक।** युगांडा ने गुरुवार को यहां रवांडा को नौ विकेट से हराकर अगले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए क्वलीफाई कर लिया। युगांडा मौजूदा अफ्रीकी क्वालीफायर के जरिए मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाने वाली नामीबिया के बाद दूसरी टीम है। रवांडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.5 ओवर में सिर्फ 65 रन पर सिमट गई। युगांडा ने 8.1 ओर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। युगांडा टी-20 विश्वकप में खेलने वाला पांचवां अफ्रीकी देश बनेगा। वहीं जिंबाब्वे मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाने में नाकाम रहा। अफ्रीकी क्वालीफायर के बाद टी-20 विश्वकप की 20 टीम तय हो गई हैं।

### अधिक लोगों के खेलों से जुड़ने की जरूरत: बिंद्रा

**बेंगलुरु।** ओलंपिक पदक विजेता अभिनव बिंद्रा का मानना है कि सिर्फ एलीट खिलाड़ियों में निवेश करने से भारत खेल महाशक्ति नहीं बनेगा और अगर देश को ओलंपिक में अपने पदकों की संख्या को दोहरे अंक में पहुंचाना है तो अधिक लोगों को खेलों से जुड़ना होगा। भारत के शीर्ष खिलाड़ियों को पिछले कुछ समय में सरकार और कारपोरेट घरानों से काफी वित्तीय समर्थन मिला है, क्योंकि शीर्ष खिलाड़ियों को विदेशों में ट्रेनिंग का मौका मिल रहा है और वे शीर्ष सहयोगी स्टाफ के साथ काम कर रहे हैं। बिंद्रा ने यहां आरसीबी इनोवेशन लैब लीडर्स मीट के दौरान कहा, अगर आप 50 (ओलंपिक पदक) जीतना चाहते हैं तो यह सिर्फ एलीट खिलाड़ियों पर पैसा लगाने से नहीं होगा। इसके लिए आपको खेलों से अधिक लोगों को जोड़ने की जरूरत पड़ेगी। बीजिंग एलंपिक 2008 की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के स्वर्ण पदक विजेता बिंद्रा ने कहा कि भारत ऐसी स्थिति में है जहां खेलों को अब जन आंदोलन बनना चाहिए।

### सभी एनएसएफ ने तैयार की होगी विस्तृत योजना

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने गुरुवार को उम्मीद जताई कि सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) ने पेरिस खेलों में जाने वाले खिलाड़ियों की ट्रेनिंग सह प्रतियोगिता का खाका तैयार कर लिया होगा क्योंकि उनकी सफलता के लिए उचित योजना बनाना महत्वपूर्ण है। उषा ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति में कहा, उचित योजना बनाना महत्वपूर्ण है जिससे कि ओलंपिक खेलों से पहले तैयारी के सभी पहलुओं का ध्यान रखा जा सके। ओलंपिक से पहले डोपिंग उल्लंघन से बचने के लिए आईओए अपने कोर समूह के खिलाड़ियों को डोपिंग रोधिंग नियमों पर शिक्षित करने के लिए विशेष सेमिनार का आयोजन भी करेगा।

# फाइनल में हार के बाद ड्रेसिंग रूम में खूब रोए थे रोहित-विराट

## अपने यूट्यूब चैनल पर बोले अश्विन-दिल तोड़ने वाला था उस रात का माहौल

एजेंसी। चेन्नई





**ऑफ** स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि हाल में वनडे विश्वकप के अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ड्रेसिंग रूम में अपने आंसुओं को नहीं रोक पाए थे।

भारत की हार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय ड्रेसिंग रूम में गए थे और उन्होंने रोहित और कोहली का हौसला बढ़ाने की कोशिश की थी। लेकिन अश्विन ने कहा कि ड्रेसिंग रूम का माहौल दिल तोड़ने वाला था।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर पूर्व क्रिकेटर सुब्रमण्यम बद्रीनाथ के साथ बातचीत करते हुए कहा, हां, हम दर्द महसूस कर रहे थे। रोहित और विराट की आंखों में आंसू थे और यह देखकर बहुत बुरा लग रहा था। कुछ भी हो ऐसा नहीं होना चाहिए था। यह टीम बेहद अनुभवी थी और हर कोई जानता था कि क्या करना है। भारत भले ही विश्वकप नहीं जीत पाया लेकिन कोहली और रोहित ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया। अश्विन ने एक बल्लेबाज और कप्तान के रूप में रोहित की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा, अगर आप भारतीय क्रिकेट पर गौर करो, तो हर कोई यही कहेगा कि महेंद्र सिंह धोनी सर्वश्रेष्ठ कप्तान है, लेकिन रोहित शर्मा भी बेजोड़ इंसान है, वह टीम में शामिल प्रत्येक खिलाड़ी के बारे में अच्छी समझ रखता है। अश्विन ने कहा, उसे प्रतएक खिलाड़ी की पसंद और नापसंद का पता है और उसकी समझ बहुत अच्छी है। प्रत्येक खिलाड़ी को अच्छी तरह से समझने के लिए वह अपनी तरफ से प्रयास करता है। अश्विन ने पूरे विश्वकप में केवल एक मैच खेला।

### विजयी टीम में बदलाव नहीं होता आसान

अश्विन से पूछा गया कि रोहित ने उन्हें फाइनल में अंतिम एकादश में शामिल क्यों नहीं किया तो उन्होंने कप्तान का समर्थन किया और कहा कि विजई टीम में बदलाव करना आसान नहीं होता है। उन्होंने कहा, जहां तक मेरा फाइनल में खेलने का सवाल है तो टीम का संयोजन महत्वपूर्ण होता है बाकी चीज बाद में आती हैं। यह किसी और की जगह खड़े होकर चीजों को उसके नजरिए से देखने से जुड़ा है। अगर मैं रोहित की जगह होता तो मैं भी लगातार जीत हासिल कर रही टीम में बदलाव करने से पहले 100 बार सोचता। अश्विन ने कहा, टीम में सब कुछ सही चल रहा था तो फिर क्यों एक तेज गेंदबाज को विश्राम देकर तीन स्पिनरों को खिलाया जाए। ईमानदारी से कहूं तो मैं रोहित की सोच को समझता था।

# सैयद मोदी बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे प्रियांशु

एजेंसी। लखनऊ

**प्रियांशु** राजावत गुरुवार को यहां सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय रहे जबकि महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहीं।

इस साल ऑरलियंस मास्टर्स का खिताब जीतने वाले प्रियांशु दूसरे दौर के मैच में हमवतन सतीश कुमार करुणाकरण से 18-21 6-11 से पिछड़ रहे थे। सतीश के आधे मैच से हट जाने के कारण प्रियांशु आगे बढ़ने में सफल रहे। विश्व में 31वें नंबर के खिलाड़ी प्रियांशु का अगला मुकाबला इंडोनेशिया के क्वाालीफायर अल्वी फरहान से होगा। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता चौथी वरीयता प्राप्त त्रीसा और गायत्री ने हमवतन धन्या नंदकुमार और रिद्धि कौर तूर को 21-9, 21-5 से हराया और अब उनका सामना एक अन्य भारतीय जोड़ी से होगा। पुरुष एकल में कम से कम 10 भारतीय खिलाड़ी भाग ले रहे थे। विश्व में 40वें नंबर के खिलाड़ी किरण जॉर्ज ने ताइवान के विश्व में 36वें नंबर के खिलाड़ी चिया हाओ ली 16-21 21-18 20-22 से हारने से पहले कड़ी चुनौती पेश की। महिला वर्ग में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन और अधिक निराशाजनक रहा क्योंकि 11 खिलाड़ियों में से कोई भी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाई। इस सत्र में मालदीव अंतरराष्ट्रीय का खिताब जीतने वाली अस्मिता चालिहा को तीसरी वरीयता प्राप्त अया ओहोरी ने 21-7 21-13 से हराया, जबकि हरियाणा की 16 वर्षीय उन्नति हुड्डा जापान की पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा से 9-21 13-21 से और जननी अनंत कुमार मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से 15-21 12-21 से हार गई।

### हरियाणा की उन्नति हुड्डा जापान की ओकुहारा से हारीं

आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथा टी-20 आज

# भारत की नजरें सीरीज जीतने पर

## दीपक चाहर और अय्यर की वापसी, युवा गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

एजेंसी। रायपुर



**भारतीय** टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उतरेगी तो ग्लेन मैक्सवेल की गैर मौजूदगी का फायदा उठाते हुए युवा गेंदबाज डैथ ओवरों में बेहतर प्रदर्शन की कोशिश करेंगे।

तीसरे मैच में भारत के दूसरे दर्जे के गेंदबाज आखिरी दो ओवरों में 43 रन बनाने से भी आस्ट्रेलिया को रोक नहीं सके। आस्ट्रेलिया ने 223 रन का विशाल लक्ष्य हासिल करके मैच जीता। प्रसिद्ध कृष्णा ने चार ओवरों में 68 और आखिरी ओवर में 21 रन दे डाले। दीपक चाहर की टीम में वापसी हुई है और वह नई गेंद से उपयोगी साबित हो सकते हैं। वहीं एक मैच के ब्रेक के बाद डैथ ओवरों के विशेषज्ञ मुकेश कुमार भी टीम में लौटे हैं। प्रसिद्ध और आवेश खान के पास विविधता और नएपन का अभाव दिखा। दोनों ने 130 या 140 की रफ्तार से गेंदबाजी की लेकिन गेंद की लैंग्थ में विविधता नहीं ला सके जिससे बल्लेबाज के लिए उसे भांपना आसान हो गया।

इसके अलावा दोनों प्रभावी यॉर्कर डालने में भी नाकाम रहे। बल्लेबाजी में श्रेयस अय्यर की वापसी के मायने हैं कि तिलक वर्मा को बाहर रहना पड़ सकता है चूंकि यशस्वी जायसवाल, रूतुराज गायकवाड़, ईशान किशन, कप्तान सूर्यकुमार यादव और फिनिशर रिंकू सिंह का चयन तो तय है।

भारतीय टीम मैक्सवेल की कमी का फायदा उठाने की कोशिश करेगी जिन्होंने अपने दम पर आस्ट्रेलिया को तीसरा मैच जिताया था। उन्होंने 48 गेंद में 104 रन की नाबाद पारी खेली थी। स्टीव स्मिथ और एडम जम्पा भी स्वदेश लौट चुके हैं, वे विश्व कप टीम में भी थे और भारत में प्रवास काफी लंबा हो गया था। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने टी20 विश्व कप से पहले कार्यभार प्रबंधन और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए अपने कई शीर्ष खिलाड़ियों को इस श्रृंखला से फारिग कर दिया है। अब भारतीय गेंदबाजों के सामने टिम डेविड, जोश फिलीप और बेन मैकडरमोट की चुनौती होगी जो पिछले पांच छह सप्ताह में सीमित ओवरों के क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

इनके अलावा विश्व कप फाइनल में यादगार पारी खेलने वाले ट्रेविस हेड और अनुभवी कप्तान मैथ्यू वेड भी टीम में हैं। गुवाहाटी की तरह यहां भी ओस की भूमिका अहम होगी और टॉस जीतने वाला कप्तान लक्ष्य का पीछा करना चाहेगा। इससे पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को दूसरी पारी में गीली गेंद से जूझना होगा। भारत के युवा बल्लेबाजों यशस्वी, ईशान किशन, रिंकू सिंह, तिलक वर्मा और खुद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जरूरत के समय अच्छी पारियां खेली हैं। रुतुराज गायकवाड़ ने तीसरे मैच में 57 गेंद में 123 रन बनाए।

### दोनों टीम के खिलाड़ी

भारत: सूर्यकुमार (कप्तान), रुतुराज, ईशान, यशस्वी, तिलक वर्मा, रिंकू, जितेश, वाशिंगटन सुंदर श्रेयस, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, कृष्णा, आवेश खान, मुकेश, दीपक चाहर।

ऑस्ट्रेलिया: मैथ्यू वेड (कप्तान), हार्डी, बेहरेनडोर्फ, सीन एबट, टिम डेविड, नाथन एलिस, ट्रेविस हेड, इंग्लिस, संघा, मैट शॉर्ट, फिलीप, रिचर्डसन, क्रिस ग्रीन, मैकडरमोट।

मैच: शाम 7:00 से

# आईलीग खिलाड़ियों से मैच फिक्सिंग के लिए संपर्क

## एआईएफएफ ने जांच का वादा किया

एजेंसी। नई दिल्ली

I-LEAGUE

**अखिल** भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बृहस्पतिवार को कहा कि कई आई लीग खिलाड़ियों से हाल ही में मैचों में हेराफेरी के लिए संपर्क किया गया। एआईएफएफ ने मामले की जांच का वादा किया है।

एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने यह नहीं बताया कि उन्हें यह सूचना कैसे मिली, किन खिलाड़ियों से और किसने संपर्क किया लेकिन कहा कि महासंघ खेल में नैतिकता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने एक बयान में कहा, हमें सूचना मिली है कि खिलाड़ियों से संपर्क किया गया। हम मामले की जांच करेंगे और जरूरी कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा , हम इस खूबसूरत खेल और अपने खिलाड़ियों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस तरह का कोई प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जिससे खिलाड़ियों या खेल को खतरा हो। आईलीग 2023 सत्र अक्टूबर में शुरू हुआ और 13 टीमों की स्पर्धा में 40 से अधिक मैच हो चुके हैं। भारतीय फुटबॉल में भ्रष्टाचार की घटना नई नहीं है।

2018 में एआईएफएफ ने आधिकारिक तौर पर कहा था कि आईलीग में मिनर्वा पंजाब फुटबॉल क्लब के खिलाड़ियों से मैच फिक्सिंग के लिए संपर्क किए जाने की जांच चल रही है। पिछले साल नवंबर में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने देश में फुटबॉल मैचों में कथित मैच फिक्सिंग को लेकर प्रारंभिक जांच दर्ज की थी। इसमें सीबीआई ने विभिन्न फुटबॉल क्लबों के बारे में एआईएफएफ से दस्तावेज जमा किए थे।

### आर्सनल चैंपियंस लीग के अगले दौर में

**जिनेवा।** आर्सनल ने लेंस को 6-0 से हराकर ग्रुप में शीर्ष रहते हुए चैंपियंस लीग फुटबॉल के अगले दौर में प्रवेश कर लिया जबकि मैनचेस्टर युनाइटेड आखिरी स्थान पर रहा। दूसरे स्थान पर काबिज पीएसवी इंडोवेन भी ग्रुप बी से अंतिम 16 में पहुंच गई। पीएसवी ने सेविला को 3-2 से हराया।

अब 16 दिसंबर से शुरू होने वाले अंतिम 16 मुकाबलों के लिए 12 टीमों की पुष्टि हो चुकी है। मैनचेस्टर युनाइटेड बाहर होने की कगार पर है। मैनचेस्टर युनाइटेड ने गालाटासारे से 3-3 से ड्रॉ खेला। उसे इससे पहले बायर्न म्युनिख और कोपेनहेगन ने हराया था। ग्रुप सी में रीयाल मैड्रिड ने नपोली को 4-2 से मात दी। बायर्न ने कोपेनहेगन से और रीयाल सोशिदाद ने साल्जबर्ग से गोलरहित ड्रॉ खेला। इंटर मिलान ने ग्रुप डी में बेनफिका से 3 -3 से ड्रॉ खेला। ब्रागा और यूनियन बर्लिन का मैच भी 1-1 से ड्रॉ रहा।

# स्टोक्स ने कराई बाएं पैर की सर्जरी

## भारत में टेस्ट श्रृंखला के लिए फिट होने की कवायद

एजेंसी। लंदन



**अगले** साल जनवरी में भारत में होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए फिट रहने की कवायद में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपने बाएं पैर की सर्जरी कराई है।

32 वर्ष के स्टोक्स इस साल आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले तीन एशेज टेस्ट में गेंदबाजी नहीं कर सके थे और विश्वकप में भी बतौर बल्लेबाज ही खेले थे। उन्होंने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि वह विश्व कप के बाद आपरेशन कराएंगे। स्टोक्स ने लंदन के क्रोमवेल हॉस्पिटल के बाहर बैसाखियों के सहारे खड़े अपनी तस्वीर सोशल मीडिया पर डालते हुए लिखा, भीतर और बाहर। अंडर द (नाइफ इमोजी) डन। रिहैब शुरू। भारत में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला 25 जनवरी को हैदराबाद में शुरू होगी। इससे पहले इंग्लैंड टीम यूएई में दो सप्ताह अभ्यास शिविर में भाग लेगी।

### आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी

स्टोक्स ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह 2024 आईपीएल नहीं खेलेंगे ताकि कार्यभार और फिटनेस का ध्यान रख सकें। वह आईपीएल 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स के सबसे महंगे खिलाड़ी थे लेकिन चोट के कारण दो ही मैच खेल सके।

# पीसीबी ने कप्तान मसूद का ग्रेड बढ़ाया

**लाहौर।** पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान शान मसूद का करार बृहस्पतिवार को डी श्रेणी की बजाय बी श्रेणी का कर दिया गया। उनकी कप्तानी में टीम टेस्ट श्रृंखला खेलने आस्ट्रेलिया रवाना हो गई।

बाबर आजम के कप्तानी से हटने के बाद 34 वर्ष के मसूद को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023- 25 चक्र के खत्म होने तक 15 नवंबर को टेस्ट कप्तानी सौंपी गई थी। पीसीबी ने एक बयान में कहा , पीसीबी ने पाकिस्तानी टेस्ट कप्तान शान मसूद का केंद्रीय करार डी की बजाय बी श्रेणी का कर दिया है। बोर्ड की यह नीति है कि ए या बी श्रेणी से नीचे के करार वाला क्रिकेटर अगर कप्तान बनता है तो कप्तान रहने तक उसका करार बी श्रेणी का होगा।

# अमित पंघाल और थापा सेमीफाइनल में

## राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप

एजेंसी। शिलांग



**विश्व** चैंपियनशिप के उपविजेता अमित पंघाल (51 किलो) और 2021 एशियाई चैंपियन संजीत (92 किलो) ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और एसएससीबी के 12 मुक्केबाजों ने पुरुषों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिवा थापा भी अंतिम चार में पहुंच गए। उन्होंने दिल्ली के शशांक प्रधान को 5-0 से हराया और अब उनका सामना महाराष्ट्र के हरिवंश तिवारी से होगा। पंघाल ने जम्मू कश्मीर के मोहम्मद आरिफ को सर्वसम्मति से लिए गए फैसले पर हराया। अब उनका सामना आरएसपीबी के अंकित से होगा। संजीत ने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता आरएसपीबी के नमन तंवर को 92 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में हराया। अब उनका सामना अखिल भारतीय पुलिस के विकी से होगा। एसएससीबी के बरूण सिंह (48 किलो), पवन (54 किलो), सचिन (57 किलो), आकाश (60 किलो), वंशज (63.5 किलो), रजत (67 किलो), आकाश (71 किलो), दीपक (75 किलो), लक्ष्य (80 किलो) और जुगनू (86 किलो) ने भी सेमीफाइनल में जगह बनाई। राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता सागर (92 प्लस किलो) ने चंडीगढ के नवजोत सिंह को मात दी।

# शंटो के नाबाद शतक से बांग्लादेश को बढ़त

**सिलहट।** नजमल हुसैन शंटो कप्तान के रूप में अपने पहले मैच में ही शतक जड़ने वाले बांग्लादेश के पहले क्रिकेटर बने, जिससे उनकी टीम ने गुरुवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी पकड़ मजबूत कर ली।

शंटो के नाबाद 104 रन की मदद से बांग्लादेश ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट पर 212 रन बनाए थे और उसने 205 रन की बढ़त हासिल कर ली थी। शंटो के साथ चौथे विकेट के लिए 96 रन जोड़ने वाले मुशफिकुर रहीम 43 रन बना कर खेल रहे थे। बांग्लादेश ने अपने दोनों सलामी बल्लेबाज 26 रन तक गंवा दिए थे। इसके बाद शंटो ने कप्तानी पारी खेली। बाएं हाथ के स्पिनर अयाज पटेल ने जाकिर हसन (17) को आउट किया जबकि पहली पारी में 86 रन बनाने वाले महमूदुल हसन (08) रन आउट हुए। इसके बाद शंटो और मोमिनुल हक ने तीसरे विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी की।

# जूनियर हॉकी विश्वकप में भारत का शानदार आगाज

## मुमताज खान ने चार अन्नु और दीपिका ने दागे तीन-तीन गोल

### पहले मुकाबाले में कनाडा को 12-0 से रौंदा

एजेंसी। सैंटियागो



**भारतीय** टीम ने एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप में कनाडा को 12-0 से हराकर शानदार शुरूआत की। भारत के लिए मुमताज खान ने चार (26वां, 41वां, 54वां और 60वां) , अन्नु (चौथा, छठा, 39वां मिनट) और दीपिका सोरेंग (34वां, 50वां और 54वां) ने तीन-तीन गोल किए। डिप्पी मोनिका टोप्पो ने 21वें मिनट में और नीलम ने 45वें मिनट में गोल दागे।

भारत ने आक्रामक शुरुआत की और जल्दी ही अन्नु ने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागकर बढ़त दिला दी। दो गोल करने के बावजूद भारत ने आक्रामक खेल जारी रखा और पहले क्वार्टर तक बढत 2-0 की बनी रही। दूसरे क्वार्टर में भी भारत का दबदबा रहा। डिप्पी और मुमताज ने इसका फायदा उठाकर एक एक फील्ड गोल दाग दिया। इस बीच कनाडा को मिला पेनल्टी कॉर्नर बेकार गया। हाफटाइम तक भारत के पास चार गोल की बढ़त थी। दूसरे हाफ में दीपिका ने पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किया जिसके बाद अन्नु ने भी हैटिक पूरी की। मुमताज ने अपना दूसरा गोल भी दागा। वहीं नीलम ने पेनल्टी को गोल में बदलकर भारत की बढ़त 8-0 की कर दी। आखिरी क्वार्टर में दीपिका और मुमताज ने गोल दागे। भारत का सामना शुक्रवार को जर्मनी से होगा।

# पांच देशों के टूर्नामेंट में भारत की कमान संभालेंगे हरमनप्रीत

### 15 से 22 दिसंबर तक स्पेन में होगा आयोजन

एजेंसी। नई दिल्ली



**अनुभवी** ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह 15 से 22 दिसंबर तक स्पेन के वालेंशिया में होने वाले पांच देशों के टूर्नामेंट में भारत की 24 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगे।

टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। सुमित और अमित रोहिदास उपकप्तान होंगे। यह टूर्नामेंट 2023-24 हॉकी प्रो लीग सत्र की तैयारी के लिए अहम होगा। इसमें भारत का सामना स्पेन, जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम से होगा। गोलकीपिंग में पीआर श्रीजेश और कृशन बी पाठक के साथ सूरज करकेरा भी होंगे। डिफेंस की कमान हरमनप्रीत, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, रोहिदास, वरूण कुमार, सुमित , संजय और नीलम संजीप सेस के हाथ में होगी। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि इस टूर्नामेंट से युवाओं को दुनिया की शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने का दबाव अनुभव करने का मौका मिलेगा। उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा , हमारे पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों सहित संतुलित टीम है। टूर्नामेंट में हमें विभिन्न चीजें आजमाने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही युवा खिलाड़ियों को दुनिया की श्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खेलने का दबाव अनुभव करने का मौका भी मिलेगा। उन्होंने कहा , पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले अगले चार महीने काफी अहम हैं और हमें कदम दर कदम आगे बढ़ना होगा।

### भारतीय टीम

**गोलकीपर :** पीआर श्रीजेश, कृशन बहादुर पाठक, सूरज करकेरा

**डिफेंडर :** हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास, वरूण कुमार, सुमित , संजय और नीलम संजीप सेस

**मिडफील्डर :** यशदीप सिवाच, विवेक सागर प्रसाद, नीलाकांता शर्मा, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, रविचंद्र सिंह मोइरांगथम

**फॉरवर्ड :** मनदीप, अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित उपाध्याय, कार्ति सेल्वम, दिलप्रीत सिंह, आकाशदीप सिंह।